वर्ष : 16 अंक : 173 लखनऊ बुधवार, 26 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम

| | |
|---|---|
| सूर्योदय | 05:14 |
| सूर्यास्त | 07:04 |
| अधिकतम | 36:00° |
| न्यूनतम | 27:00° |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **



एक्ट्रेस करिश्मा कपूर ने सेलिब्रेट किया अपना 50वां बर्थडे

10

वायु प्रदूषण से लाखों मौतों के लिये कौन... 6 | ऑनलाइन 96 श्रमिक, ऑफ लाइन मिले सिर्फ तीन 7 | कांग्रेस में चेहरे बदले, लेकिन चरित्र नहीं 12

### प्रदेश परीक्षाओं को पारदर्शी व शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए योगी सरकार ने उठाया बड़ा कदम

# पेपर लीक किया तो उम्रकैद व एक करोड़ जुर्माना

## परीक्षाओं में अनुचित साधनों व पेपर लीक की रोकथाम 2024 अध्यादेश को कैबिनेट की मंजूरी

## सीएम की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में कुल 44 प्रस्तावों में से 43 को मिली स्वीकृति

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए योगी सरकार ने एक और अहम कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी प्रदान की गई है। इस अध्यादेश के तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सजा के कड़े प्राविधान सम्मिलित किए गए हैं जिनमें 2 साल से लेकर आजीवन कारावास तक का दंड और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार पहले भी पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़े कदम उठा चुकी है और अब इस अध्यादेश को इसी क्रम में एक और बड़ा कदम माना जा रहा है।

लोकभवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने मंजूर किए गए प्रस्तावों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। वित्त मंत्री ने बताया कि पेपर लीक के संबंध में मंत्रिपरिषद के द्वारा अध्यादेश के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है, जिसमें यदि कोई संस्था या उससे जुड़े लोग पकड़े जाएंगे तो उन्हें 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्राविधान किया गया है।



उन्होंने बताया कि अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उत्तर प्रदेश बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था भी इसमें सम्मिलित हैं। यह अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमितीकरण या पदोन्नती करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके अंतर्गत फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना इत्यादि दंडनीय अपराध बनाए गए हैं। अधिनियम के प्राविधानों के उल्लंघन पर अध्यादेश के अंतर्गत दोषियों को 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा, जबकि एक करोड़ रुपए के जुर्माने का प्राविधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार को सॉल्वर गिरोह से वसूलने तथा परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली संस्था तथा सेवा प्रदाताओं को सदैव के लिए ब्लैक लिस्ट करने का भी प्राविधान किया गया है। अधिनियम में अपराध की दशा में संपत्ति की कुर्की भी प्राविधानित की गई है। इसके तहत समस्त अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय एवं अशमनीय बनाए गए हैं। जमानत के संबंध में भी कठोर प्राविधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विधानसभा का सत्र न होने के कारण बिल के स्थान पर अध्यादेश का प्रस्ताव किया गया है। मंत्रिपरिषद के द्वारा प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद अध्यादेश की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा और इसके बाद इसे लागू किया जाएगा।

### तीन विकास प्राधिकरणों का किया गया सीमा विस्तार

योगी सरकार ने वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद विकासा प्राधिकरणों के विस्तार के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत इन विकास प्राधिकरणों में कई राजस्व गांवों को सम्मिलित किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि तीन प्राधिकरणों के सीमा विस्तार का भी निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत वाराणसी विकास प्राधिकरण में 215 राजस्व गांव सम्मिलित किए गए हैं। वहीं बरेली विकास प्राधिकरण में भी 35 राजस्व गांव शामिल किए गए हैं। इसी तरह मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में 71 राजस्व गांवों को सम्मिलित किया गया है।

### मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम को भी मिली मंजूरी

योगी कैबिनेट ने मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत पर्यटन विभाग शोधार्थियों का चयन करेगा जो प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ इस क्षेत्र में हो रहे निवेश को गति प्रदान करेंगे। साथ ही निवेशकों को आ रही समस्याओं को निस्तारित कराने में भी भूमिका निभाएंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ये शोधार्थी पर्यटन विभाग से जुड़ी योजनाओं के पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं पारिस्थितिकीय स्थलों के सर्वांगीण विकास, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का मूल्यांकन, मेले व महोत्सव की योजनाओं को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## राहुल गांधी लोकसभा में होंगे कांग्रेस संसदीय दल के नेता

### कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने बैठक के बाद दी जानकारी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 18वीं लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता बनाये गये हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर मंगलवार की शाम संसद में विपक्षी गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों को यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा में श्री गांधी को सदन में कांग्रेस का नेता नियुक्त किया है और इसकी जानकारी प्रोटेम स्पीकर भतृहरि महताब को दे दी गई है। गौरतलब है कि श्री गांधी को पिछले दिनों पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति ने लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने का अनुरोध किया था। कांग्रेस के निर्धारित 55 सीटों से कम सदस्य होने के कारण 16वीं और 17वीं लोकसभा में विपक्ष का नेता का दर्जा नहीं दिया गया था। श्री गांधी को लोकसभा चुनाव से पहले भले ही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया था, लेकिन चुनाव में वही पार्टी के प्रमुख चेहरा थे। उनकी भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा तथा चुनाव प्रचार के दौरान संविधान बचाओ अभियान के कारण पार्टी को इस चुनाव में जबरदस्त फायदा हुआ है। लोकसभा के लिए रायबरेली संसदीय सीट से निर्वाचित श्री गांधी आज जब लोकसभा में शपथ ले रहे थे तो वह हाथ में संविधान की प्रति भी लेकर आए थे और उनकी संविधान बचाओ मुहिम का संसद में शपथ लेते समय पार्टी के कई अन्य सदस्यों ने भी अनुकरण करते हुए शपथ लेते समय संविधान की प्रति हाथ में रखी।

## 12 जिलों के डीएम समेत 20 आईएएस के तबादले

### हटाए गए अधिकतर डीएम को बनाया गया विशेष सचिव

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश के 12 जिलों में नए जिलाधिकारियों की तैनाती देने के साथ ही 20 आईएएस अफसरों के तबादले मंगलवार को किए गए हैं। जिलों से हटाए गए अधिकतर आईएएस अफसरों को विशेष सचिव के पद पर तैनात किया गया है।

अनुज सिंह डीएम सीतापुर से डीएम मुरादाबाद, अभिषेक आनंद डीएम चित्रकूट से डीएम सीतापुर, दुर्गा शक्ति नागपाल डीएम बांदा से डीएम लखीमपुर खीरी बनाई गई हैं। नगेंद्र प्रताप विशेष सचिव आयुष विभाग एवं प्रभारी महानिदेशक आयुष से डीएम बांदा, शिवशरणप्पा जीएन नगर आयुक्त कानपुर से डीएम चित्रकूट, रवीश गुप्ता अपर महानिरीक्षक निबंधन एवं विशेष सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन से डीएम बस्ती बनाए गए हैं।



» अभिषेक आन्नद सीतापुर के नए डीएम बनाए गए

अजय कुमार द्विवेदी विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से डीएम श्रावस्ती, मधुसूदन हुल्गी अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान से डीएम कौशांबी, मनीष बंसल डीएम संभल से डीएम सहारनपुर बनाए गए हैं। राजेंद्र पेंसिया विशेष सचिव नगर विकास से डीएम संभल, आशीष कुमार उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण सहारनपुर से डीएम हाथरस और मेधा रूपम अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा से डीएम कासगंज बनाई गई हैं।

आंद्रा वामसी डीएम बस्ती से विशेष सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन व अपर महानिरीक्षक स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन व मानवेंद्र सिंह डीएम मुरादाबाद से अपर महानिदेशक आयुष बनाए गए हैं। सुधा वर्मा डीएम कासगंज से विशेष सचिव महिला कल्याण, डा. दिनेश चंद्रा डीएम सहारनपुर से विशेष सचिव चीनी उद्योग गन्ना विकास, महेंद्र कुमार डीएम लखीमपुर खीरी से विशेष सचिव नगर विकास बनाए गए हैं।

कृतिका शर्मा डीएम श्रावस्ती से विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं अपर निदेशक एसजीपीजीआई, राजेश कुमार राय डीएम कौशांबी से विशेष सचिव आवास एवं शहरी नियोजन, अर्चना वर्मा को डीएम हाथरस से विशेष सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बनाई गई हैं।

## स्पीकर पद पर घमासान तय, एनडीए व इंडिया ने जारी किया व्हिप

### लोकसभा अध्यक्ष के पद को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव, आज होगा चुनाव

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष के पद को लेकर एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन के बीच आम सहमति नहीं बन पाई है। नतीजन चुनाव की स्थिति बन गई है। एनडीए की तरफ से ओम बिरला और विपक्ष की तरफ से कांग्रेस सांसद के सुरेश आमने-सामने हैं। बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। इसके लिए दोनों अलायंस की तरफ से व्हिप भी जारी की गई है। दोनों अलायंस की तरफ से अपने सांसदों को स्पीकर के चुनाव में उपस्थित रहने को कहा गया है। चुनाव से पहले भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने विधायकों की अलग से मीटिंग भी बुलाई है। सूत्रों का कहना है कि मंगलवार को 7 सांसद शपथ नहीं ले पाए। इसलिए वे स्पीकर के चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।



लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए राजस्थान की कोटा संसदीय सीट से लगातार तीसरी बार जीतकर आये भाजपा के ओम बिरला ने एनडीए की ओर से जबकि कांग्रेस के केरल से जीतकर आये आठ बार के सांसद के सुरेश ने विपक्ष की ओर से नामांकन पत्र दायर किया है। हालांकि नामांकन के बाद ही टीएमसी ने कांग्रेस की आलोचना की और इसे कांग्रेस का एकतरफा फैसला करार दिया था। कांग्रेस ने मंगलवार को अपने सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर कहा कि वे लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान बुधवार को सुबह 11 बजे से सदन में उपस्थित रहें। सदन में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के. सुरेश द्वारा जारी व्हिप में कहा गया है कि बुधवार 26 जून 2024 को लोकसभा में बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया जाएगा। इसमें यह भी कहा गया है, ''लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे 26 जून 2024 को सुबह 11:00 बजे से सदन के स्थगन तक उपस्थित रहें और पार्टी के रुख का समर्थन करें।''

उधर, भाजपा ने भी अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर स्पीकर के चुनाव के लिए बुधवार को लोकसभा सत्र के दौरान उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। सूत्रों का कहना है कि स्पीकर चुनाव से पहले भाजपा और कांग्रेस अपने सांसदों के साथ अलग से मीटिंग भी कर सकते हैं। मीटिंग में बुधवार को होने वाले घटनाक्रम से पहले रणनीति पर चर्चा संभव है। संसदीय परंपराओं के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष को सर्वसम्मति से चुना जाता रहा है और यह पद सत्तापक्ष के पास रहता है जबकि उपाध्यक्ष पद अमूमन विपक्ष के पास रहता है। इसी परंपरा के तहत 18वीं लोकसभा के लिए अध्यक्ष पद को लेकर सत्ता पक्ष की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष से सर्वसम्मति बनाने के बारे में बातचीत की थी लेकिन विपक्ष की ओर से इसके बदले में उपाध्यक्ष पद उसे दिये जाने की मांग की गयी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सत्ता पक्ष ने सर्वसम्मति बनाने के लिए विपक्ष के सभी दलों से बात की है लेकिन विपक्ष ने इसके लिए उपाध्यक्ष पद की जो शर्त लगायी है वह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष किसी पार्टी विशेष के लिए नहीं बल्कि पूरे सदन के लिए होता है और यदि विपक्ष इसके लिए चुनाव की बात पर अड़ता है तो यह खेदजनक है।

## पांच साल बाद रूस जाएंगे पीएम मोदी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने रूस की यात्रा पर जा सकते हैं। खुद रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय ने इसकी जानकारी दी है। क्रेमलिन ने मंगलवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने रूस की यात्रा पर जाने वाले हैं। व्लादिमीर पुतिन के विदेश मामलों के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा की तैयारी की जा रही है, लेकिन उन्होंने कोई तारीख नहीं बताई। अगर दौरा होता है तो करीब पांच वर्षों में भारतीय प्रधानमंत्री का यह पहला रूस दौरा होगा। मोदी ने सितंबर 2019 में रूस का दौरा किया था।

उशाकोव ने कहा कि तारीख की घोषणा बाद में संयुक्त रूप से की जाएगी। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी की संभावित यात्रा पर भारतीय पक्ष की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है। पीएम मोदी आखिरी बार 2019 में रूस के दौरा पर गए थे। हालांकि अब पीएम मोदी की यात्रा की योजना वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए बनाई जा रही है। पुतिन ने इस साल मई में लगातार पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी जबकि नरेंद्र मोदी ने भी 9 जून को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।



» पुतिन के करीबी ने की घोषणा, तारीखों का ऐलान जल्द

## केजरीवाल को CBI ने तिहाड़ से किया गिरफ्तार

### संजय सिंह ने लगाया आरोप कि केजरीवाल के खिलाफ साजिश रच रही है सरकार

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को केंद्रीय एजेंसी सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को उनसे जेल में ही दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में पूछताछ की गई और उनके बयान रिकॉर्ड किए गए। AAP सांसद संजय सिंह का कहना है कि सीएम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की पूरी संभावना थी और इससे पहले उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने तिहाड़ जेल से गिरफ्तार कर लिया है। ईडी मामले में सुप्रीम कोर्ट में उनकी याचिका पर सुनवाई से पहले उन्हें गिरफ्तार किया गया है। उनकी याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी। दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में सीबीआई ने तिहाड़ जेल में ही सीएम केजरीवाल से पूछताछ की है। इसके बाद केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनका बयान रिकॉर्ड किया गया है। उन्हें कल बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा और एजेंसी उनकी कस्टडी मांगेगी।



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया है कि सरकार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बड़ी साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ सीबीआई ने झूठा मुकदमा गढ़ा है। AAP सांसद संजय सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की पूरी संभावना है। इससे पहले केंद्र की BJP सरकार ने CBI के साथ मिलकर केजरीवाल जी के खिलाफ झूठा मुकदमा तैयार करके उन्हें गिरफ्तार करने की साजिश रची है। संजय सिंह ने कहा, पूरा देश बीजेपी और केंद्र सरकार का अत्याचार और अन्याय देख रहा है। पूरा देश अरविंद केजरीवाल के साथ बीजेपी की ज्यादती के खिलाफ खड़ा है और एक साथ मिलकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएगा।

### पोर्श कांड वाले नाबालिग को हाई कोर्ट ने दे दी बेल

**मुंबई।** पुणे पोर्श कार हादसा मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने आरोपी किशोर को निगरानी गृह से रिहा करने का आदेश दिया है। डिवीजन बेंच ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि यह हादसा तो गंभीर था मगर हमारे हाथ बंधे हुए हैं। मालूम हो कि पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को 2 आईटी पेशेवरों की तब मौत हो गई थी, जब उनकी मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार पोर्श कार ने टक्कर मार दी थी। कार को कथित तौर पर नशे की हालत में किशोर चला रहा था। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य एलएन दानवाड़े की ओर से सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने सहित बहुत ही नरम शर्तों पर आरोपी को जमानत दे दी गई। इसके बाद इस मामले को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आक्रोश तेज हो गया।

## युवराज की दादी ने थोपा आपातकाल और पिता राजीव ने बताया था जरूरी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** होम मिनिस्टर अमित शाह ने आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर कांग्रेस और राहुल गांधी को निशाने पर लिया है। उन्होंने संसद में दिए पूर्व पीएम राजीव गांधी के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने आपातकाल को सही ठहराया था। एक तरफ उनकी दादी ने इस देश पर आपातकाल थोपा था तो वहीं पिता उसे सही ठहरा रहे थे। अमित शाह ने एक्स लिखा, 'कांग्रेस ने कई बार एक परिवार को सत्ता में रखने के लिए संविधान को कुचला था। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान इस देश के लोगों पर भीषण अत्याचार किए थे।' अमित शाह ने अपनी पोस्ट में राजीव गांधी के भाषणों का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया। इसके आगे वह लिखते हैं, 'कांग्रेस पार्टी के युवराज भूल गए हैं कि उनकी दादी



ने देश पर आपातकाल थोपा था। और उनके पिता ने 23 जुलाई, 1985 को लोकसभा में इस पर गर्व व्यक्त किया था। उनका कहना था कि इमरजेंसी लगाने में कुछ भी गलत नहीं था। यही नहीं उनका कहना था कि यदि किसी प्रधानमंत्री को लगता है कि देश में आपातकाल लगाना जरूरी है और वह उन स्थितियों में लगा नहीं पाता है तो फिर वह पीएम बनने के लिए फिट नहीं है।'

### लोकसभा में सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम पूरा

**नयी दिल्ली।** अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनकर आए सदस्यों का सदन में दो दिन तक चला शपथ ग्रहण कार्यक्रम मंगलवार को पूरा हो गया।



प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम के समापन के बाद सदस्यों से कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में कई सदस्यों ने नारे लगाए हैं जो परंपरा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा पहले नहीं रही है। उनका कहना था कि उन्होंने सदस्य के शपथ लेने के अलावा नारे लगाने तथा अन्य गतिविधियों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया है। श्री महताब ने कहा कि अभी कुछ और सदस्य शपथ लेने से रह गये हैं जिन्हें बाद में शपथ दिलाई जाएगी।

## पीएम मोदी को विपक्ष का एक और झटका, वोट से तय होगा स्पीकर

### लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सरकार और विपक्ष के बीच नहीं बन पाई सहमति, एनडीए प्रत्याशी ओम बिरला के सामने कांग्रेस सांसद के. सुरेश

अमलेंदु भूषण खां

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही नरेंद्र मोदी सरकार एक से एक मुसीबत का सामना कर रही है जबकि पिछले दो कार्यकाल में मोदी सरकार को किसी भी प्रकार की खास परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा था। मोदी के सामने जो चुनौती है, वह है लोकसभा अध्यक्ष की। लोकसभा स्पीकर को लेकर मोदी सरकार और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ गया है। मोदी सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष को लेकर अपना पत्ता नहीं खोला था। जैसे ही ओम बिरला का नाम सामने आया, वैसे ही विपक्ष सक्रिय हो गया। ओम बिरला को विपक्ष बिल्कुल पसंद नहीं करता है। स्पीकर पद के लिए 26 जून को सुबह 11 बजे वोटिंग होगी।

ओम बिरला ने 130 से अधिक सांसदों को 17वीं लोकसभा में सस्पेंड किया था जो कि संसद के इतिहास में पहली बार हुआ था। काफी चीज़ों पर चर्चा न होकर सीधे कानून बन गया। इसलिए विपक्ष ने ओम बिरला के कामकाज पर नकेल डालने के लिए यह कदम उठाया है। 18वीं लोकसभा के स्पीकर के चयन को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच आम सहमति नहीं बन पाई। अब स्पीकर का चयन चुनाव के माध्यम से होगा। देश के इतिहास में ऐसा दूसरी बार होने जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सरकार और विपक्ष के बीच सहमति नहीं बन पाई है। इसके बाद भाजपा सांसद ओम बिरला सरकार और कांग्रेस सांसद कोडिकुनिल सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस के



संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और द्रमुक नेता टीआर बालू लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए राजग उम्मीदवार का समर्थन करने से इनकार करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई। बता दें कि पिछली बार ओम बिरला ही लोकसभा के स्पीकर थे जबकि के. सुरेश आठ बार के सांसद रह चुके हैं। केवल स्पीकर पद को लेकर ही नहीं, इससे पहले प्रोटेम स्पीकर के पद को लेकर भी सरकार और विपक्ष के बीच विवाद देखा गया था जब सरकार ने भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बना दिया था। विपक्ष का आरोप था कि सरकार ने के. सुरेश की वरिष्ठता को नजरंदाज किया है।

इसी के साथ देश में लंबे समय से चली आ रही परंपरा टूट गई। दरअसल, पहले लोकसभा सत्र को छोड़ दें तो अब तक निचले सदन में अध्यक्ष सर्वसम्मति से ही चुना जाता रहा है। पिछली बार भी ऐसा ही हुआ था। हालांकि इस बार दोनों ओर से उम्मीदवारों के नामांकन के साथ ही सर्वसम्मति से इस पद पर होने वाले निर्वाचन की बीते 16 लोकसभा से जारी परंपरा टूट जाएगी। 15 मई 1952 को पहली लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव हुआ था। इस चुनाव में सत्ता पक्ष के जीवी मावलंकर उमीदवार थे। उनका मुकाबला शंकर शांतराम मोरे से हुआ था। मावलंकर के पक्ष में 394 वोट जबकि 55 वोट उनके खिलाफ पड़े थे। इस तरह मावलंकर आजादी से पहले देश के पहले लोकसभा स्पीकर बने थे। संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला के पक्ष में एनडीए के नेताओं ने 10 सेट में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और एनडीएके अन्य नेता मौजूद थे। वहीं, विपक्षी की ओर से कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए बिरला के खिलाफ 3 सेट में नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले राहुल गांधी ने कहा- कांग्रेस अध्यक्ष के पास स्पीकर के समर्थन के लिए राजनाथ सिंह का फोन आया था। विपक्ष ने साफ कहा है कि हम स्पीकर को समर्थन देंगे, लेकिन विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलना चाहिए। राजनाथ सिंह ने दोबारा फोन करने की बात कही थी, हालांकि अब तक कॉल नहीं आया।

राजनाथ सिंह ने संसद के बाहर मीडिया से कहा कि मैंने स्पीकर पद के समर्थन के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से तीन बार फोन पर बातचीत की है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल और डीएमके के टीआर बालू राजनाथ से मिले, लेकिन डिप्टी स्पीकर पर जवाब नहीं मिलने के बाद उनके ऑफिस से लौट आए।

### टेंट गिरा, बाल-बाल बचे ज्योतिरादित्य सिंधिया

**भेपाल।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले से एक बड़ी खबर आई है। यहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कार्यक्रम में बारिश से मंच का टेंट गिर गया। मंच का टेंट जब गिरा, तब सिंधिया मंच पर ही मौजूद थे, जिसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचे। घटना का वीडियो सामने आया है।



दरअसल, गुना से चुनाव जीतने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया पहली बार शिवपुरी आए थे। यहां उन्होंने रोड शो किया। इस दौरान माधव चौक पर सभा भी आयोजित की गई थी। शाम करीब 8 बजे यहां आंधी के साथ तेज बारिश होने लगी। बारिश के बीच सिंधिया मंच पर नेताओं के साथ हाथ जोड़कर अभिवादन कर रहे थे।

# लोकतंत्र की कुचलने की पराकाष्ठा थी इमरजेंसी: योगी

## आपातकाल पर काला दिवस विषयक संगोष्ठी और लोकतंत्र रक्षक सेनानी सम्मान कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री

» कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों से संविधान व लोकतंत्र को खतरा: सीएम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की आस्था कभी भी भारत के संविधान और लोकतंत्र में नहीं रही है। जब भी उसे मौका मिला, उसने संविधान का गला घोंटने और लोकतंत्र को कुचलने का कार्य किया है। जब मौका नहीं मिला तो उसने संविधान और लोकतंत्र की ही दुहाई देकर जनता को झूठी बातों से गुमराह किया। वास्तविकता यही है कि आज भी संविधान और लोकतंत्र को खतरा कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल उसके सहयोगी दलों से है।

सीएम योगी देश में 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल (इमरजेंसी) के पचासवें वर्ष में मंगलवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में भाजपा की जिला व महानगर इकाई की तरफ से आयोजित काला दिवस विषयक संगोष्ठी और लोकतंत्र रक्षक सेनानी सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। 28 लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 वर्ष पहले आज ही के दिन मध्य रात्रि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने भारतीय संसदीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय लिखा था। देश के संविधान का गला घोंटकर, आपातकाल लागू कर कांग्रेस ने लोकतंत्र को तहस नहस करने की कुचेष्टा की थी। इमरजेंसी लगाकर कांग्रेस ने नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए थे, न्यायालयों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया था। जिन लोगों ने इस तानाशाही रवैये के विरोध किया, उन्हें जेल में डालकर अमानवीय यातनाएं दी गईं। कांग्रेस के इस कृत्य से संविधान कराह उठा था, लोकतंत्र तड़प गया था। यह लोकतंत्र को कुचलने की पराकाष्ठा थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपातकाल में कांग्रेस का बर्बर चेहरा हम सभी को देखने को मिला था। उसने संविधान की मूल आत्मा कही जाने वाली प्रस्तावना में संशोधन करके उसकी आत्मा को नष्ट करने का प्रयास किया था। उस समय आवाज उठाने पर अटल बिहारी वाजपेयी, जय प्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, लाल कृष्ण आडवाणी समेत विपक्ष के सभी नेताओं और लोकतंत्र समर्थकोंको गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। सीएम ने कहा कि आज भी कांग्रेस पार्टी में भले ही चेहरा बदला हो लेकिन आज सत्ता से बाहर होकर भी



उसका मूल चरित्र वही है जो आपातकाल के समय था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को जब भी अवसर मिला उसने लोकतंत्र और संविधान का गला घोंटने से परहेज नहीं किया। स्वतंत्र भारत में जो संविधान एकता और एकात्मकता के लिए अंगीकार किया गया था, उसमें कुछ दिनों बाद ही जबरन धारा 370 लाकर कांग्रेस ने कश्मीर में आतंकवाद की नींव रख दी। तुष्टिकरण की पोषक धारा 370 नहीं होता तो कश्मीर में आतंकवाद और विस्थापन की समस्या नहीं होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1950 से लेकर 2014 तक कांग्रेस की सरकारों ने स्वार्थ पूर्ति के लिए 75 से अधिक संशोधन किए। कांग्रेस ने धारा 356 का इस्तेमाल कर 90 बार से अधिक राज्य सरकारों को बर्खास्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान व भावी पीढ़ी को कांग्रेस के कुकृत्य से अवगत कराने की जरूरत है ताकि फिर किसी पीढ़ी को आपातकाल की तरह अपनी जवानी होम न करनी पड़े। सीएम ने आज सम्मानित होने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के जज्बे को नमन करते हुए कहा कि उन्हें सम्मानित करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है।

सीएम योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का झूठ गढ़कर, फर्जी बॉन्ड का वादा कर जनता को गुमराह किया। हकीकत तो यह है कि जब भी मौका मिला कांग्रेस ने एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण को समाप्त करने का प्रयास किया। जबकि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में तुष्टिकरण के नाम पर एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण लागू नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग आज संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, लेकिन भारत के बाहर जाकर भारत के लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं। भारत के निर्वाचन आयोग, ईवीएम पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं। ये लोग भारत के बाहर जाकर भारत को और उसके लोकतंत्र को कोसते हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन में शामिल उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 1975 में देश के लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए जिन दलों के संस्थापकों, नेताओं ने आंदोलन किए, जेल की यातनाओं को सहा था, लोकतंत्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था, दुखद है कि उनकी वर्तमान पीढ़ी उसी कांग्रेस की गोद में बैठकर देश को फिर से कांग्रेस की तानाशाही, लोकतंत्र विरोधी और संविधान विरोधी नीतियों की ओर धकेलने का कुत्सित प्रयास कर रही है। कांग्रेस के सहयोगी दलों के पूर्वज आज कहीं से अपनी पार्टी के वर्तमान नेताओं को कांग्रेस के साथ देखते होंगे तो वे खून के आंसू पीने को मजबूर होते होंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी शीतल पांडेय ने आपातकाल से जुड़े अपने संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम में एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, विधायक विपिन सिंह, महेन्द्रपाल सिंह, राजेश त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ल, भाजपा महानगर महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, छोटेलाल मौर्य, मनोज शुक्ल, अच्युतानंद शाही आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### इन लोकतंत्र रक्षक सेनानियों का सीएम ने किया सम्मान

शीतल पांडेय, रमेश विश्वकर्मा, योगेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, डॉ. केशव सिंह, शिव प्रकाश अग्रवाल, राजाराम, दीप नारायण शुक्ला, सुरेश खन्ना, डॉ. महेश पाठक, राजकिशोर मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, भगवती सिंह, छेदी लाल, धनराज सिंह, शंभू सिंह श्रीनेत, राजेश गुप्ता, क्षत्रपति शुक्ला, हरिलाल चौरसिया, शेषनाथ सिंह,, बलदेव यादव, श्रीकृष्ण गुप्ता, नागेंद्र सिंह, रामेश्वर सिंह, नरेंद्र यादव, लालजी सिंह, अभिमन्यु शाही, हेमंत सिंह, विनय प्रणाचार्य, अभय पांडेय, अभिमन्यु सिंह, रामनरेश।

# कृषि फीडर के जरिए किसानों को 10 घंटे मुफ्त बिजली दे रही सरकार

» प्रदेश में 5 हजार से अधिक फीडरों को कृषि कार्यों के लिए उपयोग में लाया जाना प्रस्तावित

» प्रदेश में कुल 23226 फीडर, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में की जा रही 24 घंटे बिजली आपूर्ति

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** अन्नदाता किसान सीएम योगी की प्राथमिकता में हैं। किसानों से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन व उन्हें लागू करने पर उनका विशेष जोर रहता है। मार्च में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुई कैबिनेट मीटिंग में ट्यूबवेल से सिंचाई व कृषि कार्यों के लिए मुफ्त बिजली के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

वहीं बजट में भी योगी सरकार की ओर से मुफ्त सिंचाई के लिए 1100 करोड़ रुपये बजट की व्यवस्था की गई थी। इसे देखते हुए अप्रैल से किसानों को मुफ्त सिंचाई की सुविधा मिलने लगी है। योगी सरकार की ओर से कृषि कार्यों के लिए 2735 फीडर से 10 घंटे निःशुल्क बिजली दी जा रही है। जल्द ही कृषि फीडरों की संख्या 5 हजार से पार पहुंच जाएगी। गौरतलब है कि 14.21 लाख ट्यूबवेल धारक किसानों को फ्री बिजली दी जाती है।

उत्तर प्रदेश में कुल 23226 विद्युत फीडर हैं। इसमें से 5433 से अधिक फीडर को कृषि कार्यों के लिए पृथक किया जाना प्रस्वावित है। इसमें से 2735 फीडर ऐसे हैं, जिन्हें कृषि कार्यों के लिए अलग किया जा चुका है और इनके माध्यम से सिंचाई व अन्य कृषि कार्यों के लिए किसानों को 10 घंटे निशुल्क विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। शेष 20491 फीडरों को बिना अलग किए फीडरों से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

भीषण गर्मी में भी यूपी में 24 घंटे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई। सभी 75 जनपदों में समान रूप से बिजली देकर नागरिकों को सुविधाओं से पूर्ण रखा गया। वहीं आमजन को बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने के अतिरिक्त कृषि कार्यों के लिए किसानों को भी योगी सरकार की तरफ से 10 घंटे बिजली दी जा रही है।

**तय लक्ष्य को निर्धारित समय में किया जाएगा पूर्ण**

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप भीषण गर्मी के बावजूद पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसी क्रम में अन्नदाता किसानों की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई इस योजना को भी प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है।

# भाजपा ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

## पूरे प्रदेश में आपातकाल के विरोध में जिला स्तर पर संगोष्ठियां व अन्य कार्यक्रम किये आयोजित

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने 25 जून 1975 में कांग्रेस द्वारा आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या करने और देशवासियों पर विभिन्न प्रकार के अत्याचार किये जाने के विरोध में 25 जून मंगलवार को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ में आपातकाल के विरोध में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। पार्टी ने पूरे प्रदेश में आपातकाल के विरोध में जिला स्तर पर संगोष्ठियां व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए।

राजधानी लखनऊ में सहकारिता भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की तानाशाही और संविधान के प्रति उसकी सोच का पर्दाफाश करने का आज यह दिन है। जब कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने भारत की आम जनता पर इंमरजेंसी थोपी थी। आपातकाल भारत के महान लोकतंत्र का वह काला अध्याय है जिसे कभी भी देश के लोगों के द्वारा भुलाया नहीं जा



सकता। कांग्रेस सरकार द्वारा देश में लोकतंत्र का गला घोंटते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर 'आपातकाल थोप दिया था। उन्होंने कहा कि आज संविधान दुहाई देने वाली कांग्रेस की निर्मम सरकार ने 21 महीनों तक देश के लोकतंत्र तथा भारत के संविधान को बंधक बनाए रखा तथा इन 21 महीनों में देश की जनता पर, मीडिया पर और विपक्ष के नेताओं पर अनगिनत जुल्म ढाए जो कांग्रेस के एकतरफा अत्याचारों का पर्याय बन गया। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस स्वयं को सबसे पुरानी पार्टी बताती है। लेकिन उसके अंदर सत्ता का लालच और सत्ता की लालसा देश के विनाश का कारण बनी रही। आज देश के अंदर लोकतंत्र की दुहाई देने वाले भूल गये हैं कि किस तरह से इन्होंने ही 50 साल पहले उन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटा था। ऐसे परिवार के लोग आज देश की मासूम जनता के सामने संविधान के टूटने का झूठा षडयंत्र रचकर अपना भला करने की कोशिशों में लगातार जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों कारस्तानियां आज भी हमारे लोकतंत्र के लिए उतना ही बड़ा ख़तरा है जितना 1975 में था। कांग्रेस आज लोगों को भ्रमित कर रही हैं, लेकिन देश के लोग जानते हैं कि भाजपा संविधान के अनुरूप काम करती है।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस ने देश पर आपातकाल थोपा था। कांग्रेस द्वारा थोपा गया आपातकाल देश के लोकतंत्र पर किया गया सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल के दौरान लोगों से कड़ी यातनाएं दी गईं, लाखों लोगों को जेल में ठूंस दिया गया। अदालतों और प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई। इसके बावजूद लाखों लोकतंत्र सेनानियों ने यातनाओं को सहते हुए इस अनैतिक निर्णय का न सिर्फ विरोध किया बल्कि तानाशाही सरकार को सबक भी सिखाया। उन्होंने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की पुर्नस्थापना में लोकतंत्र सेनानियों का बड़ा योगदान है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा से गांधी परिवार के हितों को पार्टी और देशहित से ऊपर रखा गया। यह अलोकतांत्रिक निर्णय जो आपातकाल के रूप में जबरन देश पर थोपा गया भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है, आपातकाल के लिए देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले लोकतंत्र सेनानियों में प्रमुख रूप से अशोक बाजपेयी, भारत दीक्षित, राजेन्द्र तिवारी, गणेश राय, राकेश स्वरूप निगम, अजीत कुमार सिंह, अजय देव आहूजा, हरिश्याम रस्तोगी, देवीदीन पाल, रामकिशोर शर्मा, केदारनाथ श्रीवास्तव, डॉ. संतोष कुमार बाजपेयी, डॉ. गणेश दत्त अवस्थी, मधुकर मिश्रा, रामतीर्थ वर्मा, सुरेश चतुर्वेदी, शैलेन्द्र सिंह सेंगर, वेद प्रकाश, सतीश चन्द्र गौड़, विजय शंकर चतुर्वेदी आदि शामिल थे।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी

## लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई, राजनैतिक विषयों पर प्राप्त किया मार्गदर्शन

» पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी भी साथ में रहीं मौजूद

» पुत्र के वैवाहिक समारोह के लिए पीएम को दिया न्यौता



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को नई दिल्ली में अपनी पत्नी प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री नन्दी और पूर्व महापौर ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश की बागडोर सम्भालने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

मंत्री नन्दी ने कहा कि यह जनादेश प्रधानमंत्री के बहुआयामी नेतृत्व, अभूतपूर्व निर्णयों एवं जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर है। मुलाकात के दौरान मंत्री नन्दी ने विभिन्न राजनैतिक विषयों पर प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों पर उन्होंने चर्चा की। मंत्री नन्दी और पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने आगामी महीने में अपने पुत्र के विवाह समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया।

मंत्री नंदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि आज राजनैतिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए प्रेरणास्रोत, 140 करोड़ भारतीयों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए निरन्तर श्रमशील, समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पकार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपनी धर्मपत्नी प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा के साथ भेंट का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री को लगातार तीसरी बार देश की बागडोर सम्भालने के लिए बधाई व शुभकामना दी। यह जनादेश प्रधानमंत्री के बहुआयामी नेतृत्व, अभूतपूर्व निर्णयों एवं जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर है। मुलाकात के दौरान विभिन्न राजनैतिक विषयों पर प्रधानमंत्री का बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों पर उन्होंने चर्चा की। प्रधानमंत्री को अपने बेटे अभिषेक गुप्ता के आगामी माह होने वाले विवाह समारोह में सादर साग्रह आमंत्रित किया। अपने अति व्यस्त कार्यक्रम से समय प्रदान करने हेतु आत्मीय आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय पीठासीन अधिकारी, औद्योगिक न्यायाधिकरण (2) उ0प्र0, 23 ए0पी0 सेन रोड, लखनऊ**

अभि0वि0सं0-105/2002

डायरेक्टर, मैसर्स वैद्यनाथ हरिशंकर नाग प्रा0लि0, जर्दा निर्माता, मन्सूर नगर, लखनऊ-226003

बनाम

श्रीमती लज्जावती पत्नी श्री मुन्ना लाल निवासी-396/41, कश्मीरी मोहल्ला द्वारा हिन्द मजदूर सभा, 25/26, यूनियन भवन, आर्यनगर, लखनऊ।

पत्र सं0-218/औ0न्या0(2)ल0
दिनांक 29.04.2024

आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आपकी ओर से कोई भी नियत तिथि पर न्यायाधिकरण में उपस्थित नहीं हो रहा है। उक्त वाद सेवायोजक पक्ष के साक्ष्य हेतु नियत चल रही है। अतः आप वाद में नियत तिथि 04.07.2024 को प्रातः 10:30 बजे न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर अपने वाद की कार्यवाही में भागे लें। यदि आप निश्चित तिथि और समय पर उपस्थित न हुये तो आपकी अनुपस्थिति में बाद में एकपक्षीय कार्यवाही अपनायी जायेगी।

यह ध्यान रहे कि समय-समय पर वाद में जो तिथि निश्चित की जाती है और आदेश दिये जाते है कि उनकी जानकारी करने की जिम्मेदारी पक्षों पर है यह कार्यालय इस प्रकार का कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा। अतः आप प्रत्येक निश्चित तिथि पर वाद की सुनवाई हेतु उपस्थित हों।

**न्यायालय की आज्ञा से**
**पेशकार**




मंगलवार को गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने महायोगी गुरु गोरखनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज का दर्शन पूजन किया।

# कांग्रेस नेता के दुर्घटना में निधन पर अजय राय ने जताया शोक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के कल दिनांक 24 जून को रात्रि के लगभग 12:00 बजे हुए सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। श्री राय ने इस दुर्घटना में घायल उनकी पत्नी एवं बेटी के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है।

गाजीपुर टोल के पास हुए सड़क दुर्घटना में गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की मौके पर दुखद मृत्यु हो गई एवं इस हादसे में उनकी पत्नी व बेटी भी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं जिन्हें इलाज हेतु जनपद वाराणसी के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे की सूचना मिलते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय गाजीपुर के जिला चिकित्सालय के पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पार्टी का झण्डा एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष इसके उपरांत वाराणसी जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्व. आशुतोष तिवारी की घायल पत्नी एवं बेटी के स्वास्थ्य का कुशल क्षेम लिया व चिकित्सकों से मिलकर समुचित इलाज हेतु आग्रह किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने स्व. आशुतोष तिवारी के दुखद निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि स्व. तिवारी कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान सिपाही थे।

# समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल जायेगा जनपद मेरठ

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल दिनांक 27 जून 2024 को जनपद मेरठ जायेगा। जनपद मेरठ की विधान सभा क्षेत्र सिवालखास थाना जानी के गांव रसूलपुर धौलड़ी निवासी ठेकेदार सिराजुद्दीन उर्फ पप्पू और उनके बेटे शहनवाज का आम के बाग में पानी लगाने को लेकर विपक्षियों से विवाद हुआ जिसमें विपक्षियों द्वारा सिराजुद्दीन उर्फ पप्पू पुत्र मान एवं शहनवाज उर्फ राजा पुत्र पप्पू की गोली मारकर हत्या कर दी गई तथा चांद गम्भीर रूप से घायल हैं जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना की जांच एवं जानकारी तथा शोकाकुल परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल गांव रसूलपुर धौलड़ी मेरठ पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण हैं शाहिद मंजूर विधायक/पूर्व मंत्री उप्र सरकार, अतुल प्रधान विधायक सरधना, नीरज पाल राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी, आकिल मुर्तजा राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी, विपिन चौधरी जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी मेरठ, आदिल चौधरी महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मेरठ, रवीन्द्र देव यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी बागपत, फैसल हुसैन जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजियाबाद, वीरेन्द्र यादव महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी गाजियाबाद, अमरपाल शर्मा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बागपत एवं हाजी निजात खां जिला महासचिव समाजवादी पार्टी बागपत।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है पुराना नाम चांद अहमद अब मैं अपना नाम चाँद खाँ रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**48 बेलसर रोड पेरी गांव, पोस्ट बुधई पुरवा पूरे शिवा बख्तावर गोंडा।**

**सूचना**

मैं रामचन्दर पुत्र किशोरी लाल निवासी कुसम्भा तहसील नवाबगंज बाराबंकी अपने पुत्र अनुज कुमार को उसके गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़ौली वि0ख0 दोस्तपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 — दिनांक-25.06.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

ग्राम पंचायत बढ़ौली वि0ख0 दोस्तपुर में एस. एल. डब्लू.एम. /मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/ योजना अन्त्तगत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यों हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक 28.06.2024 के अपरान्हः 02:00 बजें तक आमंत्रित की जाती है। उसी दिन अपरान्हः 03:00 बजें निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जायेगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | मिट्टी पटाई,हैंडपम्प और एम एस जाली और इन्टरलॉकिंग कार्य आर. आर. सी सेंटर | 2.79433 रुपये | प्रथम श्रेणी ईंट ,इन्टरलॉकिंग ईंट,सीमेंट,बालू मोरंग इत्यादि |

**नोट**- सभी नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**गौरव** ग्राम प्रधान — **सुषमा** सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़ौली वि0ख0 दोस्तपुर, जनपद सुलतानपुर


**विकास** सीएम के विजन को क्रियान्वित कर एक्सप्रेसवे को एटीएमएस समेत तमाम सुविधाओं से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू

# एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से लैस होगा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए कृत संकल्प योगी सरकार प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए एक ओर जहां प्रदेश में निवेश लाने की प्रक्रियाओं पर जोर दे रही है, वहीं प्रदेश के एक्सप्रेसवेज को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने की प्रक्रिया पर काम कर रही है। एक्सप्रेसवे को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने से एको ओर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं में इजाफा हो रहा है वहीं प्रदेश में लॉजिस्टिक्स संबंधी मूवमेंट को भी सुरक्षित निगरानी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में सुधार हुआ है। इस क्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी और इसे क्रियान्वित करते हुए अब बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने इस प्रक्रिया को क्रियान्वित करते हुए रिक्वेस्ट फॉर क्वॉलिफिकेशन (आरएफक्यू) व रिक्वेस्ट फॉर प्रजोजल (आरएफपी) माध्यम से आवेदन मांगे हैं।

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को आईटीएमएस इनेबल्ड बनाने के लिए जो कार्ययोजना तैयार की गई है उसके अनुसार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक मैनेजमेंट कमांड सेंटर की स्थापना होगी। इसके जरिए ट्रैफिक मॉनिटरिंग व मैनेजमेंट प्रक्रिया को बल मिलेगा। ट्रैफिक मैनेजमेंट कंट्रोल (टीएमसी) यूनिट को 360 टेराबाइट रिकॉर्डिंग सर्वर स्टोरेज से युक्त किया जाएगा। बैकअप रिकॉर्डिंग्स के लिए भी 240 टेराबाइट की रिकॉर्डिंग स्टोरेज सर्वर युक्त होगा। टीएमसी यूनिट को फैसिलिटी मॉनिटरिंग सिस्टम कंट्रोलर, ग्राफिक डिस्पले, इंटरनेट व एसएमएस सर्वर, फाइबर



चैनल होस्ट व यूएसबी जॉयस्टिक कंट्रोल्ड पीटीजेड कैमरों से युक्त किया जाएगा। इमर्जेंसी टेलिफोन हेल्पलाइन कंसोल, स्टाफ के लिए आधार इनेबल्ड बायोमीट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर मशीन, सर्ज प्रोटेक्शन डिवाइस, लाइटनिंग प्रोटेक्शन यूनिट, एडवांस्ड ड्राइवर एडवायजरी सिस्टम, जीपीएस ट्रैकर समेत 890 कैमरों के संचालन के लिए वीएएमस लाइसेंस से युक्त किया जाएगा।

मौजूदा प्रक्रिया में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को एटीएमएस इनेबल्ड बनाने के लिए अलग-अलग 50 लोकेशंस पर 150 वीआईडीएस इनेबल्ड कैमरे इंस्टॉल किए जाएंगे। यह कैमरे विशिष्ट होंगे और सोलर एनर्जी पावर्ड होने के साथ ही सिंगल चार्ज में 96 घंटे तक की ऑपरेशनल टाइमिंग होगी। योजना के अंतर्गत सीसीटीवी कंट्रोलर युक्त पीटीजेड कैमरों को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर इंस्टॉल किया जाएगा। मोशन डिटेक्शन सर्विलांस कैमेरा व व्हीकल स्पीड डिटेक्शन सिस्टम को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ इंस्टॉल किया जाएगा। इससे, ओवरस्पीडिंग करने वाली गाड़ियों के विषय में अलर्ट जारी हो सकेगा और कंट्रोल रूम द्वारा इसे तुरंत ट्रैक किया जा सकेगा। इस क्रम में, 90 मीटर रेंज के स्पीड डिटेक्शन रडार भी प्रभावी सिद्ध होंगे जिनकी इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया भी साथ ही में पूर्ण की जाएगी तथा डिजिटल ट्रांसमिशन सिस्टम को भी क्रियान्वित किया जाएगा।

**पांच वर्ष की अवधि के लिए आवंटित होगा कार्य**

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को एटीएमएस युक्त बनाने के लिए यूपीडा ने रिक्वेस्ट फॉर क्वॉलिफिकेशन (आरएफक्यू) व रिक्वेस्ट फॉर प्रजोजल (आरएफपी) माध्यम से आवेदन मांगे हैं। इस प्रक्रिया के जरिए नियुक्त होने वाली एजेंसी द्वारा ही इन सभी कार्यों को यूपीडा के अधिकारियों की देखरेख में पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यूपीडा द्वारा 5 वर्षों की कार्यावधि के लिए कार्य आवंटित होगा और चयनित एजेंसी को इन सभी इक्विप्मेंट्स की प्रोक्योरमेंट, इस्टॉलेशन, ऑपरेशन व मेंटिनेंस से संबंधित कार्यों को पूर्ण करना होगा। इसके अतिरिक्त यूपीडा स्टाफ को इसके संचालन के लिए ट्रेनिंग भी उपलब्ध करायी जाएगी। इस क्रम में, टेक्निकल स्टाफ व कंट्रोल रूम ऑपरेशन स्टाफ की नियुक्ति का कार्य भी एजेंसी द्वारा पूर्ण किया जाएगा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद टाण्डा, जनपद अम्बेडकरनगर**

पत्रांक : 256/न0पा0प0टा0/2024-25 — दिनांक : 24.06.2024

**सार्वजनिक सूचना**

मा0 अध्यक्ष महोदया के आदेशानुसार वर्ष 2024-25 के लिए प्राइवेट टैक्सी स्टैण्ड शुल्क वसूली सम्बन्धी ठेका/नीलामी बोली हेतु दिनांक 17.06.2024 को प्रकाशित सार्वजनिक सूचना तथा दिनांक 20.06.2024 को प्रकाशित संशोधित सार्वजनिक सूचना एतदद्वारा निरस्त की जाती है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, टाण्डा**
**अम्बेडकरनगर**

# अब रहीमनगर, अबरारनगर और पंतनगर में चलेगा बुलडोजर

## एलडीए सर्वे कर सभी भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर देगा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** कुकरैल नदी की जमीन पर कब्जा कर मकान बनवाने वाले रहीमनगर, अबरार नगर, पंतनगर और खुर्रमनगर के लोगों के अवैध घरों पर भी बुलडोजर चलेगा। इसके लिए सर्वे कराया जा रहा है। सिंचाई विभाग नदी का फ्लड एरिया चिन्हित कर रहा है। नदी क्षेत्र में जितने भी निर्माण पाए जाएंगे, वह सभी ध्वस्त होंगे। पंतनगर का ज्यादातर हिस्सा नदी में बताया जा रहा है। सिंचाई विभाग की रिपोर्ट मिलते ही एलडीए ध्वस्तीकरण नोटिस जारी कर देगा। प्राधिकरण ने नदी की जमीन पर हुए कब्जों का तोड़ने की पूरी तैयारी कर रखी है।

नदी का फ्लड जोन चिन्हित करने की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग को दी गई है। सिंचाई विभाग नक्शे पर फ्लड जोन चिन्हित कर मुहैया कराएगा। इस आधार पर एलडीए और नगर निगम कार्रवाई करेंगे। फिलहाल सिंचाई विभाग ने नदी के दोनों तरफ 50-50 मीटर क्षेत्र फ्लड जोन बताया है। मगर कुछ जगहों पर इसका क्षेत्र काफी ज्यादा है। जहां बंधा है, वहां दिक्कतें नहीं हैं लेकिन जहां नहीं बना है वहां यह चिन्हित करने में दिक्कतें आ रही है। ऐसे में सिंचाई विभाग को इसे नक्शे पर चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। नक्शा आते ही एलडीए सर्वे कर सभी भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर देगा। फिर निर्माण ध्वस्त होना शुरू हो जाएंगे। फिलहाल एलडीए को सिंचाई विभाग की रिपोर्ट का इंतजार है। एलडीए अफसरों ने अपने स्तर से भी कुछ सर्वे किया है। अफसरों के मुताबिक पंतनगर का ज्यादातर हिस्सा कुकरैल की जमीन पर है। अबरारनगर, रहीमनगर भी कुकरैल की जमीन पर है। ऐसे में सिंचाई विभाग की रिपोर्ट आने के बाद इनका गिरना तय है।




### 75 प्रतिशत तक दाम गिरे, बेचकर भागने की कोशिश

कुकैरल नदी की जमीन और उसके बाढ़ जोन की जमीन पर मकान बनाने वालों ने इन्हें बेचना शुरू कर दिया है। प्रॉपर्टी डीलर और बिल्डरों ने लोगों को जमीन बेची है। यहां काफी महंगी जमीन बिकती थी। बिल्डरों ने यहां बड़े अपार्टमेंट भी बनाए हैं। अब एलडीए के गिराने की खबर के बाद मकानों और फ्लैटों की कीमतें 75 प्रतिशत तक गिर गई हैं। सर्वे करने पहुंचे एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि लोग एक-एक करोड़ के फ्लैट, मकान 20-20 लाख में बेचकर भागने में लगे हैं।

### एलडीए में रोज आकर पता कर रहे लोग

इन इलाकों में किसका मकान बचेगा, किसका गिरेगा इसका पता लगाने दर्जनों लोग रोजाना एलडीए आ रहे हैं। अफसरों से सम्पर्क कर पूछ रहे हैं कि कहां तक टूटना है। सोमवार को भी काफी संख्या में आए। मगर एलाइनमेंट निर्धारित न होने से अधिकारी उन्हें जानकारी नहीं दे सके। तमाम लोग जन सम्पर्क कार्यालय में पूछने आ रहे थे। अधिकारियों ने लोगों को इंतजार करने को कहा है।

# लखनऊ के सभी गांव एलडीए की हद में होंगे

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** एलडीए अपनी सीमा का विस्तार करने जा रहा है। इसका प्रस्ताव तैयार हो गया है। जल्दी ही बोर्ड बैठक में इसे मंजूरी के लिए रखा जाएगा। लखनऊ के सरोजनीनगर विकास खंड, मलिहाबाद विकासखंड, काकोरी, बख्शी का तालाब, गोसाईगंज तथा मोहनलालगंज विकासखंड के सभी अवशेष गांवों और क्षेत्रों को भी एलडीए की सीमा में शामिल किया जाएगा। यूपी लीडा को एलडीए से बाहर रखा जाएगा। इनके शामिल होने से एलडीए का विकास क्षेत्र 1058 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2528 वर्ग किलोमीटर हो जाएगा।

एलडीए की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव काफी समय से तैयार किया जा रहा था। मगर अब इसे बढ़ाने का समय आ गया है। अब प्राधिकरण जिले के सभी गांवों को दायरे में लाएगा। केवल लीडा के गांव छोड़े जाएंगे। विकासखण्डों के जो भी गांव छूटे थे, वह सभी लाए जा रहे हैं। इससे एलडीए का विकास क्षेत्र बढ़ रहा है। इसमें करीब ढाई गुने की बढ़ोत्तरी हो जाएगी। जुलाई के पहले सप्ताह में होने बाली बोर्ड बैठक में इसे मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

**बाराबंकी, लीडा दायरे से बाहर :** एलडीए का सीमा विस्तार पहले बाराबंकी तक होना था। मगर शासन स्तर से इसे रोक दिया गया है। ऐसे में अब एलडीए केवल पूरे लखनऊ को ही सीमा में ले रहा है। बाराबंकी को बाहर कर दिया जा रहा है। बाराबंकी को शामिल करने से एलडीए का विकास क्षेत्र 3091 वर्ग किमी हो जाता। मगर अब लीडा और एलडीए का क्षेत्र मिलाकर विकास क्षेत्र 2528 वर्ग किलोमीटर हो जाएगा।

**एलडीए की सीमा में शामिल होने से ये फायदा**

- इन क्षेत्रों के सुनियोजित विकास को बनेगा नया मास्टर प्लान
- सड़कों की चौड़ाई निश्चित होगी
- सुविधाओं के लिए भू उपयोग तय होगा
- लोगों को मकान के लिए एलडीए पास करेगा नक्शा
- निर्धारित मानक के अनुसार ही लोग मकान बना सकेंगे
- अवैध ढंग से विकसित कॉलोनियों पर अंकुश लगेगा
- ग्रीन बेल्ट, बसअड्डे, सीवेज प्लांट, वन क्षेत्र, परिवहन सुविधा, स्पोर्ट्स, पार्क सहित अन्य तमाम सुविधाओं के लिए जमीन चिन्हित की जा सकेगी।



लखनऊ में NEET सहित कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने को लेकर उत्तर प्रदेश छात्र सभा ने विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। साथ ही बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। NEET परीक्षा में पेपर लीक को लेकर समाजवादी पार्टी की छात्र सभा ने लखनऊ में जबरदस्त प्रदर्शन किया। इसे लेकर पुलिस से झड़प भी हुई। बैरिकेडिंग पर पुलिस ने प्रदर्शनकारी समाजवादियों को रोककर उन्हें हिरासत में लिया। इस दौरान वहां काफी अफरातफरी मची रही।

# बाइक की किस्त भरने के लिए बने चेन-स्नेचर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** विकास नगर पुलिस ने दो चेन स्नेचर को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से एक अपाचे बाइक और लूटी हुई चेन बरामद की गई। दोनों ज्वैलरी कारीगर हैं। दोनों चेन बेचने के लिए घर से निकले थे। मुखबिर से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने इन्हें दबोच लिया। पुलिस छिनैती के कई अन्य मामलों की पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक विकास नगर की रहने वाली जीवंती जोशी पत्नी स्वर्गीय जनार्दन जोशी की 9 जून की शाम को स्पेंसर से अपने घर जा रही थी, तभी सेक्टर-3 आरएलबी स्कूल के पास दो बाइक सवार आए और गले की चेन खींचकर फरार हो गए। छीनाझपटी में आधी चेन महिला के पास रह गई। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों के तलाश में जुट गई। मंगलवार को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली की दोनों चेन स्नेचर सेक्टर-3 सचिवालय कॉलोनी के पास खड़े हैं। पुलिस की टीम पहुंची तो दोनों आरोपी बाइक से वहां खड़े थे। पुलिस को देखकर भागने लगे। घेराबंदी करके दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान



फैजुल्लागंज मेहंदी लॉन, मड़ियांव के रहने वाले शिव सोनी और गडरियापुरवा के रहने वाले अभिषेक सोनी के रूप में हुई। दोनों के पास से चेन बरामद किया गया। मोटरसाइकिल का पेपर मांगने पर वह दिखा नहीं पाए। सख्ती से पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि बाइक भी चोरी की है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। शहर में अन्य स्नेचिंग मामलों में इनका क्या रोल रहा है। पुलिस इसकी जानकारी ले रही है। डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने मंगलवार को चेन लूट की घटनाओं को खुलासा किया। बताया विकास नगर निवासी जीवंती जोशी पत्नी स्व. जनार्दन जोशी से 9 जून की शाम को स्पेंसर से घर लौटते समय सेक्टर-3 आरएलबी स्कूल के पास एक बाइक से पहुंचे दो बदमाश चेन लूट कर भाग निकले थे। छीना-झपटी में आधी चेन महिला के पास रह गई थी। उन्होंने मामला दर्ज कराया था। पुलिस टीमों ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों की पहचान की। मंगलवार को दोनों चेन स्नेचर के सेक्टर-3 सचिवालय कॉलोनी के पास खड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# विशेष प्रशिक्षण सत्रों के आयोजन को लेकर कई बिन्दुओं पर किया गया विचार-विमर्श

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान लखनऊ के सभागार में पंधारी यादव प्रमुख सचिव वित्त की अध्यक्षता में संस्थान के अध्ययन मण्डल व सीडीएफए निदेशक मण्डल की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में अरूण कुमार सिंह निदेशक पेंशन श्रीनिवास त्रिपाठी अपर निदेशक कोषागार श्रीमती साधना श्रीवास्तव निदेशक आंतरिक लेखा गोविन्द शुक्ला निदेशक पंचायती राज पंकज सक्सेना निदेशक एफएसडी संदीप अब्लाश निदेशक आईटी एनआईसीए डा0 एके मिश्रा वरिष्ठ प्रोफेसर आईआईएम लखनऊ मोतीलाल उप महाप्रबन्धक भारतीय रिजर्व बैंक एवं पूर्ण देव उपाध्याय निदेशक आईएफएमटीआर श्रीमती पूर्णिमा सिंह उप निदेशक उप्र प्रशासन एवं प्रबन्ध अकादमी एवं सचिव स्तर के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में संस्थान में गठित शोध प्रकोष्ठ का सुदृढ़ीकरण वित्तीय नियम संग्रहों आदि का अपडेशन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण प्रोक्योरमेंट मैनुअल जेम पोर्टल पीपीपी माडल एवं जीडीपी विशेष प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन आदि बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सीडीएफए



संस्था में वित्तीय वर्ष 2014-15 से वित्तीय वर्ष 2022-23 तक के सम्प्रेक्षित वित्तीय विवरणों का अनुमोदनए निदेशक मण्डल के दो नामित सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के उपरान्त अब तक की कार्योत्तर स्वीकृति तथा दो नये सदस्यों को नामित किये जाने का निर्णयए उपाध्यक्ष सीडी0एफ0ए0 को प्रत्येक मामले में 1 लाख की सीमा तक वित्तीय अधिकार प्रतिनिधानित किया जानाए सी0डी0एफ0ए0 द्वारा संचालित प्रशिक्षण सत्रों की आवासीय अनावासीय दरों को महंगाई के दृष्टिगत पुनरीक्षित किया जानाए पुरानी फोटोकापियर मशीन को निष्प्रयोज्य घोषित कर उसके प्रतिस्थापन स्वरूप नई फोटोकापियर मशीन के क्रय के सम्बन्ध में कार्यकारिणी समिति की 26 वीं बैठक दिनांक 31.01.2017 के बिन्दु संख्या 26.4 के निर्णय का संज्ञान लिया जानाए सी0डी0एफ0ए0 के संचालन हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से एक कम्प्यूटर आपरेटर कुशल कार्मिकद्ध एवं एक सहयोगी अकुशल कार्मिकद्ध रखे जाने की कार्योत्तर स्वीकृतिए सी0डी0एफ0ए0 के समूह ग के कर्मचारियों को सी0डी0एफ0ए0 के कार्यों के निर्वहन के फलस्वरूप देय मानदेयों एवं अन्य मानदेयों के पुनरीक्षण पर विचार किया जानाए सी0डी0एफ0ए0 संस्था के सम्प्रेक्षित वित्तीय विवरणों को तैयार करने हेतु फर्म के चयन की कार्योत्तर स्वीकृतिए सी0डी0एफ0ए0 संस्था में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर को देय पारिश्रमिक के पुनरीक्षण आदि पर भी विचार विमर्श किया गया।

## रेलवे अफसर के बंगले में चोरी का प्रयास, दर्ज कराई रिपोर्ट

**लखनऊ।** मानक नगर क्षेत्र निवासी रेलवे अफसर के बंगले में चोरी के प्रयास की घटना सामने आई है। वह बंगले में ताला बंद कर परिवार के साथ बाहर गये थे। लौटने पर ताले टूटे मिलने पर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर अजीत सिंह के मुताबिक, आरडीएसओ कॉलोनी में रहने वाले रेलवे के एसएंडटी (सिग्नल एंड टेलीकम्युनिकेशन) महानिदेशक राहुल अग्रवाल ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया बंगले में ताला बंद कर कुछ दिन पहले राहुल परिवार के साथ बाहर गए थे। 23 जून को वापस लौटे तो मेन गेट का ताला टूटा मिला और अंदर फर्श पर सामान बिखरा मिला। अलमारी के लॉकर भी खुले मिले। इंस्पेक्टर ने बताया घटना स्थल की जांच की गई है। फिलहाल चोरी हुए सामान की सूची नहीं मिली है। आरोपियों की पहचान के लिये आसपास के कमरों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जायेगी। ठाकुरगंज क्षेत्र निवासी युवक ने पिता-पुत्र पर उधार लिये रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक, बालागंज के न्यू रामनगर निवासी वेद प्रकाश जायसवाल ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया हुसैनाबाद निवासी नासिर व अशरफ ने उनसे और दोस्त उमेश से जरूरी कार्य बता कर 45 हजार रुपये उधार लिये थे। जो जल्द लौटाने की बात कही थी।

# अमौसी एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा

- इमरजेंसी लैंडिंग के बाद बवाल काटा, बेंगलुरू से बरेली जा रही थी फ्लाइट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर मंगलवार को यात्रियों ने हंगामा किया। मौसम खराब होने के कारण बेंगलुरू से बरेली जाने वाली फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग किए जाने से यात्री नाराज हो गए। करीब ढाई घंटे बाद मौसम साफ हो जाने के बाद शाम को 4 बजे यात्रियों को फ्लाइट से बरेली भेजा गया।

बेंगलुरू से इंडिगो का विमान 6 ई 6533 मंगलवार को सुबह 10:40 बजे उड़ान भरा जिसे दोपहर 01:30 बजे बरेली एयरपोर्ट पहुंचना था। मौसम साफ नहीं होने की वजह से दोपहर दो बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। यहां यात्रियों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरते ही यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। इंडिगो एयरलाइन्स के कर्मियों ने किसी तरह उनको संभाला। विमान के यात्री कर्षित ने बताया कि पहले से सूचना न मिलने की वजह से यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। शुरुआत में हमसे कहा गया कि सड़क मार्ग से जाना पड़ेगा। हालांकि नाराजगी के बाद फ्लाइट से भेजने का फैसला इंडिगो अधिकारियों की तरफ से लिया गया है।



# 'पढ़ेंगी बेटियां, तब ही तो आगे बढ़ेंगी बेटियां'






पढ़ेंगी बेटियां, तब ही तो आगे बढ़ेंगी बेटियां स्कूल चलो अभियान विज्ञान फाउंडेशन एवं अज़ीम प्रेमजी फेलोथ्रोपिक इनिशिएटिव के अंतर्गत संचालित परियोजना गिविंग विंग्स टू ड्रीमर्स के अंतर्गत शिक्षा चौपाल अभियान के प्रथम दिन पर बालागंज एवं जानकीपुरम के क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा ई रिक्शा रैली की शुरुआत जानकीपुरम तृतीय वार्ड से दीपक लोधी एवं राधाग्राम से अनुराग पाण्डेय द्वारा फीता काटकर की गई। इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों की शिक्षा को बढ़ावा देना एवं लखनऊ शहर में लोगो को शिक्षा के प्रति जागरूकता करना था अभियान के अंतर्गत बालागंज, आहमदगंज पजावा, मड़ियाव, जानकीपुरम, बड़ा खुदान एवं पारा क्षेत्र में तेजस्विनी समूह की किशोरियों द्वारा घर घर जाकर पर्चा वितरण किया गया तथा शिक्षा के विषय पर जानकीपुरम तथा पारा में पपेट शो दिखाया गया।

## श्रेया इंफ्रा की बोर्ड सदस्य और उसके पिता पर धोखाधड़ी की एफआईआर

**लखनऊ।** श्रेया ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय ने सह कंपनी श्रेया इंफ्रा एंड मार्केटिंग की बोर्ड सदस्य शालिनी मिश्रा और उसके पिता पर जालसाजी का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि दोनों ने मिलकर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। अश्लील वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल किया। वहीं, कंपनी का डाटा चुरा लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साउथ सिटी निवासी कारोबारी की गोमतीनगर में एक कंपनी है। कारोबारी के मुताबिक उन्होंने बाराबंकी के जहांगीराबाद निवासी शालिनी मिश्रा को कंपनी का बोर्ड मेंबर बनाया था। कंपनी में उसके पिता रामसरन भी काम करते थे। आरोप है कि काम के दौरान शालिनी ने गबन किया और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज व ग्राहकों का डेटा भी चुरा लिया।

## एक नजर

### महिला कैम्पस ड्राइव का आयोजन: 25 महिलाओं को मिला रोजगार



**लखनऊ।** राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में हिन्दुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, सुमेरपुर, हमीरपुर द्वारा महिला कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी दी कि इस कैम्पस ड्राइव में कुल 25 महिला अभ्यर्थियों को नियमित नौकरी के लिए चयनित किया गया है। एम. ए. खाँ, ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी, ने बताया कि चयनित महिलाओं को 12,500 प्रतिमाह के वेतन और अन्य सुविधाओं के साथ जॉब ऑफर किए गए हैं। इस आयोजन से महिलाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान हुए हैं।

### कैंसर पीड़ित बच्चा बना एक दिन का एडीजी



**लखनऊ।** एडीजी जोन वाराणसी पीयूष मोर्डिया द्वारा आज दिं0- 25.06.2024 को मि0 प्रभात रंजीत कुमार भारती ( उम्र 09 वर्ष ) जो कि कैंसर से पीडित बच्चा है, उसे कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी उ0 प्र0 का कार्यभार ग्रहण करा कर, कार्यालय का संचालन कराया गया, जिसमें कार्यालय के समस्त अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### राजधानी में अदा की गई ईद-ए-गदीर की नमाज



**लखनऊ।** मंगलवार को ईद-ए-गदीर की नमाज़ अदा की गई। सआदत गंज स्थित मस्जिद-ए- कूफा में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा किया। नमाजियों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दिया। इस मौके पर पुराने लखनऊ में जगह-जगह सबील और लंगर भी बांटा गया। ज्यातर शिया समुदाय ने ईद-ए-गदीर पर लाल रंग का वस्त्र पहनकर नमाज अदा किया । नमाज़ के बाद शिया धर्मगुरु मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि ईद उल अज़हा (बकरीद) के एक सप्ताह बाद 18 जिल्हिज्जा को ईद-ए-गदीर मनाई जाती है। मौलाना ने कहा कि सभी लोग उत्साह के साथ ईद-ए-गदीर मना रहे हैं आज का दिन बेहद खास है। पैगंबर मोहम्मद साहब ने आज ही हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी ( जानशीन) चुना था और उसके बाद स्वयं खुशी मनाते हुए सभी मुसलमानों को खुशी मनाने का आदेश दिया था । मौलाना ने कहा कि ईद-ए-गदीर हमारे तमाम ईद में सबसे अहम है इसलिए इसे बड़ी ईद भी कहते हैं। बकरीद के एक सप्ताह बाद अरबी कैलेंडर के अनुसार 18 ज़ील्हिज्जा को ईद-ए-गदीर मनाई जाती । पहले शिया समुदाय नए कपड़े पहन कर ईद-ए-गदीर की नमाज़ अदा करता है उसके बाद एक दूसरे को मुबारकबाद पेश करते है। नमाज़ के बाद हज़रत अली के नाम की महफ़िल होती है आज के दिन जगह-जगह सबील लगाई जाती है घरों में विशेष पकवान बनते हैं। ईद-ए-गदीर पर गरीबों को भोजन कराना बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

### हेल्लो राइड कंपनी की 5.35 करोड़ की संपत्तियां जब्त

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को हेल्लो राइड लिमिटेड कंपनी के अध्यक्ष, उसके निदेशकों और एजेंटों से संबंधित 5.35 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति को अस्थायी तौर पर जब्त कर लिया। इनमें एक चल और 20 अचल संपत्तियां शामिल हैं। इससे पहले 2.38 करोड़ की 28 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया था। इस प्रकार से संबंधित मामले में अब तक कुल अब 7.73 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत जब्त की गई ये संपत्तियां यूपी के लखनऊ, प्रयागराज और में स्थित हैं और कृषि भूमि एवं आवासीय भूखंडों के रूप में हैं। ईडी ने यूपी पुलिस द्वारा दर्ज विभिन्न एफआईआर के आधार पर अपनी जांच शुरू की थी। इनमें लखनऊ के विभूतिखंड गोमती नगर थाने में आईपीसी की धारा 406, 409 एवं 420 के तहत अभय कुमार कुशवाहा, नीलम वर्मा, निखिल कुशवाहा, राजेश पांडेय, शकील अहमद, रागिनी गुप्ता और अन्य के विरुद्ध दर्ज एफआईआर भी शामिल है। ईडी की जांच में पता चला कि अभय कुशवाहा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की है, जो पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत भी अपराध है। आरोपियों ने हेल्लो राइड ब्रांड के तहत एक बाइक टैक्सी योजना शुरू की। यह ओला और ऊबर जैसी कंपनी से मिलती-जुलती स्कीम है। कंपनी ने प्रति बाइक 61 हजार रुपये निवेश करने पर एक वर्ष तक प्रति माह 9585 का भुगतान करने का वादा किया गया था। इतने ऊंचे रिटर्न के प्रलोभन पर कंपनी के एजेंटों ने आम जनता से भारी जमा राशि एकत्र की। कंपनी के विरुद्ध दर्ज 33 एफआईआर में 10,93,71,000 रुपये के घोटाले का आरोप लगाया गया है। घोटाले की इस रकम से वर्ष 2018 से 2019 के बीच संपत्तियां खरीदी गईं।

### आपातकाल भारतीय लोकतन्त्र के चेहरे पर दाग है : यशवन्त सिंह



**लखनऊ।** लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश के संरक्षक पूर्व मंत्री यशवन्त सिंह ने कहा है कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के चेहरे पर वह दाग है जिसे कभी मिटाया नहीं जा सकता है। इसे लेकर किसी को भी गलत फहमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि फिलहाल इसका खतरा नहीं है। फिर भी इसे लेकर सदैव सतर्क रहने की जरूरत है। आपातकाल की 50वीं बरसी पर मंगलवार को चन्द्रशेखर चबूतरा ( दारुलशफा, लखनऊ ) पर हुई लोकतन्त्र सेनानियों और सामाजिक साथियों की सभा को सम्बोधित करते हुए लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति के संरक्षक पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने कहा है कि 25/26 जून 1975 को आधी रात को देश पर थोपे गए आपातकाल ने पूरे देश को जेल में बदल दिया था। सत्ता के अहंकार में पगलाई सरकार ने जयप्रकाश नारायण जैसे महानायक को नहीं छोड़ा। जयप्रकाश नारायण को संत कहने वाले अपने ही दल के नेता राष्ट्रपुरुष चन्द्रशेखर सहित देश के लाखों लोगों को जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा है कि इसे लेकर जेल में बन्द लोगों का जीवन पूरी तरह से बर्बाद हो गया। इस बर्बादी की कोई भरपाई नहीं कर सकता है। सभा की अध्यक्षता लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति के संयोजक धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर सर्वश्री चतुर्भुज सिंह, रवि विश्वकर्मा, अजय सिंह, गिरीश तिवारी, लक्ष्मी सिंह, राहुल पाल, चंचल चौबे, अमित प्रजापति, धर्मपाल सिंह चौहान आदि भी शामिल थे।

# पेयजल की गुणवत्ता की जांच प्राथमिकता से हो : जैकब

## मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में चिकित्सा स्वास्थ्य-आयुष की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में चिकित्सा स्वास्थ्य/आयुष की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गयी। इस अवसर पर अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ जी0पी गुप्ता, संयुक्त विकास आयुक्त के0के सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश को निर्देश देते हुए कहा किसंचारी रोग जैसे डेंगू , मलेरिया व चिकनगुनिया आदि विभिन्न बीमारियों की रोकथाम हेतुसंचारी रोग के दृष्टिगत 1 जुलाई से वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाना सुनिश्चित किया जाये। इस अभियान को लेकर अभी तक क्या-क्या तैयारियां की गई है उसकी जानकारी संबंधित से लिया, संबंधित द्वारा बताया गया की समस्त जिलों में मीटिंग कराकर प्रशिक्षण संबंधित को दिया जा रहा है। संबंधित विभाग संयुक्त रूप से डोर-टू-डोर जाकर संचारी बीमारियों से बचाव हेतु अभियान के तहत लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि वाटरलॉगिंग एरिया, जहां सफाई कम होती है व मलिन बस्तियों पर विशेष ध्यान दिया जाए।मंडलायुक्त ने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता की जांच प्राथमिकता पर कराते रहे, जो हैंडपंप खराब है या उनके जल दूषित हैं उन पंपों को लाल कलर से कोडिंग करादे। मंडलायुक्त ने फूड एवं ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करे कि खाद्य पदार्थ खुले में न बिकें और ठेलों और दुकानों पर समुचित साफ-सफाई हो। उन्होंने कहा कि बरसात का समय नजदीक आ रहा है, कही भी जलभराव की समस्या न होने पाये। गंदे पानी की वजह से होने वाली बिमारियों से बचने के लिए ससमय से तैयारियां पूरी कर ली जाये। जिससे की डेंगू का लारवा न पनपने पाये। खुले नालियों को ढकना, कूड़े का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।उक्त के पश्चात मंडलायुक्त ने कहा कि खाली प्लॉट को लेकर अभियान चलायें कि जिन प्लॉट्स में झाड़ झंगाड़ और गंदगी है उनके मालिक को प्लॉट की सफाई कराने का नोटिस जारी करें और सफाई न कराने की स्थिति में विभाग स्वयं सफाई कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के साथ ही में "स्टॉप डायरिया कैम्पेन" अगले दो माह तक चलेगा । इसी क्रम में आशा,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और प्राथमिक विद्यालयों में ओआरएस और जिंक की गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि फागिंग, एंटीलार्वा, औषधियों व उपकरण की उपलब्धता शतप्रतिशत सुनिश्चित करा ली जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पशुपालन विभाग द्वारा गौशाला की नियमित रूप साफ-सफाई अच्छे से कराते रहे साथ ही मच्छरों का प्रकोप और पानी का जमाव न होने दे। chc व phc पर आवश्यकता के अनुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऐनम की तैनाती कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से वृहद स्तर पर चलाया जाना सुनिश्चित किया जाये : मंडलायुक्त**



## लखनऊ विश्वविद्यालय में आवेदनों की शुरू हुई स्क्रीनिंग

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि अपने अंतिम चरणों में है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अभ्यर्थियों के प्रवेश फार्म में सम्मिलित किए गए प्रमाण पत्रों की स्क्रीनिंग सहित अन्य कार्य आरंभ कर दिए गए हैं। विवि के प्रवक्ता का कहना है कि अभ्यर्थी 30 जून तक प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। आगे की प्रक्रियाओं को विस्तार दिया जा रहा है।

लखनऊ विवि ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 29 मार्च और परास्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए 7 अप्रैल से आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद फार्म भरने की तिथि को विस्तार देते हुए अभ्यर्थियों को 30 जून तक आवेदन फार्म भरने का मौका दिया गया। आवेदन की अंतिम तिथि करीब आने से पूर्व ही विवि प्रशासन ने अभ्यर्थियों द्वारा किये गए आवेदन में सम्मिलित प्रमाण पत्रों की स्क्रीनिंग आरंभ कर दी है।

# वृक्षारोपण से पूर्व की आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें अधिकारी : डीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** जिला पर्यावरण समिति, लखनऊ की बैठक दिनांक 25.06.2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे, जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक दिनांक 25.06.2024 को पूर्वान्ह 11.30 बजे, जिला गंगा समिति, लखनऊ की बैठक दिनांक 25.06. 2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे जिलाधिकारी, लखनऊ सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, लखनऊ में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी / सदस्य सचिव, जिला वृक्षारोपण समिति, लखनऊ सितान्शु पाण्डेय सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी / प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।



उक्त बैठक में जिलाधिकारी, लखनऊ द्वारा जिला वृक्षारोपण समिति, लखनऊ के समस्त सदस्यों को निर्देशित किया गया कि विभागवार आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष शीघ्रातिशीघ्र शत-प्रतिशत गड्ढा खुदान सुनिश्चित करें तथा नियत प्रारूप में पौध मांग पत्र दिनांक 30-06-2024 तक प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ के कार्यालय में प्रस्तुत करते हुए पौध प्राप्ति हेतु ऑनलाइन इण्डेन्ट उक्त दिनांक तक अवश्य निर्गत करा लें। वन महोत्सव दिनांक 01 जुलाई 2024 से 07 जुलाई 2024 तक प्रत्येक विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि को आमंत्रित करते हुए वृक्षारोपण से सम्बन्धित जन-जागरूकता के कार्यक्रम का आयोजन किया जाय, जिसके तहत प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी आदि का आयोजन सुनियोजित ढ़ग से किया जायेगा। उक्त की नियत प्ररूप में कार्ययोजना प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 29-06-2024 तक प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी, लखनऊ द्वारा सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग को यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद लखनऊ में मृतप्राय नदियों बेहटा, कुकरैल, रैठ एवं सई को पुनर्जीवन के सम्बन्ध में शीघ्र कार्ययोजना के अनुसार कार्य सम्पन्न किया जाये। जिला पर्यावरण समिति, लखनऊ की बैठक में जिलाधिकारी, लखनऊ द्वारा लखनऊ नगर-निगम को निर्देश दिया गया कि जीरो सीवेज डिस्चार्ज की योजना पर एवं सी० एण्ड डी० वेस्ट के शत-प्रतिशत निस्तारण हेतु कठोर कदम उठाये। क्षेत्रीय अधिकारी, उ०प्र० प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, लखनऊ को निर्देश दिया गया कि ई-वेस्ट प्रबन्धन हेतु कार्यवाही की रिपोर्ट वन विभाग को प्रस्तुत करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ को निर्देश दिया गया कि जैव चिकित्सा, अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु की जा रही कार्यवाही की रिपोर्ट वन विभाग को प्रस्तुत की जाये। उक्त के साथ ही चॉदेबाबा तालाब के पुनरोद्धार एवं आर्द्रभूमि घोषित किये जाने हेतु समस्त कार्यदायी विभाग, नोडल अधिकारी द्वारा दिये गये कार्यो की रिपोर्ट वन विभाग को प्रस्तुत की जाये। जिला गंगा समिति, लखनऊ की बैठक में जिलाधिकारी, लखनऊ द्वारा सिंचाई विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि कुकरैल नदी तट के पास के स्थित 22 तालाबों की सफाई कराकर वर्षाजल को संचयित किया जाये, जिससे कुकरैल नदी के प्राकृतिक जल श्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके और इस कार्य में आस-पास के ग्रामीण एवं विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाये। जिलाधिकारी, लखनऊ द्वारा सम्बन्धित विभागों को यह भी निर्देशित किया गया कि कुकरैल नदी में डिसिल्टिंग के पहली परत का कार्य वर्षाकाल से पूर्व अवश्य करा लिया जाये, जिसके उपरान्त कुकरैल नदी के किनारे 02 पंक्ति में वृक्षारोपण का कार्य कराया जाये।

# डिजिटल टेक्नोलॉजी को बताया युवाओं का भविष्य

**लखनऊ।** इंजीनियर इनोवेशन की रीढ़ हैं वे अपनी रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच और दुनिया को बदलने की दृढ़ता के मिश्रण से हमारे जीवन को आसान बनाने का काम करते हैं। इंजीनियर प्रगति के वास्तुकार हैं, इंजीनियर विचारों को वास्तविकता में बदलते हैं। हर महान इनोवेशन के पीछे एक महान इंजीनियर होता है।

इंजीनीयर की यह नई परिभाषा बताई है सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने, मौका था लखनऊ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी वार्षिक खेल प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को सम्मानित करने का।

मंगलवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह बंथरा रोड, बिजनौर स्थित लखनऊ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी पहुंचे वहां उन्होंने संस्थान के वार्षिकोत्सव 'परवाज' के दौरान विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में अव्वल रहने वाले 17 छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के संकल्प क्रम ने संस्थान के 5 मेधावी छात्र - छात्राओं : सिविल इंजीनियरिंग में 89% अंक पाने वाली छात्रा ज्योति यादव, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 82% अंक पाने वाले छात्र अभिज्ञान श्रीवास्तव व 80% अंक पाने वाले गजेंद्र गोंड, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 84% अंक पाने वाले छात्र अभिषेक सिंह व 81% अंक पाने वाले विष्णु कुमार यादव को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया।

विधायक ने आगे जोड़ा कि भारत में इंजीनियरों ने नवीन तकनीकों के साथ कृषि, डेयरी फार्मिंग, जलीय कृषि, आईटी और अंतरिक्ष अन्वेषण में क्रांति ला दी है, जिससे विकास और स्थिरता बढ़ रही है। पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन ने हरित क्रांति लाकर भारत के गेहूं उत्पादन को 1965 के 11 मिलियन टन से बढ़ाकर 106 मिलियन टन कर दिया, आज भारत विश्व के 50 से अधिक देशों को गेहूं निर्यात कर रहा है। ₹भारत के मिल्कमैन₹ के रूप में जाने जाने वाले और पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ. वर्गीस कुरियन के नेतृत्व में, भारत का दूध उत्पादन 1960 में 17 मिलियन टन से बढ़कर 230 मिलियन टन से अधिक हो गया। हीरालाल चौधरी और डॉ. अरुण कृष्णन द्वारा अन्वेषित ब्लू क्रान्ति के प्रभाव से सतत जलीय कृषि पद्धतियों के कारण भारत का मछली उत्पादन 1950 में लगभग 0.75 मिलियन टन से बढ़कर 17 मिलियन टन हो गया।

## सोलर पैनल लगाने का झांसा देकर हड़पे 98,770 रुपये

**लखनऊ।** जालसाजों ने बीते दिनों सरोजनीनगर की एक महिला को केंद्र सरकार की योजना पीएम कुसुम के तहत सोलर पैनल लगाने का झांसा देकर उससे 98,770 रुपये हड़प लिए। बाद में खुद के साथ ठगी होने की भनक लगने पर सरोजनीनगर के सेक्टर-ओ, नियर न्यू गुड़ौरा पुल निवासी तरन्नुम बेगम ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। तरन्नुम बेगम का कहना है कि बीते दिनों उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। जिसमें कॉल करने वाले ने पीएम कुसुम योजना के तहत घर-घर में सोलर पैनल लगाने की बात कहते हुए अधिक से अधिक सब्सिडी देने की बात कही। साथ ही गारंटी के साथ सभी पैसों की पक्की रसीद देने को कहा। फोन करने वाले ने रजिस्ट्रेशन फीस और ट्रांजैक्शन चार्ज व ट्रांसपोर्टेशन चार्ज सहित भिन्न-भिन्न चार्ज के रूप में कई बार में 98,770 रुपये अपने अकाउंट में मंगवाए। पीड़िता का कहना है कि यह सब नीरज कुमार और रोशन कुमार नामक व्यक्ति द्वारा किया गया। पीड़िता का कहना है कि 3 मई 2024 को फिर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम विपुल रावत बताया और उसने कहा कि आपका सारा पैसा वापस आ जाएगा। इसके लिए 499 रुपये भेजने पड़ेगें। पीड़िता ने उसके झांसे में आकर 499 रुपये भी भेज दिए। लेकिन इसके बाद भी उसका पैसा वापस नहीं आया। तरन्नुम बेगम का कहना है कि बाद में फेक डॉक्यूमेंट बनाकर उसे कॉल किया गया। तब उसे अपने साथ जालसाजी होने की भनक लगी।

# चौड़ीकरण की जद में आ रहे घर ढहाए गए

**» व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने किया काफी विरोध**

**लखनऊ।** बंथरा में कानपुर रोड चौड़ीकरण की जद में आ रहे कई मकान मंगलवार को ढहा दिए गए। सरोजनीनगर तहसील प्रशासन और भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में शुरू किए गए इस कार्य के दौरान व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने काफी विरोध किया। लेकिन मौके पर मौजूद कई थानों की पुलिस के आगे उनकी एक न चल सकी। बताते चलें -कि लखनऊ- कानपुर एक्सप्रेसवे को लेकर पीएनसी कंपनी द्वारा एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसकी वजह से कानपुर रोड का चौड़ीकरण भी हो रहा है। इस चौड़ीकरण की जद में सड़क किनारे मौजूद बंथरा कस्बे के कई मकान व दुकानें आ रही हैं। बताते हैं कि संबंधित विभाग द्वारा कई बार व्यापारियों को नोटिस दी गई। लेकिन उन्होंने अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसको लेकर मंगलवार को सुबह करीब 7 बजे ही एनएचएआई अधिकारी और तहसील प्रशासन भारी पुलिस फोर्स के साथ कई जेसीबी लेकर पहुंच गया। जैसे ही उन्होंने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, तभी व्यापारियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। वह अपने मकान और दुकान खाली करने का समय मांग रहे थे। लेकिन अधिक पुलिस फोर्स होने के कारण व्यापारियों के कड़े विरोध के बावजूद सड़क किनारे बने मकान और दुकान बुलडोजर से ढहा दिए गए। हालाकि व्यापारियों का कहना था कि एनएचएआई द्वारा आए दिन अलग-अलग निशान लगाए गए। जिसकी वजह से उन्होंने अपनी दुकान और मकान नहीं खाली किया। उधर इस मामले में सरोजनीनगर एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने दुकान और मकान तोड़ने का विरोध करने वाले व्यापारियों से बातचीत करने के बाद भी उन्हें अपनी दुकानें व मकान खाली करने का कोई समय नहीं दिया। एसडीएम के मुताबिक जिन लोगों को मुआवजा मिल गया है, वह अपने मकान और दुकान खाली कर रहे हैं। इसके अलावा जिन्हें मुआवजा नहीं मिला है, उनके लिए बंथरा में एक शिविर लगा दिया गया है। जिसमें पहुंचकर लोग अपने कागज जमा कर दें। उनको भी जल्द मुआवजा दे दिया जाएगा। लेकिन इसके बावजूद काम बंद नहीं होगा, बल्कि कार्रवाई बराबर चलती रहेगी।

## आरटीई : एडमिशन न देने के लिए स्कूल बनाते हैं कई बहाने

**लखनऊ।** आज के टाइम पर हर माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं। जिसके लिए वे हर कोशिश करते हैं, लेकिन शिक्षा इतनी महंगी है कि उन्हें अपने हाथ पीछे करने पड़ते हैं। ऐसे में उन बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए वे सरकार की ओर से आरटीई यानी की राइट टू एजुकेशन शुरू की। जिससे माता-पिता अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ा पाए, लेकिन प्राइवेट स्कूल की मनमानी की वजह से कई बार माता-पिता को इससे भी हाथ पीछे करना पड़ता है।स्कूल वाले अभिभावकों की ओर से छोटी से छोटी गलती को बड़ा बना देते हैं और उन स्टूडेंट्स का एडमिशन कैंसिल कर देते हैं। इसकी वजह से अभिभावको स्कूल और बीएसए कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। कुछ ऐसा अभी भी अभिभावकों के साथ हो रहा है। जिसको सॉल्व करने के लिए एक हफ्ते के अंदर बीएसए द्वारा चिन्हित विद्यालयों को डिएम के समक्ष पेश किया जाएगा और बात की जाएगी की आखिर दिक्कत कहां पर हो रही है। माता-पिता अच्छी शिक्षा देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। दिन-रात एक करने के बाद भी वह उन्हें हर साल एक ही परेशानी झेलनी पड़ती है कि लॉटरी में नाम आने के बाद भी प्राइवेट स्कूल वाले स्कूल एडमिशन नहीं दे रहे हैं। इसके लिए वे तरह-तरह के बहाने बनाते हैं।

# निडर होकर लगता स्टैंड लोगों के लिए बना जाम की समस्या





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**काकोरी।** दुबग्गा पर जाम की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है । मंगलवार को भी करीब हर आधे घंटे में कई किमी लम्बा भीषण जाम लग रहा है। इस जाम से लोग आये दिन बेहाल होते है। यह जाम अब रोज की समस्या बन गई है। जिसे राहगीर झेल रहे है। तो वही जिम्मेदारो के पास जाम की समस्या दूर करने बात तो दूर इस जाम को बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं । जब जाम लग जाता है तो एक सिपाही जाम हटवाने की औपचरिकता निभाते नजर आते है। राहगीरो का आरोप है कि यदि पुलिस जाम को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाये तो यहाँ जाम न लगें लेकिन थाना परिसर के पास ही ई रिक्शा चालकों ने सुविधाशुल्क देकर निडर होकर स्टैंड बना लिया है।

दुबग्गा पर छंदोईया तिराहे से लेकर रिंग रोड चौराहे तक हरदोई रोड पर अक्सर लगने वाला भीषण जाम अब हटने का नाम नही ले रहा है। विकराल होता जा रहा है ।रोज हज़ारो राहगीरो को इस जाम में घण्टो जूझना पड़ता है। जाम में फंसे लोगो ने आरोप लगाया कि जब जाम बड़े पैमाने पर लग जाता है तब पुलिस व ट्रैफिक पुलिस सक्रिय होते है ।यदि पुलिस पहले से जाम को लेकर सचेत रहे ।तो जाम की समस्या खत्म हो सकती है । दुबग्गा थाना क्षेत्र के गोपनीय सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ई रिक्शा, ठेला ,पटरी दुकानों से प्रति माह सुविधाशुल्क आता है जिससे ई रिक्शा चालक व जाम लगाने वाले लोगों में किसी प्रकार का भय नही रहता है। विश्ववर्ता संवाददाता ने जब जाम लगाने वाले लोगों द्वारा दिये गए सुविधाशुल्क के बारे में जानकारी जुटाई तो बेहद चौकाने वाले तथ्य सामने आए इन तथ्यों जानने के लिए अगला अंक पढ़े विश्ववर्ता दैनिक समाचार पत्र।

## एक नजर

### अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के बेहसा, शहीद पथ निवासी आनंद कुमार मौर्य ने संतोष श्रीवास्तव और तीन अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आनंद का कहना है कि वह रविवार को अपने खसरा संख्या 1180, रकबा 0 .2150 हेक्टेयर भूमि पर निर्माण कराने के लिए कचरा गिरा रहा था। तभी वहां पहुंचे संतोष श्रीवास्तव और तीन अन्य लोग जबरन काम रुकवाने लगे। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर बीच बचाव करने पहुंचे यूनुस को भी आरोपियों ने मारा पीटा। बाद में जब मोहल्ले के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग निकले। इसी तरह बंथरा के ड्रीम ग्रीन सिटी फेस- टू, धावापुर निवासी महिला शहाना सिद्दीकी ने यहीं के बाल लक्ष्मण के खिलाफ ईंट पत्थर मार कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि अरोपी बाल लक्ष्मण ने छत के ऊपर ईंट पत्थर चला कर शहाना सिद्दीकी को घायल कर दिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी अक्सर महिलाओं से छेड़छाड़ और अभद्र टिप्पणी करता है। जिससे पूरी कॉलोनी के लोग काफी परेशान हैं। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी रिपोर्ट दर्ज

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** गोसाईगंज के नवाब अली का पुरवा निवासी देव चन्द्र ने तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवचंद्र का कहना है कि सोमवार को वह ट्रांसपोर्ट नगर की पार्किंग नंबर पांच स्थित अपने राना ट्रांसपोर्ट पर बैठा था। तभी वहां पहुंचे तीन अज्ञात लोगों ने उसकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। मना करने पर कर्मचारी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि बाद में आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। लेकिन इस दौरान तीनों को पकड़ लिया गया और बाद में उन्हें सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### असलहा लेकर रील बनाने का शौक युवाओं पर सिर चढ़ कर बोल रहा, वीडियो वायरल

**लखनऊ।** राजधानी में असलहा लेकर रील बनाने का शौक युवाओं पर सिर चढ़कर बोल रहा है। ऐसा ही एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। बाद में पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच पड़ताल की तो असलहा लेकर रील बना रहा युवक सरोजनीनगर इलाके का ही निकला। बाद में पुलिस ने उसकी पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक युवक अपनी चलती बाइक पर असलहा ताने रील बनाते साफ नजर आया। यह वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जाँच पड़ताल शुरू की तो युवक सरोजनीनगर के गौरी विहार कॉलोनी में रहने वाला विकास भारती निकला। पुलिस ने छानबीन करने के बाद सोमवार को उसे इलाके से ही धर दबोचा। बाद में सरोजनीनगर पुलिस ने विकास भारती को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान पहली जुलाई से होगा प्रारम्भ

**माल।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने आगामी एक जुलाई से इकतीस जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा ग्यारह जुलाई से इकतीस जुलाई तक दस्तक अभियान को राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में चलाने की तैयारी पूरी कर ली है। इस अभियान में ग्राम्य विकास विभाग,पंचायती राज विभाग,बाल विकास परियोजना, कृषि, पशु चिकित्सा तथा औषधि प्रशासन विभाग निर्धारित अवधि में ग्रामीण इलाकों में मलेरिया, डेंगू, काला आजार, तथा दस्त रोग से बचाव हेतु जागरूकता एवं साफ सफाई,स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हेतु सक्रिय होकर कार्य करेगा। माल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक संदीप प्रताप सिंह तथा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेश पांडे ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बीते सोमवार को सम्पन्न हुई आवश्यक बैठक में विभिन्न गतिविधियों का माइक्रो प्लान बनाते हुए सक्रियता से सभी को कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### लेखपाल का रिश्वत लेते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में एक लेखपाल द्वारा रिश्वत लेते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो में एक कार के अंदर वकील की वेशभूषा में बैठा व्यक्ति कार सवार अन्य व्यक्ति से कह रहा है कि एक बीजेपी के नेता हैं, जो पहली बार मुझे मिले और एक काम कराने को कहा। उसने कहा कि उसकी फाइल एसडीएम के यहां गई, जो ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज होती है। लेकिन उसे दौरान पोर्टल बंद हो गया। जिससे ऑनलाइन नहीं दर्ज हो सकी। इसके बाद उसने उससे यह काम कराने को कहा। इस पर कार में बैठा दूसरा व्यक्ति कह रहा है कि काम हो जाएगा। इसके बाद वकील की वेशभूषा में बैठा व्यक्ति कार सवार दूसरे व्यक्ति को 2 हजार रुपये देते हुए कह रहा कि बहुत बड़ा पैसा तो नहीं है, लेकिन आपकी सेवा के लिए 2 हजार रुपये दे रहा हूं। इससे आपका भी काम चल जाएगा और हमारा भी काम चल जाएगा। वह यह भी कह रहा कि काम हो जाने पर बाद में 15 सौ रुपये और दे देंगे। इस पर कार सवार दूसरा व्यक्ति कहा रहा कि ठीक है आपका काम हो जाएगा। यह वीडियो वायरल होने से फिलहाल हड़कम्प मचा हुआ है। वकील की वेशभूषा में बैठे व्यक्ति के साथ कार पर सवार रुपये ले रहा दूसरा व्यक्ति सरोजनीनगर तहसील का एक लेखपाल बताया जा रहा है। हालांकि अखबार इस बात की पुष्टि नहीं करता है। उधर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेने के बाद संबंधित अधिकारी मामले की जांच पड़ताल में जुट गए हैं।

### ग्राम समाज की जमीन पर बने मकान को बेचकर चालीस लाख रुपए हड़पे, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** उन्नाव जिले के असोहा थानान्तर्गत सरवन गांव निवासी वंशराज ने सरोजनीनगर के राम विहार कॉलोनी, दरोगा खेड़ा निवासी रजनीश वर्मा, गुड्डी उर्फ कल्पना रावत और राजू के खिलाफ ग्राम समाज की जमीन पर बने मकान को बेचकर 40 लाख रुपए हड़पने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंसराज का कहना है कि रजनीश वर्मा की उसके गांव में रिश्तेदारी होने के कारण रजनीश ने एक पुरानी रजिस्ट्री और वसीयत की फोटो कॉपी दिखाते हुए रूपयों की जरूरत होने के कारण पिनवट में मौजूद अपना मकान बताते हुए उसे बेचने को कहा। इस पर बंसराज राजी हो गया और 24 अगस्त को पिनवट के खसरा संख्या -12 स्थित 134 .944 वर्ग मीटर मकान का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट रजनीश और गुड्डी उर्फ कल्पना रावत से कराया। तब 40 लाख रुपए में तय हुए मकान की कीमत में से 29 लाख 19 हजार रुपए विभिन्न तिथियों में रजनीश और कल्पना के खातों में चेक व आरटीजीएस के माध्यम से दिए। बाद में 18 अप्रैल 2024 को बिजनौर स्थित सरोजनीनगर उपनिबंधक कार्यालय में उसका बैनामा कराया। इस दौरान 10 लाख 81 हजार रुपये चेक के माध्यम से दोनों को दिए। बाद में जब वंशराज क्रय किए गए उक्त मकान पर पहुंचा तो वहां लोगों से पता चला कि यह मकान ग्राम समाज की भूमि पर निर्मित है। पीड़ित का कहना है कि यह जानकारी होने के बाद जब उसने अपने रुपए वापस मांगे तो रजनीश, कल्पना और कल्पना के पति राजू रावत ने गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद पीड़ित ने बिजनौर थाने में मामले की तहरीर दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### पत्नी से हुए विवाद में ऑटो ड्राइवर ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में सोमवार देर शाम पत्नी से हुए विवाद के बाद एक ऑटो ड्राइवर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सरोजनीनगर के गौरी निवासी सुशील कोरी (48) ऑटो चालक था। पुलिस का कहना है कि सोमवार देर शाम सुशील का उसकी पत्नी से घरेलू विवाद हो गया। जिससे नाराज होकर सुशील घर से बाहर चला गया और जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद बिजनौर रोड स्थित नहर पुलिया के पास मुंह से झाग निकलने के अलावा उसके तेज उल्टियां देख राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद बेसुध हालत में आनन फानन उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने सुशील को मृत घोषित कर दिया। उधर बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जाँच में पता चला है कि पत्नी से हुए घरेलू विवाद के बाद सुशील ने यह कदम उठाया है। आगे मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### गौशाला में भण्डारा, गायों को खिलाया पूरी और गुड़

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** विकासखंड बनीकोडर के कन्हई पुर ग्राम पंचायत में चल रही गौशाला परिसर में मंगलवार को ग्राम प्रधान आशीष कुमार मिश्र द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें गौशाला में सभी गायों को पूड़ी एवं गुड खिलाया गया। इस क्षेत्र का यह अब तक का अद्भुत भंडारा माना जा रहा है क्योंकि ज्येष्ठ माह के मंगलवार को लोगों द्वारा सड़कों पर भंडारे का आयोजन कर लोगों को भोजन कराया किया गया लेकिन गौशालाओं में भंडारे के आयोजन का यह अनूठा कार्यक्रम रहा। ग्राम प्रधान आशीष कुमार मिश्र ने बताया कि इस समय गौशाला में 418 गाय मौजूद हैं जिन्हें भूसा एवं हरा चारा तो लगातार दिया जा रहा है लेकिन इस बार निर्णय लिया गया कि गौ माता को भी पूड़ी और गुड खिलाया जाए।

### घर में घुस बांके से हमला

**मसौली, बाराबंकी।** शराब के नशे में पड़ोसी के घर मे घुस कर दो युवकों ने एक महिला पर बांके से जानलेवा हमला कर दिया। सोमवार देर रात थाना व कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज निवासी अर्जुन गौतम व सूरज गौतम शराब के नशे में पड़ोसी इंद्रजीत के घर में घुस कर मारपीट करने लगे। घर में मौजूद एक किशोरी का हाथ पकड़ कर खिसौटने लगे। विरोध करने पर दोनों ने जनकदेई नाम की महिला पर बांके से हमला कर दिया। जनकदेई के दोनों पैरों में गहरी चोटें आयी हैं। परिजन सीएचसी बड़ागांव ले गये। जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**जैदपुर, बाराबंकी।** विद्युत वितरण उपकेंद्र जैदपुर एसडीओ के नेतृत्व में चेकिंग अभियान मय पुलिस बल चलाया गया। बकायेदारों के तमाम कनेक्शन काटने के साथ ओवरलोड चल रहे कई कनेक्शन धारकों पर भी कार्यवाही की गयी। दो लाख की बकाया वसूली की गई। बताते चलें कि, लगातार जैदपुर में ओवरलोड के चलते हो रहे फाल्ट को देखते हुये एसडीओ संदीप सिंह के नेतृत्व में जेई शमसुल लका अंसारी व गठित टीम ने मय स्थानीय पुलिस बल मोहल्ला



बड़ापुरा में चेकिंग अभियान चलाया। लोगों में हड़कम्प मच गया। 83 कनेक्शन जांचे गये। 22 कनेक्शन काटे गये। 10 ओवरलोड के साथ 4 लोगों के मीटर बाहर लगाकर कुल 2 लाख रूपए की वसूली भी की गई। इस अवसर पर एसआई हलीम बाबू, एसआई आलोक कुमार, वकार मेंहदी, मो. वसी, इरशाद, सुरेन्द्र महाराज सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि, बकाया वसूली, चेकिंग, ओवरलोड को रोकने हेतु अभियान जारी रहेगा। उपभोक्ता समय पर बिल जमा करें। चेकिंग दौरान बाईपास या ओवरलोड पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

### चोरी के तीन गैस सिलेंडर के साथ दो गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खरगापुर में स्थित प्रिया गैस एजेंसी से तीन खाली गैस सिलेंडर चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन सिलेंडर बरामद होने पर किया चालान। जानकारी अनुसार सोमवार को थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम



खरगापुर में स्थित प्रिया गैस एजेंसी संचालक रजनीश कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी ऊंची भूड ने 23 जून की रात्रि मे खरगापुर गैस गोदाम से तीन एलपीजी गैस सिलेंडर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 380/457/411 भा0द0वि के तहत मामला पंजीकृत कर जांच प्रारंभ करदी। इसी दरमियान ग्राम रमुआपुर के रास्ते पर चोरी के मौजूद होने की मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम अभिषेक वर्मा पुत्र सतीश कुमार निवासी किरतापुर,आदित्य पटेल पुत्र स्व विजय पाल निवासी खरगापुर थाना हैदराबाद बताया। गहनता से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने 23 जून की रात्र को खरगापुर गैस एजेंसी से तीन खाली सिलेंडर चोरी करने की वारदात को अजाम देना स्वीकार कर लेने पर तीनों सिलेंडरों को बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

### प्रवेश परीक्षा में मिला प्रथम स्थान, दौड़ी हर्ष की लहर

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला कक्षा 12 के छात्र ने उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा में प्रथम रैंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ मां-बाप एवं मित्रों शुभचिंतकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। शिक्षक डा0 अनिल द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार अंकुश राणा पुत्र श्री रामचंद्र कक्षा 12 कृषि के छात्र ने उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा CATET 2024 में यूपी में प्रथम रैंक प्राप्त कर कॉलेज के साथ मां बाप का मान बढ़ाने वाले उक्त छात्र को विद्यालय के प्रधानाचार्य ए पी सरोज ने छात्र का मुंह मीठा कराते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा कक्षाध्यापक अरविंद कुमार यादव के कुशल मार्गदर्शन की सराहना की।

### संदिग्धावस्था में बाथरूम में पाया गया युवक का शव

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर के एक मोहल्ले में संदिग्ध अवस्था में युवक का शव उसके घर के बाथरूम में पाया गया है। कई घण्टे बाद जब बाथरूम का दरवाजा नहीं खुला तो परिवार ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह पूरा मामला मोहल्ला मुन्नूगंज के जामा मस्जिद के निकट का है, जहां के निवासी मानवेंद्र (25) उर्फ शेरसिंह पुत्र सुशील सिंह का शव बाथरूम के पाया गया। बताया जा रहा है कि फांसी का फंदा दरवाजे से फंसा हुआ था। परिवार के मुताबिक वह घर में अलग अपने भाई के साथ रहता था। रात में भाई और उनकी पत्नी भी नहीं। मानवेंद्र किस समय बाथरूम में गया किसी को कोई जानकारी ही नहीं हुई। मंगलवार को जब उसकी भाभी पहुंची तो जानकारी हुई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम का लिए भेज दिया है। गोला कोतवाल रमेश चन्द्र पाण्डेय का कहना है कि शव के गले पर गहरे निशान हैं। चूंकि जब दरवाजा खोला गया है तो फांसी पर लटकता नहीं बल्कि फर्श पर शव गिरा पाया गया है, बाकी पोस्टमार्टम के बाद ही सारी जानकारी हो पायेगी।

# भारत नेपाल सीमा पर कवच से और कड़ी होगी सुरक्षा, आउट पोस्ट पर तैनात होंगे सिपाही-दरोगा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** जिले में इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम के लिए कवायद शुरू हो गई है। मंगलवार दोपहर पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा ने एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट, वन विभाग की टीम, नेपाल की एपीएफ फोर्स, क्षेत्राधिकारी पलिया व थाना प्रभारी संपूर्णानगर निराला तिवारी के साथ नेपाल राष्ट्र के मार्ग स्थित केमा बैरियर आजाद नगर घोला का भ्रमण किया।

पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधि व नेपाल के लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। एसपी ने भारत-नेपाल बॉर्डर के मार्गों पर स्थापित बैरियर व नाका पर सघन चेकिंग



एसएसबी के साथ बॉर्डर पर निरीक्षण करते एसपी गणेश प्रसाद साहा।

अभियान चलाकर भारत नेपाल राष्ट्र की सीमा को जोड़ने वाले अन्य मार्गों, पगडंडी, कच्चे व पक्के रास्तों पर तस्करी करने वालों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

जनपद लखीमपुर में भारत-नेपाल की सीमा 120 किलोमीटर के परिक्षेत्र में है, जिसके अंतर्गत जनपद के चार थाने गौरीफंटा, चंदन चौकी, तिकुनियां व संपूर्णानगर आते हैं। बॉर्डर की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाए जाने के लिए एसपी ने कवच सेल का गठन किया है, जिसके अंतर्गत सीमा सुरक्षा के लिए अतिरिक्त 16 कवच आउटपोस्ट बनाए गए हैं, जिन पर उप निरीक्षक को कवच आउटपोस्ट के प्रभारी के रूप में नियुक्त किया है, साथ ही सिपाहियों की तैनाती की है, जिनके द्वारा लगातार सीमा पर निगरानी कर अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाएंगे।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने केमा बैरियर ब्रिज पर एकीकृत कवच आउटपोस्ट बनाने के लिए वन विभाग, नेपाल पुलिस, एसएसबी से समन्वय स्थापित कर पहल की है। भ्रमण के दौरान एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट खेमराज 39 बटालियन पलिया, क्षेत्राधिकारी पलिया यादवेंद्र यादव, वन दरोगा गरीबन लाल व नेपाल की पुलिस, स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## औपचारिकता पूरी करें दिव्यांग, मिलेगी वित्तीय सहायता

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग दिव्यांगों के हितार्थ 'राज्य निधि' मद में वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने के सम्बंध में चार प्रकार का प्राविधान है। दिव्यांगों द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराना। जिनका खेल, ललित कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर व साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एवं खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना।

दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय हेतु वित्तीय सहायता और जो गम्भीर बीमारियों यथा कैंसर, थैलीसीमिया, प्लास्टिक एनीमिया बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों, अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हो, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना। शिक्षा एवं पुनर्वास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सम्बद्ध हितधारकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम (इन सर्विस प्रोग्राम) हेतु वित्तीय सहायता देना।

उन्होंने बताया कि, जिले के सभी सरकारी व गैरसरकारी संस्थाएं एवं दिव्यांगजनों को अवगत कराना है कि, राज्य निधि से दिव्यांगों को वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव विभाग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए विकास भवन स्थित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी में एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करें।

## जनता दर्शन में अवैध कब्जे की एसडीएम से शिकायत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** मंगलवार को एसडीएम आनन्द तिवारी के जनता दर्शन में कस्बा इचौली की महिला समाजसेवी ने बताया कि, गांव के आबादी में नाला पटा पडा है। सड़क किनारे व गड्ढे में पानी भरा है। रोगों के फैलने की संभावना बनी है। एसडीएम ने बीडीओ पूरेडलई से दूरभाष पर वार्ता कर पटे पड़े नाले की सफाई करवा कर समस्या से निजात दिलाने के आदेश दिये। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विरौली ने गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा ग्रामसभा की सरकारी जमीन पर जबरन अवैध निर्माण की शिकायत की।

» एसडीएम ने जांच कर मुकदमा दर्ज कराने का दिया निर्देश

एसडीएम ने हल्का लेखपाल रामकरन को मामले की जांच कर अवैध कब्जा कर रहे व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिये। जनता दर्शन बाद एसडीएम ने तहसील के पारिजात सभागार में तहसीलदार वैशाली अहलावत की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षक और लेखपालों के साथ बैठक कर चरागाह की जमीनों को गौशाला संचालकों के सुपुर्द कर पशुओं के लिए हरा चारा बोने में सहयोग प्रदान करने एवं राजस्व वसूली आदि बिन्दुओं पर चर्चा की। इस मौके पर नायब तहसीलदार श्वेताभ सिंह, दिनेश कुमार पाण्डेय, अवधेश कुमार, प्रेमचंन्द्र, हिमांशु वर्मा, आशुतोष मिश्रा, संदीप कुमार वर्मा, अजय रावत, मो. इद्रीश, रामकरण, आशुतोष वर्मा, शुभेन्द्र अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### संदिग्ध हालत में बुजुर्ग की मौत

**सूरतगंज, बाराबंकी।** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के कुतलूपुर निवासी हुसैनी (75) मंगलवार सुबह वह ग्राम प्रधान के खेत में शौच करने गये। इस दौरान वह खेत में ही गश खाकर गिर गये। जानकारी पर पहुंचे परिजन जब तक इलाज के लिए कहीं ले जाते, तब तक हुसैनी ने दम तोड़ दिया।

परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इधर इलाके में चर्चा है कि, हुसैनी की मौत खेत में जानवरों से बचाव के लिए लगाई गई झटका मशीन की चपेट में आकर हुई। हालांकि, बेटा माता प्रसाद ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। मौत की वजह बीमारी बताई है। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि, बुजुर्ग की मौत बीमारी से हुई। बुजुर्ग पहले से बीमार चल रहा था। करंट जैसी कोई बात नहीं है।

## एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** एक दौर था, जब मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री की चर्चा होती थी, तो बाराबंकी का नाम आ ही जाता था।

जिले के कुछ क्षेत्र तो मादक पदार्थों के लिये देश के कोने-कोने में मशहूर थे। लेकिन, वक्त बदला। अब जिले की तस्वीर बदल गई है। मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर प्रशासन ने ऐसा शिकंजा कसा कि, आगामी 27 जून को देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रीय स्तर पर नशा नियंत्रण के लिये जिलाधिकारी को सम्मानित किया जायेगा। बता दें कि, 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है।

दरअसल, केन्द्र सरकार द्वारा जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा के दिशा निर्देशन में 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान दौरान की गई कार्रवाई में



» बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक के रूप में चयनित हुआ बाराबंकी

बाराबंकी को पूरे देश में बेस्ट परफॉर्मिंग डिसट्रिक्ट के रूप में चयनित किया गया है। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा गुरूवार 27 जून को विज्ञान भवन नई दिल्ली में पुरस्कार दिया जायेगा। लेकिन, यह सब एक दिन में नहीं हुआ। इस मुकाम तक पहुंचने का श्रेय जिलाधिकारी श्री झा ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह को भी दिया है।

जिलाधिकारी श्री झा ने बताया कि, युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए जिले में लगातार महाभियान चलाया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। बीते एक साल में 600 से अधिक एनडीपीएस के मुकदमे दर्ज किये गये। करीब 134 करोड़ के ड्रग्स सीज किये गये। 93 लोगों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही हुई। खास बात यह कि, इन गैंगस्टर की करीब 78 करोड़ की प्रॉपर्टी भी सीज की गई है। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा ज़ारी दिशा निर्देशों के क्रम में जिले के सभी स्कूल और कॉलेजों में इसके सम्बन्ध में अभियान चला कर युवाओं और बच्चों को नशे के दुष्प्रभाओं के बारे में जागरुक किया जा रहा है।

## बकाया वसूली करने गए नायब तहसीलदार पर हमला, कपड़े फाड़े

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** 51 हजार रुपये का सरकारी बकाया वसूलने बेलवा मोती गांव गए नायब तहसीलदार और उनकी टीम पर बकायेदार ने साथियों के साथ हमला कर दिया। हमलावरों के हाथों में डंडे और हंसिये थे। हमले में नायब तहसीलदार, संग्रह अमीन और एक होमगार्ड चोटिल हुए। हमलावरों ने नायब तहसीलदार के कपड़े फाड़कर उनका मोबाइल तोड़ दिया। खमरिया थाने में तहरीर दी गई है।

धौरहरा तहसील क्षेत्र के बेलवा मोती गांव निवासी बृज किशोर पुत्र कामता ने करीब चार साल पहले अतिक्रमण कर चकमार्ग की भूमि पर कब्जा किया था। उस पर 51 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था। इसकी वसूली के लिए संग्रह अमीन कई बार गए, लेकिन बकायेदार हर बार गालीगलौज कर उसे भगा देता था। मंगलवार सुबह करीब दस बजे राजस्व टीम के साथ नायब तहसीलदार धौरहरा शशांक शेखर मिश्रा, संग्रह अमीन पंकज वर्मा और होमगार्ड रूप कुमार बकाया वसूली के लिए बृज किशोर के घर पहुंचे। नायब तहसीलदार शशांक शेखर मिश्रा ने सरकारी बकाया जमा करने को कहा, तो बृजकिशोर गालीगलौज करने लगा।

राजस्व टीम ने विरोध किया तो आरोपी ने हंसिये से संग्रह अमीन पंकज वर्मा और होमगार्ड पर हमला बोल दिया। घटना में दोनों घायल हो गए। संग्रह अमीन को बचाने नायब तहसीलदार आए तो हमला कर उनके कपड़े फाड़ दिए और मारपीट की। उनका फोन छीनकर तोड़ दिया। इस दौरान आरोपी के अन्य साथी भी आ गए और हमराह होमगार्ड रूप कुमार को भी पीट दिया। थाना प्रभारी मनबोध तिवारी ने बताया कि मामले में संग्रह अमीन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**पहले भी बकाया वसूली करने आए अमीनों पर कर चुका है हमला**

बेलवा मोतीगांव निवासी बृज किशोर दबंग किस्म का व्यक्ति है। नायब तहसीलदार धौरहरा शशांक शेखर मिश्रा के मुताबिक, इस पर सरकारी बकाया चार साल से चला आ रहा है। बकाया वसूली करने जाने वाले कई संग्रह अमीन से बदसलूकी और मारपीट कर चुका है।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवती ने की खुदकुशी

**बांदा।** युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सतन्याव गांव निवासी 19 वर्षीय पूजा का सोमवार की दोपहर घरेलू किसी बात को लेकर पति कृष्णकुमार से विवाद हो गया था। नाराज होकर पूजा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पत्नी की हालत बिगड़ने पर पति ने छत से छलांग लगा दिया था। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने पूजा को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतका के भाई गजेद्र का कहना है कि उसकी बहन की शादी चार वर्ष पहले हुई थी। उसके एक बच्चा है।

## खनन माफिया पर कसा शिकंजा, खनन अधिकारी ने की 5 ट्रालियां सीज



मिट्टी खनन कर ले जाई जा रही पांच ट्रालिया खनन अधिकारी द्वारा सीज की गई।

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ (मैलानी) खीरी।** तहसील गोला क्षेत्र के कस्बा मैलानी थाना क्षेत्र में हो रहे अवैध मिट्टी खनन की खबरें सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में वायरल होने पर अवैध मिट्टी खनन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है।

थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह अवैध मिट्टी खनन के कार्यों में लगी पांच ट्रैक्टर-ट्राली को खनन अधिकारी ने मौके पर पकड़कर मैलानी पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी से भरा सीज कर दिया। इससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीने से थाना मैलानी पुलिस की मिली भगत से अवैध मिट्टी खनन का कार्य बहुत ही तेजी से हो रहा था,कई बार मैलानी पुलिस से शिकायत की गयी, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुयी।

## पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ (मैलानी) खीरी।** तहसील गोला क्षेत्र के कस्बा मैलानी में अवैध कब्जाधारी को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर भाजपा मंडल मंत्री, उसके पति एवं नाबालिक पुत्र सहित चार लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुकदमा लिखे जाने की सूचना के बाद से कस्बे के भाजपाई काफी आक्रोशित हैं। भाजपा नेताओं का आरोप है कि उन्हें मुकदमा लिखवाने के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ा,वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर तत्काल फर्जी मुकदमा भाजपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध लिख दिया गया। रिपोर्ट दर्ज होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज होने पर नाराजगी जताते हुए उसे निरस्त करने की मांग की। भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा एक बैठक कर भाजपा की महिला कार्यकर्ता पर लगे झूठे मुकदमे को लेकर रोष जताया। बिना किसी दबाव में निष्पक्ष जांच करने की मांग करते भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगे मुकदमे को समाप्त करने की मांग की है। भाजपा युवा नेता भवानी शंकर माहेश्वरी ने बताया कि कार्यकर्ताओं को दोषी बनाकर फर्जी मुकदमा लिखा जाना पूरी तरह अनुचित है। जल्द ही भाजपा कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर पुलिस उत्पीड़न एवं लिखे गए फर्जी मुकदमे के संबंध में अवगत करायेगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। किसी निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी और दोषी को वख्शा नहीं जाएगा।

### दुर्गा शक्ति नागपाल होगी जिले की नयी डीएम

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार की देर



शाम शासन ने बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए जिसमें लखीमपुर खीरी के डीएम महेंद्र बहादुर को हटाकर उनकी जगह 2010 बैच की आईएएस अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को लखीमपुर खीरी का डीएम बनाया है हालांकि महेंद्र बहादुर की तैनाती के बारे में भी जानकारी नहीं है। दुर्गा शक्ति नागपाल अभी तक बांदा की जिलाधिकारी थी।

## सीधा लाभार्थियों के खातों में मिलेगी आवास निर्माण की धनराशि

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की 9वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगर पंचायत हैदरगढ़ के नव स्वीकृत 372 आवासों का भूमि पूजन एवं आवास स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम नगर पंचायत हैदरगढ़ में सम्पन्न हुआ।

मो. लिल्हौरा के नव चयनित लाभार्थी श्यामू के आवास का भूमिपूजन विधायक दिनेश रावत, चेयरमैन आलोक तिवारी, एसडीएम हैदरगढ़, परियोजना अधिकारी डूडा सौरभ त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के कर कमलो द्वारा कर आवास निर्माण प्रारम्भ कराया गया। ग्राम्यांचल डिग्री कालेज के ऑडोटोरियम परिसर में नव स्वीकृत 372 आवासों के लाभार्थियों को आवास स्वीकृति का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। परियोजना अधिकारी डूडा सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि, योजना अन्तर्गत बाराबंकी में 23 हज़ार 365 आवास स्वीकृत हुये हैं। जिसके सापेक्ष 22 हज़ार



20 आवास छत स्तर तक पूर्ण करा लिये गये हैं। नगर पंचायत हैदरगढ़ में पूर्व में 813 आवास स्वीकृत हुये हैं। जिसके सापेक्ष 790 आवास छत स्तर तक पूर्ण करा लिये गये हैं। वर्तमान में नगर पंचायत हैदरगढ़ में 372 नये आवास स्वीकृत हुये हैं। जिसमें 270 आवासों के प्रथम स्तर जियोटैग पूर्ण कर 231 आवासों को प्रथम किश्त अवमुक्त कर दी गयी है। विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत ने बताया कि, आवास निर्माण हेतु धनराशि सीधा लाभार्थियों के खातों में मिलेगी। जिसका उपभोग कर लाभार्थी अपने आवास का निर्माण करायेगें। उन्होनें लाभार्थियों को आवास निर्माण हेतु प्राप्त होने वाली धनराशि आवास निर्माण में ही उपभोग कर स्वयं का सुन्दर आवास बनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर डूडा के म्यूनिस्पल इंजीनियर आशीष कुमार चौरसिया, जिला समन्वय शिवम विश्वकर्मा एवं क्षेत्रीय सर्वेक्षक सुनील कुमार, अमन वर्मा, कृष्णा रस्तोगी सहित अन्य नगर पंचायत कार्मिक मौजूद रहे।

### मोटरसाइकिल भिड़ंत से दो युवकों की मौत

**बांदा।** दो बाइको में आमने सामने भिडंत हो जाने से दो युवको की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जसपुरा थाना क्षेत्र सोनामऊ निवासी 45 वर्षीय भानू सिंह पुत्र शिवशंकर सोमवार की रात अपने पड़ोसी 45 वर्षीय मूलचंद्र पुत्र कल्लू शंखवार के साथ बाइक में बैठ कर कानाखेड़ा गेंहू पिसाने जा रहे थे। इसी बीच गलौली निवासी 30 वर्षीय सुनील पुत्र सुखनंदन 25 वर्षीय रामू पुत्र शिवलाल निवासी गजपुरा जसपुरा बाइक से वापस आ रहे थे। रास्ते में दोनो की बइके आमने सामने टकरा गई। जिससे भानू सिंह की मौके पर मौत हो गई। सभी लोग घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने मामले की जानकारी एंबुलेस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेस ने सभी को उठाकर सीएचसी जसपुरा में भर्ती कराया।

**कार्यक्रम** आपातकाल के विरोध में भाजपा ने मनाया काला दिवस

# लोकतंत्र की हत्या करने वालों को देश कभी नहीं भूलेगा: कामेश्वर सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश मे 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को काला दिवस मनाया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि इस दिन एक परिवार के लालच एवं अहंकार ने देश में आपातकाल लागू कर दिया। रातों-रात पूरा देश जेल में तब्दील कर दिया गया। मीडिया को दबोच लिया गया। देश के महापुरुषों एवं राष्ट्रभक्तों को सलाखों के पीछे भेज दिया गया। लोकतंत्र की नृशंस हत्या कर दी गयी। श्री सिंह ने कहा कि प्रेस, अदालतें, भाषण सब पर पाबंदी लगा दी गयी। गरीबों और दलितों पर अत्याचार किये गए। उन्होंने कहा आपातकाल के संघर्ष और यातनाओं को सहन करने वालों के साथ देश हमेशा खड़ा है। करोड़ो देशवासियों पर अत्याचार करने वाली कांग्रेस को भी देश की जनता कभी नहीं भूलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बाबा साहब के संविधान की धज्जियां उड़ाई। निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि इतिहास के इस काले अध्याय का भाजपा पुरजोर विरोध करती है। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि सत्ता के मद में चूर कांग्रेसी नेतृत्व ने लाखों देशभक्तों पर जो जुल्म ढाए हैं उसकी सजा वह भुगत रही है। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि लाखों



लोगों के प्रयासों से देश मे लोकतंत्र बहाल हुआ जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में और मजबूत हुआ है। संगोष्ठी में एमएलसी अंगद सिंह व पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन जिला महामंत्री शीलरत्न मिहिर ने किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, अमरीश रावत, प्रमोद तिवारी, गुरुशरण लोधी, विजय आनंद बाजपेई, रामेश्वरी त्रिवेदी, सीता शरण वर्मा, अनीता रावत, आशुतोष अवस्थी, पूजा सिंह, पुनीत मिश्रा, प्रवीण सिंह सिसौदिया मौजूद रहे।

### जब लगाई इमरजेंसी, तब कहां थी कांग्रेसियों की नैतिकता : इन्द्र प्रताप

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** इण्डी गठबंधन के नेताओं को तो संविधान छूने का भी अधिकार नहीं है, क्योंकि इन लोंगो ने समय समय पर संविधान पर हमला करके उसे कमजोर करने का काम किया है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी पंचायत प्रकोष्ठ पूर्व संयोजक इन्द्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को आपातकाल की बरसी पर रामसनेहीघाट में कही। उन्होंने कहा आज ही के दिन राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी ने देश के संविधान की आत्मा पर हमला करते हुए देश में इमरजेंसी लागू की थी। विपक्ष के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं को जबरन जेल में ठूंस दिया गया था। जेल में कठोर यातनाएं दी गई, पूरा देश त्राहि-त्राहि कर रहा था। तब कांग्रेस के नेताओं की नैतिकता कहाँ गई थी। इन्द्र प्रताप सिंह ने कहा राहुल गांधी को अपनी दादी और पार्टी के कृत्यों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। सपा मुखिया अखिलेश यादव को घेरते हुए इन्द्र प्रताप सिंह ने कहा समाजवादी पार्टी को भी आज जनता को यह जवाब देना चाहिए कि जिस पार्टी ने देश पर आपातकाल थोपा उस पार्टी के साथ गठबंधन कर कौन से संविधान का समर्थन करना चाहते हैं।

अखिलेश यादव को यह भी बताना चाहिए कि न्यायालयों में हल्ला बोल किस संविधान का समर्थन है। इन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस, सपा, कम्युनिस्ट पार्टियां संविधान के सम्मान का सिर्फ नाटक करती हैं, वास्तव में भाजपा ही संविधान की मर्यादा व उसकी रक्षा करते हुए, संविधान के अनुसार देश को आगे बढ़ाने का काम करती है।

### ट्रैक्टर की चपेट में जा आने से किसान की मौत

**बांदा।** खेत जोतने के बाद ट्रैक्टर लेकर घर आए किसान की खुद के ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पचंनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के मूगुस गांव निवासी 49 वर्षीय ननकू सिंह पुत्र देवशरन सिंह किसानी करता था। सोमवार की रात वह खुद के ट्रैक्टर से खेत जोत कर घर आया। ट्रैक्टर घर के भीतर खड़ा कर रहा था। तभी वह ट्रैक्टर से नीचे आ गिरा और पहिया की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पड़ोसी ने बताया कि उसके पास पांच बीघा जमीन है।

## संपादकीय

# जनादेश की कसौटी

18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत सोमवार को हो गई है। हालांकि शुरुआती दो दिन सांसदों के शपथ ग्रहण की औपचारिकता ही होनी है, लेकिन फिर भी दोनों पक्षों के तेवर पहले ही दिन से यह संकेत दे रहे हैं कि न तो विपक्ष इस बार सदन में अपनी ताकत दिखाने का कोई मौका चूकना चाहता है और न ही सत्ता पक्ष उसे हलके में लेने के मूड में है। वैसे संख्या बल में जो भी थोड़ी-बहुत कमी रह गई हो, तथ्य यह है कि 17वीं लोकसभा में भी विपक्ष ने विरोध की डिग्री में कोई कमी नहीं रहने दी थी। यह बात सदन के अंदर और बाहर विपक्ष के हंगामे, वॉकआउट, धरना-प्रदर्शन वगैरह में ही नहीं, सदन से विपक्षी सांसदों के निलंबन जैसी कार्रवाइयों में भी झलकती रही। बेशक इन सब पर पक्ष और विपक्ष का अपना अलग रुख है, उसके पीछे उनकी अपनी दलीलें भी हैं, लेकिन एक स्तर पर देखा जाए तो यह एक धड़कते, जिंदा लोकतंत्र की ज्वलंत निशानी भी मानी जाएंगी। बावजूद इसके, पिछली लोकसभा में कई मामलों में सत्ता पक्ष के सामने विपक्ष की कमजोरी भी दर्ज होती रही। पिछले करीब दस साल सदन में नेता प्रतिपक्ष की जगह खाली रही। 17वीं लोकसभा में तो कोई डेप्युटी स्पीकर भी नहीं बनाया गया और विपक्ष सरकार को इसके लिए मजबूर नहीं कर सका। इस पृष्ठभूमि में 18वीं लोकसभा में विपक्षी सदस्यों की बढ़ी हुई संख्या उनके मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाए हुए है। पहले दिन ही सदन के बाहर संविधान हाथ में लिए प्रदर्शन करते विपक्षी सांसदों ने यह संकेत दिया कि वे सरकार पर दबाव बनाने का कोई मौका इस बार नहीं चूकना चाहते। दूसरी ओर सत्ता पक्ष भी अपने गठबंधन की मजबूती को कम समझने वालों के सारे भ्रम दूर करते चलने को कृत संकल्प दिख रहा है। विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन के जवाब में आपातकाल की याद दिलाने वाला पीएम मोदी का बयान बताता है कि विपक्षी दलों की हर ईंट का जवाब पत्थर से देने की तैयारी सत्ता पक्ष ने भी कर रखी है। मुद्दों की कमी नहीं है। चाहे चुनावों से पहले के अग्निवीर और जाति जनगणना जैसे मुद्दे हों या महंगाई और बेरोजगारी जैसे शाश्वत माने जाने वाले सवाल या फिर पेपरलीक से जुड़े आरोप- सदन में ये उठेंगे ही। असल चुनौती यह है कि बदले समीकरणों के बीच विपक्ष अपनी बढ़ी हुई ताकत का कितना कुशल और रचनात्मक इस्तेमाल कर सकता है और सत्ता पक्ष इस ऊर्जा को ईंधन बनाते हुए किस हद तक देश के विकास को गति दे पाता है। यही कसौटी है जो मतदाताओं के इस जनादेश ने दोनों के लिए तय की है। विपक्ष के तेवर सत्र के दूसरे दिन भी दिखाई दिये। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार लोकसभा में सांसद के रूप में शपथ ली। शपथ के लिए जैसे ही उनका नाम पुकारा गया, विपक्ष के अधिकांश सदस्यों ने नारे लगाकर उनका स्वागत किया। सिर्फ कांग्रेस ही नहीं, दूसरे विपक्षी दलों के सांसदों ने भी खड़े होकर उनका स्वागत किया। राहुल गांधी शपथ लेने के लिए जब आगे बढ़े तो उनके हाथ में संविधान की कॉपी थी। शपथ से पहले उन्होंने संविधान की कॉपी को हाथ में उठाकर सत्ता पक्ष की ओर दिखाया। इसके बाद उन्होंने शपथ ग्रहण करना शुरू किया। शपथ लेने के बाद राहुल गांधी ने जय हिंद, जय संविधान का नारा लगाया। शपथ लेकर वह नीचे उतरने लगे लेकिन फिर दोबारा वह स्पीकर से मिलने पहुंचे। कांग्रेस के सदस्यों ने इस दौरान अपने स्थान पर खड़े होकर 'जोड़ो जोड़ो, भारत जोड़ो' के नारे लगाए। राहुल गांधी इस बार दो सीट रायबरेली और वायनाड से लोकसभा चुनाव जीते थे लेकिन उन्होंने वायनाड से इस्तीफा दे दिया। अब वह रायबरेली के सांसद हैं। राहुल गांधी के बाद शपथ लेने के लिए अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा का नाम पुकारा गया। किशोरी लाल जब शपथ लेने पहुंचे तो उनके हाथ में भी संविधान की कॉपी थी। इस बार लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट की काफी चर्चा रही। किशोरी लाल ने बीजेपी की स्मृति ईरानी को इस चुनाव में हराया है। विपक्ष के तेवर देखते हुए मौजूदा सत्र हंगामेदार रहने की संभवना है।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# वायु प्रदूषण से लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार ?


ललित गर्ग

कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है.

इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं।

प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**जवाबदेही**

दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ति होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है।

दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर 'बेहद खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है। नतीजन, वायु में सूक्ष्म जहरीले तत्व घुलने लगते हैं और प्रदूषण के गहराने की दृष्टि से इसे खतरनाक माना जाता है।

हमारा राष्ट्र एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों की सरकारें नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर खड़ी है। और हमारा नेतृत्व गौरवशाली परम्परा, विकास और हर प्रदूषण खतरों से मुकाबला करने के लिए तैयार है, का नारा देकर अपनी नेकनीयत का बखान करते रहते हैं। पर उनकी नेकनीयती की वास्तविकता किसी से भी छिपी नहीं है, देश में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के आंकड़े इस वास्तविकता को उजागर करते हुए प्रदूषण की समस्या का कोई दीर्घकालिक और ठोस हल निकालने के लिये चेता रहे हैं।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# बड़ा बाज़ार बन चुकी है मेडिकल की शिक्षा


शादाब सलीम



खबरे हैं कि नीट में बड़ा घोटाला हुआ है और मामला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया है क्योंकि 67 बच्चे ऐसे हैं जिन्होंने अधिकतम अंक प्राप्त कर लिए हैं। इससे पूर्व मध्य प्रदेश में व्यापमं घोटाला हुआ था जब व्यापमं अर्थात व्यावसायिक परीक्षा मंडल मध्य प्रदेश में मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करता था। फिलहाल देश में मेडिकल की शिक्षा एक बड़ा बाज़ार बन चुकी है।

भारत में चिकित्सकों की कमी है क्योंकि कानून श्रेष्ठ मस्तिष्क को चिकित्सक बनाना चाहता है। फिर मेडिकल की पढ़ाई महंगी है, उसके लिए पूरा अस्पताल चाहिए होता है। बैचलर ऑफ मेडिसिन करना बैचलर ऑफ आर्ट्स करने जैसा नहीं है। चिकित्सकों की कमी है। इसलिए इस क्षेत्र में रोज़गार अच्छा है। रोज़गार होने से लोग भी वहां आना चाहते हैं।

इस ज़माने में भी डॉक्टर बनने की लोगों में सर्वाधिक इच्छा है। यह इच्छा इतनी तीव्र है कि लोग बैचलर ऑफ मेडिसिन नहीं बन पाने पर कोई अन्य सहायक मेडिकल पाठ्क्रम में दाखिला लेकर छोटे डॉक्टर बन जाते हैं। मैं उनके लिए झोलाछाप जैसा शब्द इस्तेमाल नहीं करता क्योंकि यह अहंकार का प्रतीक है। जिस व्यक्ति के पास जो संसाधन होते हैं, वह वैसा काम कर लेता है। आदमी साधनों का पुतला है।

बहरहाल, चिकित्सक बनने के लिए लोग ज़मीन तक बेचकर रूस और उसके आसपास के देशों तक चले जाते हैं क्योंकि वहां सरलता से दाखिला मिल जाता है और कोई प्रवेश परीक्षा नहीं होती है। हालांकि डॉक्टर बनने के लिए भारत फिर से उनसे परीक्षा लेता है।

व्यापमं घोटाले के समय सस्ते युग में लोगों ने दलालों को करोड़ों रुपये दे दिए थे। शासन चाहता है लोगों का इलाज सुरक्षित हाथों में रहे क्योंकि जान का मामला है लेकिन भ्रष्टाचार उस ध्येय में सेंध मारता रहता है। इसलिए ही चिकित्सक बनाने के लिए श्रेष्ठ से श्रेष्ठतम मस्तिष्क का चयन किया जाता है।

मौजूदा नीट के घोटाले पर संदेह इसलिए भी पुख्ता होता है क्योंकि चिकित्सा प्रवेश परीक्षा की तैयारी की ट्यूशन जघन्य धंधे के रूप में चल रही है। यह पूरी तरह अनैतिक है। ट्यूशन ऐसी चलायी जा रही है जैसे कोई कॉरपोरेट दफ्तर चल रहे हैं। हर बड़े और मंझले शहर में महंगे से महंगे स्थान पर बहुमंजिला इमारतें बनाकर ट्यूशन चलायी जा रही है।

बच्चे इतने हैं कि छुट्टी के समय सड़कें जाम हो जाती हैं। नौवीं कक्षा से ही बच्चों को भर्ती कर लिया जाता है। यह संभव है कि माताएं अपने गहने तक गिरवी रखकर बच्चों को नीट की तैयारी के लिए भेज रही हों क्योंकि सड़क पर रंगीन बिल्ला लगी हुई यूनिफॉर्म पहन कर घूमता हर बच्चा एक लाख रुपए से कम का नहीं है।

यह ट्यूशन सेंटर अखबारों में तीन-तीन चार-चार पन्ने बुक करके विज्ञापन लगाते हैं, वह भी ऐसे महंगे अखबारों जिसमें कोई मध्यम आय वर्गीय शोक संदेश भी छपवाने की हैसियत नहीं रखता है। यह जघन्य अनैतिक कृत्य खुलेआम हो रहा है, इस पर कोई विमर्श ही नहीं है। किसी सरकार की ओर से इसके विज्ञापन पर नियंत्रण जैसे कोई आदेश नहीं आए हैं।

हमारे देश में वकीलों का विज्ञापन करना वर्जित है और हैरानी की बात यह है कि वकीलों को अपना बोर्ड भी एक निर्धारित साइज़ में ही लगाना है। ऐसा क्यों है ? क्योंकि कुछ चीजों को नैतिक अनैतिक पर भी तौला गया है। एक वकील यह विज्ञापन कैसे कर सकता है कि बड़े से बड़े डाकू जमानत के लिये संपर्क करें। हमें कई डाकुओं को दोषमुक्त करवाने का फ़ख्र हासिल है। इसलिए एक वकील के पेशे को उपभोक्ता कानून से भी दूर रखा गया है। हालांकि सब अर्थ का अनर्थ हो गया है।

पढ़ना और पढ़ाना धंधा नहीं होता है। इसे ऐसा भयंकर धंधा क्यों बना दिया गया है और यह दस्तूर निरंतर जारी है। इस पर रोक क्यों नहीं है ? इसके विज्ञापन पर रोक क्यों नहीं है ? इन ट्यूशन की फीस क्यों निर्धारित नहीं है ? ऐसे कई सवाल उठ रहे हैं।

नीट के इस खेल में इन ट्यूशनों माफियाओं के हाथ होने का भी संदेह है। जो गारंटी ले सकते हैं, वह क्या नहीं कर सकते। बहरहाल, धीरे धीरे सारे पत्ते खुलेंगे। देश के नागरिकों की जान इतनी सस्ती नहीं है कि कोई भी औसत व्यक्ति चिकित्सक बनकर पेट काट दे। नीट में घोटाला होना विरल से विरलतम है।

## कविता


वाज़दा ख़ान

### सफेद चांद

सफेद झक्क चांद
दु:ख ओढ़े
मुस्कुरा ही दिया और मैंने
चुपके से देख ली
जज्ब कर ली, अपने जज्बातों में
ऐसा करना
कितना अच्छा लगा था मुझे
पर ये तय है
अच्छी बातें बार-बार
नहीं होतीं और दुख
बार-बार गिरता है आंगन में
कितना बुहारूंगी मैं
कहीं तुम्हारी वह मुस्कान
अंधेरे आंगन की
कच्ची मिट्टी में धुल न जाए
अन्तत: जिसका डर था मुझे
वही हुआ
ढूंढ़ती फिर रही हूं तुम्हारी
मुस्कान उस छोटे से आंगन में
घुल गई है वो
कच्ची मिट्टी में ऐसे
जैसी कभी थी ही नहीं।

# गृहस्थी : एक पहिया ट्रैक्टर, एक साईकिल का !


अरुण गुप्ता

**रोजनामचा खाकसार का**

वैसे तो हम बचपन से ही बहुत होसियार थे और थे क्या, टोला-पड़ोस वाले भी यह जानते थे। कक्षा एक से एमए तक हमारा रिजल्ट भी चिल्ला-चिल्ला कर इसकी ताईद करता था। और लोग मानते थे कि इसी की बदौलत हमें पुलिस महकमे में, वैसे वहां काबिलियत की दरकार होती नहीं, नौकरी भी मिल गई।

अब पीछे-पीछे आईं खदेरन की महतारी, हमारी जिंदगी में दिल के रास्ते दाखिल हो गयीं। तब तक खदेरन इस दुनिया में आए भी नहीं थे और वह हमारे जैसे एक आम आदमी की खास माशूका कम बीवी ज्यादा थीं और ...तू मेरा चांद, मैं तेरी चांदनी की धुन पर टाइप 4 की सरकारी रिहाइश में सिमटी हमारी दुनिया उन्हीं के इर्द-गिर्द घूमती थी। उस जमाने में शोना, बाबू, बेबी जैसे नामों का चलन शुरू न हो पाने के कारण हम उनके लिए एजी, सुनो जी, सुन रहे हैं... आदि की जद में थे और वे हमारे लिए मैडम और बाकी स्टाफ के लिए मेम सा'ब के लकब से नवाजी जाने लगीं। बहरहाल, चार दिन की चांदनी उतरने के साथ मामला थोड़ा प्रैक्टिकल होना शुरू हुआ। कई तजुर्बेकारों के मश्वरे के मुताबिक और इसके पहले कि रोज-रोज की चिकचिक शुरू हो, बेहतर था कि डिविजन ऑफ लेबर के उसूलों का ख्याल करते हुए काम का बंटवारा कर लिया जाये।

आखिरकार तय हुआ कि बड़े मसलों में हमारी चलेगी- हमारी क्रिकेट टीम का कप्तान किसे होना चाहिए ? या भारत को एटम बम बनाना चाहिए या नहीं ? यूनाइटेड नेशन में भारत के पास वीटो पावर कैसे मिले ? पाकिस्तान से बातचीत होनी चाहिए या नहीं...?

और तय हुआ कि छोटे-मोटे मामलों में उनका फैसला माना जाएगा जैसे- हमारे वेतन का तिया-पांचा कैसे होगा ? हमें क्या खाना और पहनना हैं ? राशन किस दूकान से आएगा ? बच्चे किस स्कूल में पढ़ेंगे ? हमारे कौन से दोस्त घर में आएंगे और कौन दरवाजे से ही टरका दिए जाएंगे...?

अब कहने को यह महज इत्तेफाक था कि खदेरन की महतारी के आने के बाद जब पहली तारीख को कैश हवलदार वेतन का लिफाफा लेकर आया, अपन किसी मर्डर के मौके पर जाने के लिए निकल रहे थे, सो रसीद पर दस्तखत कर उसे लिफाफा घर पर मैडम को देने को कह दिया। इसके बाद लगातार दो-तीन बार ऐसा ही हुआ कि वेतन का लिफाफा ठीक उसी वक्त आया जब जल्दबाजी में कहीं निकलना पड़ रहा था। फिर हवलदार ने हमारे बजाय लिफाफा सीधे खदेरन की महतारी को देने और आगे-पीछे रसीद पर हमसे दस्तखत करवा लेने की आदत बना ली। बाद में जब वेतन सीधे बैंक खाते में जाने लगा, तब भी वह हमारे साझा खाते में आता था जो आज पेंशन के दौर में भी जारी है और कब्जा भी उनका ही है। बहरहाल, इन सालों में न केवल खदेरन की आमद परिवार में हुई बल्कि पीछे-पीछे उनके दो नफर छोटक्के भी आ गये। इधर, धीरे-धीरे यह अहसास भी हो गया कि खदेरन की महतारी की अक्ल के आगे अपनी सारी होसियारी सिर्फ पानी भरने के लायक ही बची है। और यह अहसास कराने के लिए खदेरन की महतारी के बोल बच्चन ही काफी हैं जिसमें से कुछ नमूने पेश हैं -

'वइसे तो अपने को बड़ा होसियार समझते हैं, लेकिन जिसे देखो, उल्लू बना के चला जाता है, न अपना दिमाग खर्चेंगे औ' न हमसे राय मश्विरा करेंगे।'

'हम हैं तो बैठे-बिठाए मिल जाता है सब कुछ, मिलती फलानी जैसी तब पता चलता।'

'सौ दफे कहा कि उससे दूर रहो, लेकिन हमारी बात तो सुननी ही नहीं, अब भुगतो।'

'हमारी बात सुनी/मानी होती, तो आज ये दिन न देखना पड़ता।'

सो गृहस्थी की गाड़ी है, बस एक पहिया ट्रैक्टर का है और एक साईकिल का, फिर भी खिंची जा रही है।

# अपना इतिहास दोहरा रहा है पाकिस्तान


संजीव ठाकुर

इमरान खान को विभिन्न मामलों में आरोपी बनाकर लगभग 100 से ज्यादा आरोपों में अटक की जेल में सामान्य कैदियों की तरह रखा गया है, खैर यह तो होना ही था। पाकिस्तान का तो इतिहास ही रहा है कि उसके जितने अपदस्थ प्रधानमंत्री हुए हैं सब को जेल की हवा खानी पड़ी है। इमरान को भी इस बात को समझ जाना चाहिए था जिस तरह जुल्फिकार अली भुट्टो को जेल में कैद कर फांसी की सजा दे दी गई थी, उसी तरह इमरान पर भी आरोप लगाकर पाकिस्तानी हुक्मरान जुल्फिकार की तरह का व्यवहार करने की तैयारी में है।

भारत और पाकिस्तान दोनों अंग्रेजों की दासता से 1947 मैं स्वतंत्र हुए थे। दोनों देश विकास की धारणाएं अलग-अलग बनाकर आगे बढ़े थे। भारत विकास और शांति के सोपानों में निरंतर आगे बढा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत नए-नए कल कारखाने और कृषि को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया गया और काफी हद तक सफल भी रहा है। पाकिस्तान ने विकास की जगह भारत को सदैव नीचा दिखाने का प्रयास किया। विकास के नाम पर वहां केवल युद्ध और हिंसा को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान के इतिहास में 18 प्रधानमंत्रीयों ने कभी अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को विभिन्न आरोप लगाकर फांसी की सजा दे दी थी। उसके बाद उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या करवा दी गई। नवाज शरीफ पर विभिन्न आरोप लगाकर लंदन में जाकर बसने को मजबूर कर दिया गया, बड़े दिनों वो वापस वतन लौटे है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से पूरा देश नियंत्रण से बाहर है। अब शहबाज शरीफ़ दूसरी बार प्रधान मंत्री बने हैं। इमरान की लोकप्रियता देखते हुए इमरान खान को को जेल में डाला जाना पूर्व नियोजित ही था। 9 मई को जो अराजक तत्वों ने सरकारी इमारतों की तोड़फोड़ की, उसका सारा आरोप इमरान खान पर लगाते हुए उन्हें एक बार गिरफ्तार भी कर लिया गया है। अब स्थिति यह है कि पाकिस्तान में आवाम को रोटी, चावल और पेट्रोल, गैस जैसी जरूरी चीजों के लिए तरसना पड़ रहा है। पाकिस्तान में अभी गृह युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पाकिस्तान की सेना के जनरल मुनीर पाकिस्तान में इमरान खान को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने में लगे हुए हैं। इमरान खान के सभी बड़े समर्थक नेता पार्टी छोड़कर भाग चुके हैं। महंगाई बेरोजगारी और अराजकता पाकिस्तान में चरम सीमा पर है। प्रधानमंत्री शरीफ के पास देश को बचाने के लिए धनराशि भी नहीं है और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ,सऊदी अरेबिया, चीन ने पाकिस्तान की मदद करने से हाथ ऊपर खड़े कर लिए हैं। पाकिस्तान में गृह युद्ध की आशंका को इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में पाकिस्तान में 1971 की तरह बांग्लादेश के निर्माण की कथा व्यथा और इतिहास को दोहराने की संभावना दिखाई दे रही है। सन 1971 में बांग्लादेश के बंगबंधु मुजीब उर रहमान ने गृह युद्ध की घोषणा कर भारत की मदद से पाकिस्तानी सेना का सामना कर पाकिस्तान को मजबूर कर दिया था और पाकिस्तानी सेना के 93000 जवानों ने जनरल नियाजी के नेतृत्व में भारत के जनरल अरोड़ा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। इस तरह बांग्लादेश का पृथक से निर्माण हो पाया था। अब किसी तरह भी पाकिस्तान में फिर से गृह युद्ध होता है और मार्शल लॉ लगाया जाता है तो सिंध, बलूचिस्तान और पाक अधिकृत काश्मीर के अलग होने की पूरी संभावना बन रही है। वहां भी जनता पूरी तरह गृह युद्ध के तेवर में दिखाई देने लगी है। यदि ऐसा होता है तो पाकिस्तान के टुकड़े होने से कोई रोक नहीं सकता। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर 121 मुकदमे चलाए जा रहे हैं। पाक अधिकृत कश्मीर अलग स्वतंत्रत होने की पूरी तैयारी में है। दूसरी तरफ उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने आम जनता को दाल रोटी और चावल की कमी के कारण भुखमरी के हालात बन गए हैं। पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री के सामने कई क्षेत्रों से चुनौतियां सामने आ रही हैं। वह अपनी आवाम को खाना खिलाए या अपनी पुरानी उधारी का कर्ज कई देशों को वापस करें या फिर अपनी सेना को मार्शल ला लगाने से रोके। शहबाज शरीफ अब पूरी तरह से लाचार दिखाई दे रहे हैं। उपरोक्त परिस्थितियों में पाकिस्तान का कोई भविष्य नजर नहीं आता है। पाकिस्तान को वर्तमान स्थिति से उबरने के लिए आगामी 10 से 20 साल लग सकते हैं और यदि मार्शल लॉ लगता है तो निश्चित तौर पर पाकिस्तान के टुकड़े होने से खुद पाकिस्तान रोक नहीं सकता है। पाकिस्तान बड़े देशों की तरफ देखकर निहार रहा है कि कोई उसकी मदद करने के लिए आगे आए, पर परिस्थितियां ऐसी दिखाई नहीं दे रही हैं कि कोई बड़ा और समझदार देश पाकिस्तान के इन हालात में उसकी मदद कर पाएगा। पाकिस्तान को खुद पाकिस्तान के हुक्मरानों ने इस विकराल परिस्थितियों में ढकेल दिया है। दूसरी तरफ भारत उसका पड़ोसी देश विकास की चरम सीमा पर है। आज की आर्थिक परिस्थिति में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर है। सामरिक तौर पर भारत की सेना वैश्विक स्तर पर काफी मजबूत मानी जा रही है और भारत के प्रधानमंत्री की G7 की इटली यात्रा ने भारत को ग्लोबल लीडर बना दिया है। यदि दोनों देशों भारत और पाकिस्तान की तुलना करें तो भारत पाकिस्तान से कहीं आगे निकल गया है। अब पाकिस्तान में भयानक अराजकता की स्थिति बन गई है। पाकिस्तान के टुकड़े होने और वहां गृह युद्ध होने से उसे कोई चमत्कार ही बचा सकता है।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **आनंद अग्निहोत्री***, **सलाहकार संपादक** - गोलेश स्वामी, **एसोसिएट एडिटर**- मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

# ऑनलाइन 96 श्रमिक, ऑफ लाइन मिले सिर्फ तीन

## मनरेगा से इंटरलॉकिंग निर्माण में मस्टर रोल पर बड़ी गड़बड़ी

» सकरन के पिपरा खुर्द में भी फर्जी हाजिरी से किया गया खेल


मौके पर काम करते श्रमिक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** सकरन ब्लॉक में केंद्र सरकार की मनरेगा योजना प्रधानों व पंचायत सचिवों के लिए कामधेनु साबित हो रही है। आए दिन ऑनलाइन श्रमिकों की मस्टर रोल पर फर्जी हाजिरी लगाकर कागजों पर कार्य कराना दर्शाया जाता है। मंगलवार को भी तीन ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन मजदूरों की संख्या काफी बड़ी दर्शायी गई, जबकि धरातल पर चंद मजदूर ही काम करते मिले। हालांकि एक स्थान पर कार्य ही नहीं किया जा रहा था।

सकरन ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिपराखुर्द में सोमवार को राजा टोडरमल अमृत सरोवर तालाब निर्माण व अकबाल के घर से बिंद्रा के घर तक इंटरलाकिंग कार्य में कुल 54 मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी मनरेगा से लगायी गयी, जबकि ग्राम पंचायत में केवल इंटरलॉकिंग कार्य ही करवाया जा रहा था। जिसमें मात्र सात मजदूर मौके पर कार्य करते पाये गये। तालाब में न तो खुदाई करवायी जा रही है और न ही निर्माण कार्य चल रहा था। इसी तरह ग्राम पंचायत झौव्वाकलां के मजरा छपरतल्ला में कुंवरगड्डा तालाब खोदाई में 78 मजदूरों की हाजिरी लगायी गयी मगर मौके पर एक भी मजदूर कार्य करता नही मिला। ग्राम पंचायत सकरन में पुलिया से हरीश सिंह के खेत तक ड्रेन सफाई के नाम पर 96 मजदूरों की हाजिरी लगायी गयी जबकि मौके पर केवल तीन मजदूर ही काम करते दिखे। बाकी सभी मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी लगाकर प्रधान व सचिव, रोजगार सेवक तथा टीए मिलकर फर्जी तरीके से भुगतान करवाने की योजना की साजिश रच रहे हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत दुगाना, मोहारी, ताजपुर व सकरन में भी हर रोज मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगायी जा रही है। इस सम्बंध में जब एपीओ रवि सिंह से बात की गयी तो उन्होने बताया मामला जानकारी मे नही है जांच करवायी जायेगी।

# नेशनल हाइवे पर पलटी डबल डेकर बस, 17 यात्री घायल

» गोंडा से 60 सवारियां लेकर लुधियाना जा रही थी प्राइवेट बस, सात रेफर

» एक यात्री का पैर कटा, बचाव कार्य को मौके पर पहुंचे अधिकारी


घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़

**विश्ववार्ता संवाद**

**महोली/नेरी (सीतापुर)।** गोंडा से सवारियां लेकर लुधियाना जा रही प्राइवेट डबल डेकर बस हाइवे पर कारीपाकर गांव में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे बस में फंसे डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए, इनमें से एक यात्री ताहिर निवासी गोंडा का पैर कटकर अलग हो गया। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। सूचना पाकर सीएमओ, एसपी, सीएचसी प्रभारी, एसडीएम, सीओ व पुलिस फोर्स बचाव कार्य को लेकर पहुंच गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। यहां से सात यात्रियों की हालत खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गोंडा से डबल डेकर बस पांच दर्जन से अधिक यात्रियों को लेकर लुधियाना जा रही थी। बस में बहराइच व सीतापुर के भी कुछ यात्री सवार थे। दोपहर बाद बस कारीपाकर गांव में अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे अधिकांश यात्री बस में ही फंस गए और बचाने को शोर मचाने लगे। सूचना पाकर सीओ महोली, एसडीएम महोली, सीएचसी प्रभारी व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रशासन ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकलवाकर उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया।

इनमें रज्जन अली पुत्र ताहिर अली निवासी गोंडा, अम्बरीश पुत्र राममिलन निवासी सीतापुर, मनोज कुमार पुत्र राम स्वरूप वर्मा गोंडा, शिव कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी कोडरी गोंडा, श्रवन पुत्र फूलचंद्र गोंडा, साजन पुत्र मंगल प्रसाद निवासी बहराइच व करन पुत्र ब्रजलाल निवासी गोंडा की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इसके अलावा तेजू पुत्र राम दौर, नेहा पत्नी महेश कुमार, कैलाशवती पत्नी सीताराम, माता प्रसाद पुत्र रामपाल, मिथिलेश देवी पत्नी गया प्रसाद, पूनम पत्नी अजय व अनुशिका पुत्री अजय निवासीगण गोंडा व कमलेश पुत्र भागीरथ निवासी सीतापुर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह, एएसपी उत्तरी प्रकाश कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच जानकारी ली। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सीएचसी की इमरजेंसी से लगाकर परिसर तक में खून बिखरा पड़ा था।

# कार्य हुआ नहीं, फर्मों को किया भुगतान

**सीतापुर।** सकरन ब्लॉक में बगैर कार्य कराए ही फर्मों के नाम भुगतान करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से शिकायत करके जांच कर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम पंचायत सकरन में वर्ष 2023-24 में नाली व विद्यालय की बाउन्ड्रीवॉल निर्माण के नाम पर पांच लाख रुपये की धनराशि दो फर्मों के नाम निकाल ली गयी। ग्राम पंचायत में प्राइमरी स्कूल की बाउन्ड्रीवॉल निर्माण के नाम पर जायसवाल ट्रेडर्स फर्म को 25064 व 41802 रुपयों का भुगतान किया गया। इसके अलावा टेकई के घर से अशर्फी के घर तक नाली निर्माण के नाम पर 25064 ओमजी के घर से हरगोविन्द के घर तक नाली निर्माण के नाम पर समर इंटर प्राइजेज को 72628, 80401, 49464, 55730, 63429, 1491 व 85250 रुपये का भुगतान किया गया। मजे की बात तो यह है कि स्कूल की बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कराया ही नहीं गया और न ही नालियों का निर्माण हुआ है। इस सम्बंध में ग्रामीण रामचन्द्र यादव व अजय कुमार आदि ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराये जाने की मांग की है।

# बस की टक्कर से सहायक अध्यापक की मौत

» स्कूल से विद्यालय जाते समय हुआ हादसा, शिक्षिका जख्मी


हादसे के बाद घटनास्थल पर खड़ी बस

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** परसेंडी ब्लॉक में तैनात शिक्षक राजकुमार की सड़क हादसे में मंगलवार सुबह दर्दनाक मौत हो गई। शिक्षक परसेंडी ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय विरैचा में तैनात था। हादसे में इसी विद्यालय में तैनात एक शिक्षिका भी बुरी तरह से जख्मी हो गई। मृतक शिक्षक आगरा जिले का रहने वाला था।

आगरा जिले के निवासी राजकुमार की 72 हजार शिक्षक भर्ती की प्रथम बैच में नियुक्ति हुई थी। वह परिवार के साथ शहर के बिजवार इलाके में किराये पर रहते थे। मंगलवार सुबह तकरीबन सात बजे वह बाइक से शिक्षिका वंदना को लेकर बाइक से अपने विद्यालय जा रहे थे। खैराबाद थाना क्षेत्र में कसरैला मोड़ पर वह कुछ ही दूर पहुंचे थे तभी सामने से आ रही बहराइच डिपो की अनुबंधित बस ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक बस में फंस गई और शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत में इन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया।

विरैंचा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल श्रीवास्तव भी इनके साथ लखनऊ चले गए, जहां इलाज के दौरान राजकुमार ने दम तोड़ दिया। उधर घायल शिक्षिका को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# सुमित सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि, बधाइयों का सिलसिला

» सहायक प्राध्यापक पद पर आरएमपी कॉलेज में है तैनाती

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** आरएमपीपीजी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक सुमित सिंह को राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि मिली है। सुमित सिंह ने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से राज्य के सकारात्मक कार्य नीति का थारू जनजाति के विकास पर प्रभाव व बलरामपुर जिले के विशेष संदर्भ में विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया।

विश्वविद्यालय में आयोजित शोध साक्षात्कार में सुमित सिंह को पीएचडी संस्तुत की गई। साक्षात्कार में बाह्य परीक्षक के तौर पर डॉ. कमल नयन चौबे एसो प्रो. राजनीति विज्ञान विभाग, दयाल सिंह कॉलेज ने साक्षात्कार लिया एवं शोध कार्य की सराहना करते हुए इसे संस्तुत किया। सुमित ने स्नातक की शिक्षा इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, परास्नातक अवध विश्विद्यालय से किया। सुमित ने शोध कार्य कावसुव साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. समरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, परिवार के सदस्यों, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण और मित्रों को दिया है। वहीं कावसुव साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वंदना जायसवाल ने हर्ष जताया है।

## एक नजर

### घर से हजारों की चोरी

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के सोहरिया गांव निवासी श्याम बहादुर सोमवार रात परिवार समेत घर के आंगन में सोए हुए थे। देर रात घर के पीछे लगे पेड़ के सहारे चोर घर के अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे का ताला तोड कर बक्से में रखी दो चांदी की पायल, दो सोने के झाला, एक सोने का माला व अन्य सामान चोरी कर ले गये। गृहस्वामी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

### शराब ठेका हटाने को एसडीएम को दिया मांगपत्र

**सिधौली।** कस्बे के मोहल्ला बहादुरपुर वार्ड की सभासद गीता भार्गव ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ एसडीएम अनिल कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि मोहल्ले में बीच बस्ती में एक देशी शराब की दुकान स्थित है। दुकान मालिक अजय कुमार गुप्ता द्वारा आबकारी नियमों को दरकिनार कर देर रात तक शराब की बिक्री की जाती है। जिससे चोर उचक्कों व मवालियों का रात के 12 बजे तक जमावड़ा लगा रहता है। नागरिकों द्वारा मना किए जाने पर दुकान मालिक अभद्रता और मारपीट करता है। दुकान आबादी में होने के कारण इधर से गुजरने वाली महिलाओं से शराबियों द्वारा अश्लील हरकतें व इशारे किए जाते हैं जिससे आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है। नागरिकों की परेशानी देखते हुए सभासद ने एसडीएम से शराब ठेके का लाइसेंस निरस्त किए जाने अथवा अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की।

### अवैध क्लीनिक को किया गया सीज

**मिश्रिख।** कस्बा नैमिषारण्य में मां ललिता देवी मंदिर के पास पक्की दुकान में बिना लाइसेंस के एक झोलाछाप चिकित्सक द्वारा अवैध क्लीनिक का खुलेआम संचालन किया जा रहा था। काफी शिकायतों के बाद स्वास्थ्य अधीक्षक डा. प्रखर श्रीवास्तव ने मामले को गम्भीरता से लिया है और जांच की। जांच में कोई अभिलेख नही मिले, जिससे उन्होने क्लीनिक को सीज कर दिया है।

### अवैध क्लीनिको पर चला स्वास्थ विभाग का हंटर

**मछरेहटा।** मछरेहटा थाना क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मछरेहटा थानाक्षेत्र में अवैध क्लीनिको के खिलाफ संचारी रोगों को देखते हुए सीएचसी अधीक्षक डा. कमलेश कुमार व स्थानीय पुलिस के साथ छापेमारी कर नोटिस जारी कर विभागीय कार्यवाही की गई। बताते चलें मछरेहटा कस्बे में चल रहे अवैध क्लिनिको के खिलाफ संचारी रोगों को देखते हुए डॉक्टर कमलेश ने आज दोपहर एक टीम गठित करके मय पुलिस फोर्स के साथ कई क्लीनिकों पर छापा मारा। जिसमें स्टार पैथोलॉजी, स्पर्श संजीवनी क्लिनिक, सीतापुर नेत्र क्लिनिक आदि पर विभागीय कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी कर उन्हें बंद करवाया गया। इस कड़ी में ज्यादातर क्लीनिकों पर ताला डालकर डॉक्टर भाग गए।

### सुरभि राय को बनाया गया लहरपुर तहसीलदार

**लहरपुर।** तहसीलदार मनीष त्रिपाठी का स्थानांतरण तहसीलदार महमूदाबाद के पद पर किया गया। उनके स्थान पर महमूदाबाद तहसीलदार सुरभि राय को लहरपुर तहसीलदार बनाया गया है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार सदर अतुल सेन को नयाब तहसीलदार लहरपुर नियुक्त किया गया है और वह तहसीलदार लहरपुर के अवकाश पर होने तक प्रभारी तहसीलदार के रूप में कार्यो का संपादन करेंगे।

## एसडीएम की मदद से विकलांगों के खिले चेहरे



**महमूदाबाद (सीतापुर)।** तहसील परिसर के अंदर स्थित सभागार में एसडीएम शिखा शुक्ला की अगुवाई में करीब 22 से अधिक निर्धन विकलांगों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। खाद्य सामग्री में 35 किलो गेहूं, 15 किलो चावल, 3 किलो दाल, 03 किलो सरसों का तेल, चीनी, धनिया, मिर्च, नमक, चायपत्ती, गेहूं आदि वितरित किया गया। सामान एसडीएम द्वारा खुद के खर्च से वितरित किया गया। नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, कानूनगो इमरान अहमद, लेखपाल संघ अध्यक्ष ललित सिंह सहित अन्य राजस्वकर्मी उपस्थित रहे। ऐसे में यदि सभी तहसील में ऐसे कार्य किए जाएं तो समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर पड़ा मिला वृद्ध का शव

» मृतक के भांजे ने पुलिस को दी लिखित तहरीर

**विश्ववार्ता संवाद**

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** कोतवाली महमूदाबाद इलाके के फिरोजपुर गांव के बाहर बिचपरी मोड़ के पास बने घर के अंदर एक वृद्ध की सन्दिग्ध अवस्था मे मौत हो गयी। मृतक के भांजे ने पुलिस को तहरीर दी है।

बता दें कि जगत पाल (75) निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना महमूदाबाद का घर के अंदर शव पड़ा मिला। मृतक के भांजे अनुज कुमार पुत्र कन्हैया लाल निवासी बिगहिया, मास्टरबाग कमलापुर ने बताया कि मामा का फोन बन्द था, कई बार फोन मिलाया जब उनसे बात नही हो पाई तब वह यहां आया और देखा कि कमरे का दरवाजा खुला था और घर से बू आ रही थी। अंदर जाकर देखा तो उसके मामा मृत अवस्था मे पड़े थे। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि मृतक वृद्ध की शादी हुई थी। लेकिन शादी के दो वर्ष बाद पत्नी ने उसे छोड़ दिया था। मृतक के परिवार में कोई और नही है। मृतक जगत पाल की गांव में किसी से भी मित्रता नही थी, इसी के चलते उनके घर कोई आता जाता भी नही था। जगत पाल के पास लगभग 20 बीघा जमीन है। उसी जमीन के एक हिस्से पर लगभग दो बीघे में मंदिर बना हुआ है, जबकि मृतक की पूरी जमीन महमूदाबाद-सिधौली मुख्य मार्ग से सटी हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस की पड़ताल जारी है।

# दूसरों की जिंदगी में उजाला कर गई ब्रजरानी



» सक्षम संस्था ने कराया 241वां नेत्रदान, चिकित्सकों ने सुरक्षित की कॉर्नियां

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** इटौव्वा वन निवासी ब्रजरानी दूसरों की अंधेरी जिंदगी में रोशनी बिखेर दी। मृत्युपरांत उनके बेटे व बेटी ने सक्षम संस्था से सम्पर्क करके नेत्रदान कराया। संस्था ने 241 वां नेत्रदान करवाकर सीतापुर मे नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सोमवार को इटौव्वा वन पोस्ट चिनहरा निवासी ब्रज रानी वर्मा 80 पत्नी लालजी वर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया था। मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र नीरज वर्मा व देवेंद्र वर्मा एवं पुत्री ने अपनी माताजी का नेत्रदान करवाने के लिए सक्षम संस्था सुभाष अग्निहोत्री से संपर्क किया। संस्था ने आंख अस्पताल सीतापुर से डॉक्टरों की टीम नेत्रदानी के निवास पर भेजी। डॉक्टरों की टीम में डॉ. प्रकृति, डॉ. सोनिया, अरुणेश एवं सृष्टि ने एक छोटे से ऑपरेशन के द्वारा नेत्रदानी की दोनों कॉर्निया सुरक्षित कर नेत्र बैंक में रखवा दी है जो दो जरूरतमंद लोगों को निशुल्क लगा दी जाएंगी। संस्था के अध्यक्ष संदीप भारतीया एवं महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने वर्मा परिवार का आभार जताते हुए कहा कि धन्य है वह परिवार जो विपदा की इस घड़ी में भी परोपकार की भावना से नेत्रदान जैसे महान कार्य करते हैं। मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने कहा कि नेत्रदान एक बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। अब पूरी आंखें न निकाल कर केवल कार्निया निकाली जाती है। मृत्यु के पश्चात 6 से 7 घंटे नेत्रदान हो जाना चाहिए। इस मौके पर राजपाल वर्मा, जय नाथ वर्मा, दिनेश वर्मा, दीनदयाल, शैलेंद्र वर्मा, अजय कुमार वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, शारदा प्रसाद, वीरेंद्र कुमार वर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान के भाई का ग्राम सचिवालय में शव मिलने से सनसनी

» मृतक के भाई ने गला दबाकर लगाया हत्या का आरोप

**विश्ववार्ता संवाद**

**मछरेहटा (सीतापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पौड़ावर निवासी सुनील सिंह 54 पुत्र श्यामा कुमार सिंह का शव सोमवार की रात्रि लगभग 10.30 बजे गांव के पश्चिम बने जर्जर पंचायत सचिवालय में मिला। मृतक के भाई सुशील सिंह के अनुसार सुनील सिंह सोमवार की शाम लगभग 6.30 बजे अपनी आम की बाग की तरफ घूमने के लिए निकले थे।

काफी देर तक वापस न आने पर उनकी खोजबीन की गई तो गांव के पश्चिम बाग जाने वाले रास्ते पर जर्जर पड़े सचिवालय में उनका शव मिला। बताते हैं कि सुनील सिंह सचिवालय में बैठे थे और दोनों हाथ जमीन पर टिके थे। उन्हें जब हिलाया गया तो वह लुढ़क गए, जिसके बाद परिजन आनन-फानन में निजी वाहन से सुनील सिंह को सीतापुर जिला अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने अज्ञात लोगों पर गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। मछरेहटा थाना प्रभारी निरीक्षक जेबी पांडेय ने बताया कि परिजनो द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। पीएम रिपोर्ट आने पर मृत्यु किन कारणों से हुई यह तस्वीर भी साफ हो जाएगी।



## घर-घर कूड़ा उठाने के साथ ही साफ-सफाई के निर्देश

**लहरपुर (सीतापुर)।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर की बेहतर साफ सफाई एवं घर-घर कूड़ा उठाने को लेकर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने सफाई नायकों की बैठक कर नगर में बेहतर से बेहतर सफाई करने के लिए निर्देशित किया व कूड़ा उठाने के लिए नयी 25 ठेलियों का वितरण किया।

अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने बारिश को लेकर नगर के सभी नालों व नालियों की प्राथमिकता के आधार पर सफाई करने के निर्देश दिए। नाले और नालियों से निकाले गए मलवे को सड़क पर न लगाएं। उन्होंने सभी सफाई कर्मचारियों को संचारी रोगों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने व एंटी लार्वा छिड़काव के निर्देश दिए। उन्होंने विकास कार्यों की जानकारी ली व निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर नागरिकों से निर्माण कार्यों पर नजर रखने की अपील की।

# आपातकाल ने देश के लोकतंत्र को हिला दिया था : आशीष मिश्रा

» 49वीं वर्षगांठ पर बुद्धजीवियों ने साझा किए विचार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** भारत मे आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ पर हिंदी सभा सीतापुर के नरोत्तम सभागार में ' आपातकाल और भारतीय संविधान ' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में आज 1975 के आपातकाल के दौर पर विचार मंथन हुआ।हिंदी सभा के अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि आपातकाल आज की सियासत के लिए सबक का काम कर रहा है, आपातकाल ने देश के लोकतंत्र को हिला दिया था, लोकतांत्रिक व्यवस्था के कमजोर पक्षों पर आज भी व्यापक विचार विमर्श की जरूरत है, जिससे बहुमत का शासन तानाशाही में न बदल सके।

जिस तरह आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर, उनके गरिमामयी जीवन व स्वतंत्रता के अधिकारों को छीन लिया गया था, मीडिया व न्यायपालिका पर बंदिशें लगा दी गयी थी वो स्वस्थ लोकतंत्र का हनन था, राजनीतिक कारणों से संविधान के आपातकालीन उपबंधों का दुरुपयोग कर संविधान को खतरे में डालने का प्रयास किया गया था, लेकिन भारतीय लोकतंत्र व भारतीय संविधान ने अपनी परिपक्वता दिखाते हुए आपातकाल के काले अध्याय को इतिहास का पन्ना बता कर उसे बीते दिनों की बात साबित कर पूरी दुनिया मे अपनी मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था की धमक स्थापित की है। मुख्य वक्ता कमलेश पांडेय ने कहा आपातकाल ने जनता के मूल अधिकार छीन लिए, तानाशाही शासन के द्वारा अपने मनचाहे तरीके से संविधान को गलत ढंग से परिभाषित किया गया। राजबहादुर वर्मा ने कहा कि 1975 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक याचिका के तहत श्रीमती इंदिरा गांधी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से रोक दिया था, इंदिरा गांधी ने पद से इस्तीफा देने के बजाय आपातकाल की घोषणा करवा दी और सत्ता की बागडोर सीधे अपने हांथों में ले ली।

## गांव के बाहर युवक का लटकता मिला शव

**रेउसा (सीतापुर)।** थाना क्षेत्र में युवक का शव गांव के बाहर झोपड़ी में रस्सी से लटकता मिला। मृतक की कथित दूसरी पत्नी ने घटना की सूचना थाना रेउसा में दी है। सोनावा गांव निवासिनी आरती ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसने लगभग दो वर्ष पूर्व मृतक पप्पू पुत्र दीनबंधु निवासी ऊंचगांव के साथ कोर्ट मैरेज किया था। मृतक की पहली पत्नी व बच्चे ऊंचगांव में रहते हैं। उसके पति पप्पू दस दिन पूर्व मजदूरी करने लखनऊ गए थे, जहां से 24 जून को वापस घर आये। इस दौरान वह घर पर नहीं थी खेत पर काम करने गयी थी। पप्पू भी खेत पर पहुंच गया वहां मैंने उनसे कहा कि घर चलकर भोजन कर लें उनके मना करने पर वह भोजन करने घर चली गयी। रात करीब आठ बजे खेत पर वापस आकर देखा तो झोपड़ी में उसके पति पप्पू का शव छप्पर में रस्सी के सहारे लटक रहा है। उसने शोर मचाया तो ग्रामीण एवं सूचना पर 112 डायल पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। आरती ने तहरीर में उल्लेख किया है कि उसके पति के शव का पीएम करा दिया जाये जिससे मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सके।

# तीन गांवों से तीन कीमती भैंस चुरा ले गए चोर, पुलिस बनी निष्क्रिय

» भैंस चोर गिरोह सक्रिय होने से ग्रामीण भयभीत

**विश्ववार्ता संवाद**

**महोली (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र में दुधारू पशु भैंस चोरों के निशाने पर हैं। रात में सक्रिय चोर भैंस को घर के बाहर से खोलकर चोरी कर लेते हैं। पुलिस की लापरवाही से भैंस चोरों के हौसले बुलंद हैं। सोमवार रात कोतवाली क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांवों से कीमती भैंस चोरी कर ले गए। सभी पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी रिछाही से कुछ दूरी पर स्थित गजपतिपुर गांव निवासी अयूब पुत्र सोने की भैंस घर के बाहर बंधी हुई थी। रात में लाइट आने पर अयूब ट्यूबबेल चलाने खेतों की तरफ चले गए, वापस लौटने पर उनकी भैंस चोरी हो चुकी थी। अयूब के मुताबिक भैंस की कीमत 70 हजार रुपये से अधिक थी। दूसरी घटना ब्रम्हावली के




मजरा अंगरौरा निवासी अमरजीत सिंह पुत्र राम स्वरूप सिंह के यहां हुई। इनकी भी दो कीमती भैंस घर के बाहर बंधी थीं। दो बजे लघुशंका होने पर उठे तो दोनों भैंस चोरी हो चुकी थीं। परिजनों के साथ वह गांव के बाहर शोर मचाते हुए गए तो एक भैंस मिल गई, जबकि दूसरी चोर ले जाने में सफल रहे। चोरी की रुस्तमनगर कोल्हौरा गांव में हुई। यहां के निवासी दिवाकर पुत्र राजकिशोर की कीमती भैंस भी सोमवार रात चोर खोल ले गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

**निर्देश** बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

# शिक्षा ऋण आवंटन में तेज़ी लाये बैंक : जिलाधिकारी

» लंबित पत्रावलियों का शीघ्र कराएं निस्तारण


बैंक अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बैंकों के माध्यम से संचालित शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि लम्बित पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करायें। निर्धारित लक्ष्य से कम ऋण जमा अनुपात वाले बैंकों को सुधार हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को कड़े निर्देश दिये कि के.सी.सी. कार्ड धारकों को फसल बीमा योजना के विषय में जानकारी प्रदान की जाये एवं उन्हें प्रेरित भी किया जाये। पशुपालन के.सी.सी. हेतु गुणवत्तापूर्ण आवेदन अग्रसारित किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

उन्होंने कहा कि सभी बैंक शिक्षा ऋण के आवेदकों को शीघ्र लाभान्वित करें, जिससे जनपद के प्रतिभाशाली छात्र आगे बढ़ सकें। किसान क्रेडिट कार्ड के लम्बित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। मत्स्य पट्टा धारकों की ब्लॉक स्तर पर बैठक कराते हुये उन्हें मत्स्य पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित किये जाने तथा समय से रिपेमेन्ट हेतु प्रेरित करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों और बैंकर्स को निर्देश दिये कि पीएम-स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स के साथ बैठक कर उन्हें ऑनलाइन पेमेंट प्राप्त करने के विषय में जानकारी दी जाये तथा उन्हें स्वच्छ आदतें अपनाने, कूड़े हेतु डस्टबिन का प्रयोग करने आदि के विषय में भी जानकारी दी जाये। एफ.पी.ओ. के माध्यम से कृषि वेयर हाउस एवं समूह मशीनरी बैंक हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने भी जिलाधिकारी ने दिये। वृक्षारोपण अभियान में सहयोग हेतु भी सभी बैंकर्स को प्रेरित किया।ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि हैण्डी क्राफ्ट से संबंधित प्रशिक्षण प्राथमिकता के आधार पर दिये जाये तथा उत्पादों के विक्रय को भी प्रोत्साहित किया जाये।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, एल.डी.ओ. आर.बी.आई. संदीप मिश्र, डी.डी.एम. नाबार्ड प्रसून सोनर, जिला कृषि अधिकारी मंजीत सिंह, उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मौसम ने ली करवट, बारिश के आसार

**औरास उन्नाव।** बीते महीनों व बीते दिनों में गर्मी ने अपना प्रकोप इस प्रकार ढाया की बच्चो बुजुर्गों के अलावा नौनिहालों की हालत गंभीर बनी रही। वही स्थानीय अस्पतालों से लेकर जिले के सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में लूज मोशन के मरीजों की लंबी लंबी कतार देखने को मिलती थी। वही सोमवार शाम से मौसम ने करवट ली और उमड़ घुमड़ के बादल आसमान में मंडराते रहे लेकिन छुटपुट जगहों पर मामूली बूंदाबांदी तक ही बरसात सीमित रही। वही मंगलवार को दोपहर बाद से मौसम ने करवट ली और उस दिन भी बूंदाबांदी तक ही बरसात सीमित रही वही मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगा कर बताया था। कि मंगल बुध बृहस्पतिवार को बारिश के आसार हैं वही किसानो ने भी धान के फसल की रोपाई के लिए खेतो में धान कि फसल के लिए धान की बीज की बुआई की लेकिन इंद्रदेव अभी तक नाराज नजर आ रहे हैं। वही कुछ किसानो ने बताया कि धान के बीज की बुआई करने के बाद हर दूसरे दिन खेतो में खड़ी धान के बीज के अंकुरण को पानी देना पड़ रहा है। यदि धान के बीज को पानी नहीं दिया जाएगा तो खड़ी फसल मुरझा जाती है और नर्सरी में पौधा निर्जीव होकर बेकार हो जाता है। वही अजय सिंह प्रभारी राजकीय कृषि रक्षा केंद्र इकाई औरास ने बताया कि किसानो को सामान्यतया एक जून से तीस जून तक नर्सरी में धान की बीज की बुवाई करनी चाहिए। लेकिन अबकी बार गर्मी अत्यधिक पड़ने की वजह से कृषि विभाग ने एक एडवाइजरी जारी कर किसानों को बताया था। कि धान की नर्सरी में बुवाई बीस जून के बाद करें लेकिन कुछ किसानो ने पहले ही बुवाई कर दी जिससे यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र के दही पुरवा मार्ग पर सोमवार देर रात ओरहर मोड़ के पास अज्ञात लोडर और बाइक में आमने सामने टक्कर हो गयी। घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर रात युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। बता दें पुरवा कोतवाली क्षेत्र ककौहा निवासी अजय कुमार त्रिपाठी (35) पुत्र कमलेश चंद्र त्रिपाठी कानपुर में एक दवा कंपनी में एम आर थे। बीती रात वह बाइक से काम निपटाने के बाद घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान दही पुरवा मार्ग पर ओरहर मोड़ के निकट पुरवा की तरफ से आ रहे अनियंत्रित अज्ञात लोडर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह काफी दूर तक सड़क पर रगड़ते चले गये और गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद लोडर चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अजय को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मौत की सूचना पर मृतक के मृतक के परिजन ने कहा कि जब एंबुलेंस पहुंची तब पुलिस ने लोडर को वहां से हटा दिया है। घटना के बाद तक लोडर वहीं मौजूद था। पुलिस के मुताबिक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। तहरीर मिली है वाहन का पता लगाया जा रहा है। सड़क मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चेक कराया जाएगा। जिससे वाहन का पता लगाया जा सके और कार्यवाही नियमानुसार की जा सके। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल

**औरास उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिर्जापुर अजगांव निवासी छोटू पुत्र राधेलाल व रामू पुत्र बाबू कश्यप की किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ी की बात मारपीट में तब्दील हो गई। जानकारी के अनुसार रामू ने छोटू को मार मारकर घायल कर दिया। वही परिजनो ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया।

### पुलिस मुठभेड़ में पच्चीस हजार का ईनामी गिरफ्तार

**कानपुर।** जाजमऊ थाना क्षेत्र में शेखपुर गांव के समीप सोमवार की देर रात पच्चीस हजार इनामी एक शातिर अपराधी से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस गोली से घायल अपराधी को हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। यह जानकारी मंगलवार को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान गोली घायल अपराधी उन्नाव जनपद के गंगाघाट थाना क्षेत्र के गांगापार सोलह बीघा नौकानी विल्डिंग निवासी सुल्तान आलम पुत्र पीर मोहम्मद है। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से एक मोटर साइकिल, एक तमंचा और एक खाली और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। उसे उपचार के लिए पुलिस टीम ने कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेन्टर में भर्ती करा दिया है। उन्होंने बताया कि गोली से घायल सुल्तान के खिलाफ जाजमऊ थाना समेत अन्य विभिन्न थानों में लूट सहित कुल 12 आपराधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार के निर्देश पर सोमवार की रात संदिग्ध अपराधियों की तलाश में जाजमऊ प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश मिश्र व उनकी टीम लगी हुई थी। इसी दौरान अचानक सूचना मिली कि एक शातिर अपराधी किसी वारदात को अंजाम देने का इंतजार कर रहा है। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया तो शातिर अपराधी सुल्तान ने पुलिस टीम पर फायर करने लगा। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ गोली चलाया। गोली लगने से उक्त अपराधी घायल हो गया। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज देगी।

### जल निकासी को लेकर सीडीओ सख्त दिए दिशा निर्देश

**उन्नाव।** नेहरू बाग में औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी न होने से फैक्ट्री संचालकों के साथ स्थानीय लोग परेशान थे। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत सीडीओ से की। सीडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वयं नेहरू बाग पहुंचे। उन्होंने जल निकासी की समस्या को देखा। एसडीएम को निर्देश दिए दो दिन में राजस्व की टीम को लगाकर समाधान कराएं।सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने नेहरु बाग पहुंचकर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों और उद्यमियों के साथ जलभराव वाले स्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे पटरी के किनारे भी जलनिकासी वाले स्थल का जायजा लिया। सीडीओ ने बताया कि नेहरूबाग औद्योगिक क्षेत्र में लंबे समय से जल निकासी की समस्या है। पूर्व में रेलवे लाइन के नीचे से पानी निकल जाता था। अब किसी ने इसे बंद कर दिया है। जिससे पानी औद्योगिक क्षेत्र के साथ आसपास की बस्तियों में भी भर रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जल भराव होने से स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। बारिश के समय में यह गंदा पानी सड़क पर आ जाता है और घरों में घुस जाता है। एसडीएम सदर को निर्देश दिए कि वह दो दिन में राजस्व टीम लगाकर सर्वे करा लें और समस्या को दूर करें।

### जनपद को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में प्रदेश में मिला तीसरा स्थान

**उन्नाव।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 9 वी वर्ष गाठ के अवसर पर एक समारोह का आयोजन राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा अनिल कुमार पाठक व अपर निदेशक सूडा आनन्द कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम वर्ष 2015 से 2024 तक के योजना के सफर के बारे में विस्तार से उपस्थित लोगों को बताया गया। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वालो टॉप दस जिलों को पुरुस्कृत किया गया। जिसमे उन्नाव जनपद को प्रदेश में तृतीय स्थान आने पर पुरुकृत किया गया। पुरस्कार परियोजना अधिकारी डूडा, सीएलटीसी इंजीनियर व कार्यदाई संस्था को दिया गया। कार्यक्रम में जनपद उन्नाव के नगर पालिका परिषद उन्नाव के लाभार्थी रूमा यादव द्वारा उपस्थित सभी लोगो के सामने आवास योजना का लाभ कैसे प्राप्त हुआ। आवास मिलने के उपरांत उनके जीवन में क्या परिवर्तन आया यह सभी को बताया। लाभार्थी रूमा यादव व पिंकी को प्रमाण पत्र व उपहार भेट किए गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा अरविंद सिंह, सीएलटीसी इंजीनियर प्रतीक गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर शिवम तिवारी, गौरव कुमार, नवीन चंद्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### माता रानी के दरबार में जागरण का किया गया आयोजन

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित मां संकटा देवी के वार्षिकोत्सव पर विशाल भगवती जागरण एवं माता जी का भव्य श्रृंगार का आयोजन किया गया। रात्रि में जागरण पार्टी के कलाकारों ने कीर्तन प्रस्तुत कर जमकर धमाल मचाया। मोहल्ला चौधराना स्थित मां संकटा देवी मंदिर में बीते सोमवार को श्रद्धालु भक्तों द्वारा माता जी का भव्य श्रृंगार किया गया। रात्रि में कानपुर की विख्यात जागरण पार्टी के कलाकारों ने कीर्तन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कलाकारों में दीपांशु पंडित द्वारा ₹ मां मुरादें पूरी कर दे, हलुआ बांटूंगी प्रस्तुत करते ही श्रोता आधुनिक वाद्ययंत्रों की मधुर धुन पर लय-ताल के साथ तालियां बजाने को मजबूर हो गए। महिला कलाकार रिचा शुक्ला ने ₹ चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है₹ प्रस्तुत कर श्रोताओं को देवी भक्ति से भाव विभोर कर दिया। इसके अलावा पार्टी के प्रस्तोता विजय मोहन सक्सेना ने मां का जगराता है प्रस्तुत करते ही श्रोता भक्त झूम उठे। आज प्रात: तारा रानी की कथा के बाद आयोजक पूर्व मंत्री चौधरी अशोक कुमार सिंह बेबी और उनके पारिवारिक सदस्य आशीष सिंह गोलू, प्रमेश सिंह गुड्डू भैया, भुवनेश सिंह व देवेश सिंह आदि द्वारा श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में नगर एवं क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# सर्विस रिवाल्वर से सिपाही ने गोली मार कर की आत्महत्या

## गोली चलने की आवाज सुनकर थाना परिसर में हड़कंप मच गया

विश्ववार्ता संवाददाता

**हगनगंज उन्नाव।** कोतवाली में तैनात एक सिपाही ने ड्यूटी के दौरान सर्विस रिवाल्वर से अपनी दाहिनी कनपटी पर गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर थाना परिसर में हड़कंप मच गया। साथी पुलिसकर्मी उसे उठाकर पास के सीएचसी ले गए। गंभीर हालत देख डॉक्टरों ने लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।



जहां उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि घर वालों ने उसकी शादी के लिए लड़की पसंद की थी लेकिन सिपाही को वो लड़की पसंद नहीं थी। फिर भी घर वाले उस पर शादी का दबाव बना रहे थे। जिसके चलते उसने ऐसा कदम उठाया है। हसनगंज कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि बुलंदशहर के थाना गुलावटी क्षेत्र के नयावास निवासी मेघराज के बेटे देवांश तेवतिया 2019 में यूपी पुलिस में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे। उनकी पहली पोस्टिंग उन्नाव में ही हुई थी। पुलिस लाइन से उन्हें थाना हसनगंज में तैनाती मिली थी। पिछले करीब 5 साल से इसी थाने पर तैनात थे। 3 महीने पहले देवांश का एक्सीडेंट हो गया था। पैर में चोट लगने के चलते वह इलाज कराने के लिए घर चले गये थे। 20 दिन पहले ही ठीक होने पर थाना हसनगंज आये थे। इस समय देवांश की ड्यूटी थाना कार्यालय में थी। मंगलवार को वह ड्यूटी पर थे। उसी समय अचानक सर्विस रिवाल्वर से गोली चलने की आवाज आई। फायर की आवाज सुनकर एक महिला सिपाही मौके पर पहुंची तो देखा कि देवांश ने दाहिनी कनपटी पर गोली मारी थी। वो लहूलुहान होकर जमीन पर गिरे पड़े थे। ये देखकर उसने शोर मचाया। इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर पहुंचने के थोड़ी देर बाद ही सिपाही की मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। बुलंदशहर में देवांश के परिवार को भी सूचना दे दी गई है। देवांश दो भाई एक बहन में सबसे छोटा था। बहन और बड़े भाई की शादी हो चुकी है। इधर जब वो घर गया था तब उसकी शादी के लिए घर वालों ने लड़की पसंद की थी। लेकिन वो लड़की देवांश को पसंद नहीं थी।

जिस कारण वो शादी से इन्कार कर रहा था। इसको लेकर परिवार वालों से उसका झगड़ा भी हुआ था। आज सुबह उसके बड़े भाई ने फोन करके घर आने और उसी लड़की से एंगेजमेंट करने की बात कही थी। इसे लेकर फिर झगड़ा हुआ था, माना जा रहा है कि इससे परेशान होकर ही देवांश ने ऑन ड्यूटी गोली मारकर जान दे दी। घटना की जानकारी पर एस पी सिद्धार्थ शंकर मीणा थाना हसन गंज पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की। पुलिस कर्मियों से उन्होंने बारी बारी पूछताछ की और घटना के संबंध में जानकारी ली। उसके बाद वह घटनास्थल वाले दफ्तर में पहुंचे और बारीकी से जांच की। कार्यालय में लगे सीसीटीवी की डीवीआर सील करा दिया है।

4 अगस्त 2023 को पुलिस लाइन में सरकारी आवास में अंबेडकर नगर के थाना जलालपुर गंज मोहल्ला के रहने वाले राजेश कुमार पांडेय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। 24 जुलाई 2023 को अमरोहा के रहने वाले इंस्पेक्टर अशोक कुमार वर्मा ने सफीपुर थाना के सरकारी आवास में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। 10 जून को जालौन के थाना कदौरा क्षेत्र के रहने वाले कुलदीप बीघापुर की पी आर वी में तैनात था। उसका आवास में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था।

## आतंकी हमले में घायल को सरकारी सहूलियत नहीं मिल रही

विश्ववार्ता संवाददाता



**कानपुर।** इसे सरकार की संवेदनहीनता कहें या फिर चिकित्सां विभाग की लापरवाही आतंकी हमले में घायल व्यक्ति को ही कानपुर से लखनऊ के बीच अस्पतालों में अपने इलाज के लिए चक्कर काटने के लिए विवश होना पड रहा है। सरकारी विभाग के डाक्टंर उनकी जांच के बाद इलाज करने में कोताही बरत रहें हैं इलाज इतना मंहगा है कि वह निजी अस्पताल में चिकित्सीय सुविधा प्राप्त नही कर पा रहे हैं। बतातें चलें कि जम्मू में यात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले में कानपुर के दिनेश गुप्ता घायल हो गए थे सोमवार को दिनेश गुप्ता हैलट में अपना उपचार कराने पहुंचे थे। लेकिन यहां आंखों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर की मौजूदगी न होने के कारण उन्हें केजीएमयू के लिए रेफर कर दिया गया था। परिजन वहां से भी निराश लौट आए। उनका आरोप है कि वहां तो डॉक्टरों ने भर्ती करने से ही मना कर दिया। दिनेश के परिजनों का आरोप है कि केजीएमयू के डॉक्टरों ने पहले तो घंटों एक डॉक्टर से दूसरे डॉक्टर के पास दौड़ते रहे।

इसके बाद उपचार तक नहीं शुरू किया। अंत में थक हारकर परिजन दिनेश को लेकर वहां से चल दिए। परिजनों ने बताया कि 9 जून को जम्मू में हुए आतंकी हमले में दिनेश गुप्ता घायल हो गए थे। सोमवार सुबह उन्हें हैलट के इमरजेंसी वार्ड में लाए थे, जहां डॉक्टर ने बताया कि आंख का पर्दा अपनी जगह से हट गया है। इसमें भर्ती नहीं करेंगे। बाहर की दवा लिखते हुए कहा कि 20 दिन बाद फिर से दिखाने आना। दिनेश की मां निर्मला देवी का कहना है कि इतना पैसा नहीं है कि किसी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कर सकें, लेकिन इसके बावजूद भी कुछ लोगों की मदद से कानपुर से एंबुलेंस करके लखनऊ गए। फिर वहां से डॉक्टर का रुख अच्छा नहीं दिखा जिससे नाराज होकर वहां से वापस आ गए। अब परिजन दिनेश को घर पर ही रखकर दवाइयों के बलपर उनका इलाज करने पर मजबूर हैं।

## अवैध पटाखा दुकान में विस्फोट, एक की मौत व साथी झुलसा

विश्ववार्ता संवाददाता

**पुरवा उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के बिछिया बाजार स्थित वेल्डिंग की दुकान के बेसमेंट में अवैध पटाखा दुकान में बीती शाम धमाका हो गया। आग की चपेट में आने से दुकान में मौजूद संविदा लाइनमैन कर्मी की मौत और साथी गंभीर रूप से झुलस गया।

झुलसे युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा। घटना के बाद पुरवा पुलिस मामले को लेकर काफी देर तक सिलेंडर में आग लगने से विस्फोट होना बताती रही। मगर बाद में दुकान के बेसमेंट पर अनार आदि मिलने से घटना की पोल खुल गई।

बिछिया गांव के रहने वाले गुड्डू विश्वकर्मा की बाजार में बेल्डिंग की दुकान है। गुड्डू से मिलने के लिए गांव के ही दो साथी संजय गौतम और सुनील गौतम आए हुए थे। कुछ देर बाद गुड्डू दोस्तों को दुकान पर बैठा कर बाजार चला गया था। इसी बीच गुड्डू की दुकान के पीछे बने बेसमेंट में रखे पटाखों में संदिग्ध हालात में आग लगने से जोरदार धमाका के साथ आग लग गई। आग की लपटों में फंस कर दुकान में मौजूद संजय और सुनील झुलस गए। आग की लपटें उठती देख लोगों ने मौके पर पहुंच किसी तरह आग को काबू में किया और पुलिस को सूचना दी। लोगों ने झुलसे युवकों को बाहर निकाल कर बिछिया सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टर ने सुनील गौतम को मृत घोषित कर दिया। जबकि संजय का इलाज चल रहा है।

मृतक सुनील गौतम बिछिया पावर हाऊस में एक संविदा लाइन मैन के पद पर कार्यरत था। घटना की जानकारी पर पुरवा इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। जहां जांच के दौरान बारुदी अनार आदि बरामद हुए। पुलिस ने फील्ड यूनिट टीम को बुलवा कर छानबीन की।

## ट्रेन की चपेट मे आए किशोर की मौत

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के मैनहा गांव का रहने वाला 17 वर्षीय किशोर मंगलवार की सुबह घर से निकला और काफी देर तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो गांव के बाहर से गुजरे रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा मिला। ट्रेन से कटने की जानकारी ग्रामीणों ने थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मैनहा गांव का रहने वाले बुद्धीलाल का 17 वर्षीय बेटा बंगाली प्रसाद उर्फ मोनू मुर्गी फार्म हाउस में काम करता था। मंगलवार की सुबह वह घर से निकल गया और काफी देर तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद उन्होंने उसकी तलाश शुरू की तो पता चला कि रायबरेली उन्नाव रेल रूट पर प्रयागराज इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। परिजन रेलवे ट्रैक पर पहुंचे तो शव देखकर बेहाल हो गए। घटना की जानकारी पर पहुंची अचलगंज थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## सुकमा के शहीद को गांव की हर अश्रुपरित और नम आंख ने दी अंतिम विदाई

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** छत्तीसगढ के सुकमा में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवान शैलेंद्र कुमार का शव मंगलवार को उनके गांव पहुंचा जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए पूरे गांव के साथ ही शासन ,प्रशासन व प्रदेश सरकार के अलावा सेना व सीआरपीएफ के अधिकारी मौजूद रहे। मंगलवार को फूलों से सजे वाहन में शहीद के शव को लेकर सेना के जवान उनके घर पहुंचे । शहीद के अंतिम दर्शन करने को जनसैलाब उमड़ पडा और भारत माता की जय के नारों से पूरा आसमान गुंजायमान कर दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्विटर के माध्यम से छत्तीसगढ़ में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए सीआरपीएफ जवान शैलेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

उन्होंने शहीद सैनिक के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने के साथ ही जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद शैलेंद्र के नाम पर करने की घोषणा की है।



शहीद की शव यात्रा में वाहन के साथ ग्रामीण हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए । नौगवां स्थित पैतृक आवास पर शव देखकर पत्नी और मां रो-रोकर बेहोश हो गईं। नक्सली हमले में शहीद को हजारों लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। बलिदानी के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 50 लाख का मुआवजा दिया गया है। इसमें 35 लाख रुपये पत्नी कोमल और 15 लाख रुपये मां को दिए जाएंगे। वहीं, सुबह परिजनों से सपा का प्रतिनिधिमंडल भी मिला और परिवार को सांत्वना दी। शहीद शैलेंद्र कुमार को आखिरी विदाई देने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे थे। भारत माता की जय के नारे लग रहे थे। मंगलवार को शहीद जवान का पार्थिव शरीर जब उसके पैतृक गांव नौगवां गौतम पहुंचा तो बटालियन के पदाधिकारी सतपाल रावत आईजी सीआरपीएफ, एसपी सिंह डीआईजी सीआरपीएफ, राकेश कुमार सिंह जिलाधिकारी, श्रवण कुमार सिंह डीसीपी पूर्वी, राजेश कुमार एडीएम एफआर, ऋषभ वर्मा एसडीएम नरवल, पुलिस प्रशासनिक सहित अमिताभ बाजपेई विधायक, मो. हसन रूमी विधायक, मुनीन्द्र शुक्ला पूर्व विधायक, राकेश तिवारी प्रतिनिधि विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें राजकीय सम्मान के साथ गार्ड आफ आनर दिया गया।

## गमगीन माहौल में हुआ मृतक का अंतिम संस्कार

**औरास उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत टिकरा बाव के मजरे प्रताप खेड़ा में बीते दिन भाई ने भाई को फावड़े से मार मौत के घाट उतार दिया था।

जबकि पुलिसिया कार्रवाई में काफी समय हो जाने के बाद बीते दिन मृतक का पोस्टमार्टम नही हो पाया था। जबकि मंगलवार को ज्योंहि मृतक के शरीर का पोस्टमार्टम हो शव उनके घर पहुंचा मानो फिर घर के अलावा गांव में मातम का माहौल हो गया। वही एहतियातन के तौर पर सोमवार से ही गांव में पुलिस का पहरा रहा। वही मृतक गुरुचरण के शव के अंतिम संस्कार के लिए घर वाले नानामऊ घाट के लिए निकले तब कही पुलिस ने चैन की सांस ली वही नानामऊ घाट पर मृतक के पुत्र ने अपने पिता को मुखाग्नि दी।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेजा जा चुका है। विवेचना प्रचलित है और यदि अन्य कोई भी संलिप्त पाया जाता है उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## जिन्दा रहने के लिए पैसों की टेंशन मरने वालों को मिल रही पेंशन

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** जहां वर्तमान समय में लोगों को जिन्दा रहने के लिए पैंसों की टेंशन लगातार रह रही है वहीं मर चुके लोगों के खातों में पेंशन जा रही है। इसकी बानगी समाज कल्यांण विभाग के कुछ कर्मचारियों की मानी जा सकती है जिन्होंने सत्यापन करने में थोडी देरी की हो या फिर मृत्यु प्रमाण पत्र समय से उपलब्ध नही करवाया जा सका हो। वृद्धा अवस्था पेंशन के लिए कुछ वृद्ध लोग कलेक्ट्रेट परिसर स्थित समाज कल्याण विभाग के चक्कर काटते दिखायी पड जाएगें तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं वह स्वर्ग तो सिधार गए लेकिन उनके खाते में पेंशन जा रही है।

शासन के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग ने जब सत्यापन कराया तो 2250 मृतकों के खाते में पेंशन जाती मिली।हर तिमाही तीन हजार रुपए इनके खाते में भेजे जा रहे थे। विभाग ने पात्र सूची से नाम हटाकर पेंशन खाते पर रोक लगाने के लिए बैंक को पत्र लिखा है। वहीं खाते में गई पेंशन के लिए विभाग अब नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है।सरकार गरीब बुजुर्गों को आर्थिक मदद के तौर पर वृद्धा पेंशन देती है। इसमें हर लाभार्थी को एक हजार रुपए प्रत्येक माह के हिसाब से तीन माह में तीन हजार रुपये भेजे जाते हैं। जिले के दस ब्लाकों में करीब 78 हजार वृद्धा पेंशन के लाभार्थी हैं। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद शासन के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग ने घर-घर सर्वे कराया। इससे पता चला कि जिलेभर में करीब 2250 लाभार्थियों के खाते में मृत्यु के बाद भी धनराशि जा रही है।

विभाग ने ऐसे लाभार्थियों के नाम पात्र सूची से हटा दिए गए हैं और खाते में रोक लगा दी है। विभाग ने सभी के खाते से धनराशि वापस लेने के लिए बैंक को पत्र लिखा है।जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र सिंह ने बताया कि जिले के सभी लाभार्थियों का सत्यापन कराया है। जिसमें कई मृतक मिले हैं। सभी का नाम सूची से हटाकर खाते में गई धनराशि वापस ली जाएगी।

## नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप

**औरास उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुन्ना खेड़ा मजरा नरसा गांव निवासी नन्हके ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अभिषेक पुत्र होसराम निवासी नरमनी जो एक वर्ष तक दूध लेने के लिए उसके घर जाता रहा। इस बीच नन्हके दूधिया की नाबालिग लड़की से नजदीकियां कर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने लगा।

वही लड़की को अचानक से पेट में दर्द हुआ तो परिजनों ने अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराया तो जांच में लगभग सात माह के गर्भवती होने की पुष्टि हुई तो परिवार के लोग दंग रह गए लड़की से पुछा तो उसने बताया कि पेट में पल रहे बच्चे का पिता अभिषेक है। वही नाबालिग लड़की के साथ रहने के लिए लड़के के घर गई तो घर वालों ने जबरजस्ती भगा दिया। तो परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वही लड़की के पिता ने बताया कि पैसा लेकर मामला खत्म करने का मुझ पर दबाव बनाया जा हैं।

## सीसीटीवी से पुत्र को पता चला मां का निधन

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** नगर के चकेरी थाना क्षेत्र के कृष्णानगर में अकेली रह रही 82 साल की वृद्धा सोमवार को घर के पिछले दरवाजे के पास मृत मिली। दो दिन से न दिखने और घर में हलचल न होने पर मोहल्ले के लोगों ने बेटे से संपर्क किया। घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में भी दिखाई न देने पर पड़ोसियों से देखने को कहा तो मौत की जानकारी मिली। कर्मचारीनगर निवासी रविचंद्र तिवारी एयरफोर्स से सेवानिवृत्त होने के बाद आबकारी विभाग में कार्यरत हैं।

वर्तमान में वह मध्यप्रदेश के भिंड में तैनात हैं और पत्नी सुनीता तिवारी के साथ वहीं रहते हैं। पिता कालिका प्रसाद तिवारी की मौत के बाद से उनकी मां जय पूर्णा तिवारी (82) चकेरी के कर्मचारीनगर स्थित घर में अकेले रहती थीं। मां का ध्यान रखने के लिए रविचंद्र ने घर के अंदर कैमरे लगवा रखे थे। पड़ोसियों के अनुसार रोज गाय को रोटी देने के लिए निकलने वाली जय पूर्णा पिछले दो दिन से दिखाई नहीं दी। शनिवार व रविवार रात को लाइट भी नहीं जली तो उन्हें शक हुआ। इस पर पास के एक मेडिकल स्टोर संचालक के माध्यम से रविचंद्र से संपर्क कर जानकारी दी गई। रवि ने सीसीटीवी फुटेज में साफ न दिखने पर पड़ोसियों से घर के पिछले हिस्से में जाकर देखने को कहा। पड़ोसी जैसे ही पहुंचे, तो वहां दरवाजे के पास जयपूर्णा मृत पड़ी हुई थी। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना देकर परिवार को खबर दे दी। रविचंद्र ने बताया कि वह रोजाना मां से बात करते थे और उन्होंने ही सूचना देकर पड़ोसियों को भेजा था। वहीं, एसीपी चकेरी दिलीप कुमार ने बताया कि मृतका बुजुर्ग थीं। मौत प्रथम दृष्टया असामान्य न हो और परिजन नहीं चाहते, तो पोस्टमार्टम नहीं कराया जाता। रवि के गांधीग्राम निवासी रिश्तेदार प्रशांत ने बताया कि जय पूर्णा तिवारी के बड़े पोते ऋषिकांत तिवारी सेना में कैप्टन हैं और उनकी पोस्टिंग बाड़मेर में है। वहीं उससे छोटा इंजीनियर है जिसकी कुछ समय पहले ही शादी हुई है। रवि और उनके परिवार का मोहल्ले में किसी से ज्यादा मेलजोल नहीं है। इस वजह से किसी का उनके घर भी आनाजाना नहीं है। पड़ोसियों ने बताया कि मृतका की बेटी का ससुराल बर्रा में है लेकिन उनका भी आना जाना कम है वहीं, रवि भी नौकरी के चलते बाहर ही हैं।

**समस्या** शहर के जिन इलाकों में जलभराव की समस्या विकट और विकराल हो जाती है

# नगर में जलभराव की समस्या को समझने निकले नगर आयुक्त

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** मानसूनी बारिश शुरु होने से पहले ही नगर निगम उसकी समस्या से निजात पाने के लिए कसर छोडना नही चाहता। शहर के जिन इलाकों में जलभराव की समस्या विकट और विकराल हो जाती है उनको समझने के लिए नगर आयुक्त अपने दल-बल के साथ मंगलवार को शहर के उन स्थानों का भ्रमण किया और समस्याओं से निपटने के लिए अपने मातहत अधिकारियों को निर्देशित किया।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को शहर में हुयी बरसात के समय नगर के कोका कोला चौराहा, गुमटी नं0 5, जरीब चौकी, अफीम कोठी, झकरकटी बस अड्डा, टाट मिल चौराहा, सी0ओ0डी0 पुल, मनोज इण्टरनेशनल चौराहा, रामादेवी चौराहा, जाजमऊ, नई चुंगी से पुरानी चुंगी, जाजमऊ उपरिगामी से पनकी होते हुए पनकी पड़ाव से पनकी मन्दिर, शिव अद्धितीय मन्दिर, भाटिया तिराहा, अर्मापुर इस्टेट, गन्दा नाला चौराहा, विजय नगर चौराहा, सीएल, नर्सिंग होम चौराहा, चैन फैक्ट्री चौराहा, मरियमपुर चौराहा, लाजपत नगर, जेके, मन्दिर, नरेन्द्र मोहन सेतु,



हैलट अस्पताल, बेनाझाबर आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निम्न तथ्य संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये गयेः- वर्षा के समय कई नालों का निरीक्षण किया गया जिसमें पनकी भाटिया तिराहे पर नाला चलते हुए पाया गया। पनकी पड़ाव के अन्दर पनकी मन्दिर की ओर चलने पर जल निगम का सम्पवेल भी मौके पर क्रियाशील पाया गया तथा पानी का बहाव सम्पवेल पर जाते हुए पाया गया। नगर आयुक्त ने मुख्य अभियन्ता को सख्त निर्देश दिये कि क्रास, पुलिया के नीचे व कलवर्ट की सफाई करने के निर्देश जारी किए।

उन्हों ने पनकी पडाव से पनकी मन्दिर की ओर जाते समय कई स्थानों पर कूड़ा काफी ज्यादा एवं सड़क तक फैला हुआ पाया गया, यह स्थिति पनकी शताब्दी मोड तक कई स्थान पर पायी। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हुआ कि कई दिनों से इस क्षेत्र में झाडू नही लगी है , जिसके कारण जगह-जगह कूड़ा फैला हुआ है। इस पर रोष व्यक्त करते हुए नगर आयुक्त ने सफाई कर्मचारी अनिल, सुरेश, सफाई नायक विजय का एक दिन का वेतन रोकने के आदेश दिये, सफाई निरीक्षक श्वेता सिंह को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिए। मरियमपुर चौराहे पर बरसात के जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने उस स्थल का निरीक्षण किया । मौके पर निरीक्षण के दौरान जोनल स्वच्छता अधिकारी को निर्देश दिये कि गलीपिट पर कर्मचारी की तैनाती की तत्का ल प्रभाव से करा दी जाये।

जूही खलवा पुल पर बरसात के उपरान्त सम्पवेल चलने के कारण जलभराव की स्थिति नही होने से नगर आयुक्त थोडे प्रसन्नर मुद्रा में दिखायी दिए। नगर आयुक्त ने जोनल अभियन्ता नानक चन्द को निर्देश दिये कि सम्पवेल पर बरसात के समय नियमित कर्मचारी तैनात रहे तथा अधिक बरसात के समय बैरीकेड को तत्काल बन्द कर दिया जाये, साथ ही जल निगम के अभियन्तागण से सम्पर्क करते हुए सम्पवेल को नियमित चालू रखा जाये। नगर आयुक्त द्वारा समस्त जोनल अभियन्ता एवं जोनल स्वच्छता अधिकारी को आदेशित किया गया है कि क्रास, पुलिया के नीचे व कलवर्ट पर तैनाती कर्मचारी की सूची मय मोबाइल नं0 के तत्काल उपलब्ध कराये। इसी प्रकार गलीपिट पर तैनात प्रत्येक कर्मचारी के नाम मय मोबाइल नं0 के जोनल स्वच्छता अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये, ताकि बरसात के समय जलभराव वाले स्थल पर सम्पर्क कर जलनिकासी तीव्रता से करायी जा सके।

## एक नजर

### सर्प ने महिला को डसा, हालत गंभीर

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव कबीर बाबा चौराहा निवासिनी उर्मिला (55) पत्नी रामप्रताप अपने घर के निकट फूसफास साफ करते दौरान सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर होने पर सीएचसी में भर्ती किया गया है।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि महिला की हालत में सुधार न होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खा किया आत्महत्या का प्रयास

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव मास्टरगंज निवासी फहीम (35) पुत्र नसीम अपने घरेलू विवाद से क्षुब्ध होकर घर में रखे कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने की प्रयास किया। हालत गंभीर होने पर परिजन ने आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गया है।जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि जांच करके विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

### जामुन के पेड़ से गिरने से मासूम गंभीर घायल

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव बाबूगंज गढ़ी निवासी हिमांशु 12वर्ष पुत्र रामराज अपने गांव के निकट जामुन के पेड़ से गिरने से गंभीर घायल हो गया।जहां पर उसकी हालत गंभीर होने के बाद उसको परिजन के सीएचसी में भर्ती किया डॉक्टर ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर घायल

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के मास्टरगंजकर्बला निवासी मोहम्मद रेहान 15 वर्ष, पुत्र सहादतअली संदिग्ध परिस्थितियो में घायल होने पर सीएचसी में भर्ती किया गया। चोट लगने के कारण गांव में अलग अलग चर्चाएं थी।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### दरोगा हुए लाइन हाजिर, कई का हुआ तबादला

**रायबरेली।** एसपी ने गेगासो पुलिस चौकी इंचार्ज भारत सिंह तोमर को लापरवाही बरतने पर लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि उपनिरीक्षक उपेन्द्र सिंह भदोरिया को जहानाबाद पुलिस चौकी से हटाकर हरचंदपुर थाना, उपनिरीक्षक पुनीत मलिक सदर कोतवाली को जहानाबाद पुलिस चौकी प्रभारी बनाया गया। उपनिरीक्षक आशीष कुमार पुलिस लाइन से मानवाधिकार सेल, मुख्यआरक्षी रावेन्द्र कुमार को सरेनी थाना से कोतवाली नगर, महिला आरक्षी नीलम मिश्रा को पुलिस लाइन से सलोन थाने का स्थानांतरण निरस्त किया गया जबकि महिला आरक्षी शालिनी शुक्ला थाना लालगंज से मानवाधिकार सेल के लिए स्थांतरण किया गया है।

### युवक को पीटा, नामजद दी तहरीर

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव कजराबाद निवासी राकेश कुमार ने गांव जमुनियाहार के निकट एक व्यक्ति द्वारा पुरानी रंजिस को लेकर मारपीट करके घायल कर दिया गया।जिनको चोट आने पर सीएचसी में भर्ती किया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि मिले तहरीर के आधार पर जांच करवाकर कार्रवाई किया जाएगा।

### चार के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

**रायबरेली।** रोहनिया ब्लाक के अन्तर्गत विद्युत उपकेन्द्र रसूलपुर है जिस उपकेन्द्र के जेई अवनीश कुमार ने बताया कि गांव गंगश्री निवासी तेजभान यादव व सरगपुरडिहवा निवासी चन्द्रिकाप्रसाद के यहां दो चोरी के विद्युत कनेक्शन मिले जबकि गांव सरेनी निवासी संजय व अषोक के यहां भी विद्युत चोरी करते पकड़े गया है।जिनके खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है।

### एएसपी ने किया निरीक्षण

**रायबरेली।** मंगलवार को परेड के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान भोजनालय,बैरिक,शस्त्रागार,स्टोर, कैश कार्यालय, रेडियो शाखा आदि का निरीक्षण किया गया एवं अर्दलीरूम कर संबंधित निर्देश दिया गया।

### अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**रायबरेली।** खीरो थाने की पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि हर्षित शुक्ला पुत्र राम प्रकाश शुक्ल निवासी ग्राम टिकवामऊ थाना खीरो को 315 बोर के अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया है।जिनके खिलाफ संबंधित धारा में अभियोग दर्ज करके जेल भेज दिया गया है।

### चोरी के अभियुक्त को सात वर्ष का कारावास

**रायबरेली।** न्यायालय ने सदर कोतवाली में 2021 में दर्ज चोरी के मुकदमें में अभियुक्त शिवा यादव पुत्र पुत्र नन्हा यादव ग्राम गरीबशाह का पुरवा कोतवाली नगर को सात वर्ष की सजा व 13 हजार रूपए का अर्थदण्ड लगाया।

### पीड़ित ने मारपीट की दी तहरीर

**रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के समोधा ग्राम सभा के महारानी खेड़ा निवासी बदलु पुत्र अगनु ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही शुभम ने शराब के नशे में गाली गलौज किया, लाठी डंडों से मारा पीटा। शोर सुनकर बचाने आई पत्नी राम प्यारी को भी शुभम ने डंडों से मारा, जिसे गंभीर चोटे आई हैं। मामले में आरोपी के खिलाफ कारवाई को लेकर पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है।

### युवती घर से लापता, पीड़ित पिता ने दी तहरीर

**रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र में बीती रात एक युवती घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चला तो पिता ने थाने पर तहरीर दी है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री बीती रात अचानक घर में किसी से बिना बताए कहीं पर चली गई है। पीड़ित पिता ने बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई है। पिता का कहना है कि उसकी बेटी अक्सर जब घर से जाती थी तो घरवालों से जरूर बताती थी, परंतु बीती रात वह कहां चली गई उसने किसी को कुछ नहीं बताया। पिता का कहना है कि उसकी बेटी के साथ किसी प्रकार की अनहोनी घटना घट सकती है। इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# किसानों ने चंदे से 3 किमी नहर की कराई सफाई

» धान की रोपाई का सीजन होने के चलते किसानों ने स्वयं के चंदे इकट्ठे करके नहर को साफ कराने का निर्णय लिया



विश्ववार्ता संवाददाता

**रायबरेली।** जगतपुर क्षेत्र के किसानों की लाइफ लाइन शंकरपुर माइनर की सफाई की मांग किसान लंबे समय से कर रहे थे लेकिन सिंचाई विभाग ने किसानों की मांग को अनसुना कर दिया। धान की रोपाई का सीजन होने के चलते किसानों ने स्वयं के चंदे इकट्ठे करके नहर को साफ कराने का निर्णय लिया। तीन किलोमीटर नहर स्वयं के खर्चे पर किसानों ने साफ कराई।

किसान विकास त्रिपाठी ,कल्लू सिंह भदोरिया ,विमलेश सिंह, हनुमान चौहान, नरेंद्र सिंह , वह जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने बताया कि इस नहर से जगतपुर पूरब गांव दौलतपुर उमरी जमोड़ी , सिंघापुर भटौली शंकरपुर ग्राम पंचायत के किसानों के खेतों को पानी मिलता है लेकिन नहर सिल्ट से पटी होने के चलते किसान धान की बेड नहीं डाल पाया।

किसी तरह ट्यूबेल इंजन के पानी से बेड तो डाल दिया लेकिन धान रोपाई कैसे करें इसीलिए क्षेत्र किसानों में चंदा लगाया और नगर साफ करवा दिया किसान विकास त्रिपाठी कल्लू सिंह भदोरिया विमलेश ने बताया कि 3 किलोमीटर नहर की सफाई कराई गई है। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने बताया कि यह नहर पूरी तरह से पट गई थी, किसानों के सहयोग से नहर को साफ कराया गया है।

अधिकारियों से बार-बार बात की गई लेकिन उन्होंने बताया कि सरकार सिर्फ गेहूं के सीजन में इसको साफ की जाती है बाकी समय सफाई के लिए कोई पैसा नहीं रहता। इस संबंध में जब जूनियर इंजीनियर राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की जानकारी मिली है कि किसानों ने नहर साफ करवाया है।

## भाजपाईयों ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

विश्ववार्ता संवाददाता

**रायबरेली।** मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय अटल भवन में जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी की अध्यक्षता में आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेंश खन्ना व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

सुरेश खन्ना ने बताया की 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई। इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया और उनको प्रताड़ित किया और तो और उन्होंने प्रेस पर प्रतिबंधित लगा दिया । प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे लोकतांत्रिक काला दिन था।इसी लिए इस आपात काल को काला दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सभा में आये सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को मंत्री सुरेंश खन्ना व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह व जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने अंग वस्त्र भेट कर सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रुच्चू मल सन्तानी,रोहित पांडेय,श्री धर शर्मा,सुनील कक्कड़,दिनेश चंद्र,गया प्रसाद सोनकर,संत लाल गुप्ता,आलोक कुमार त्रिपाठी,गोविंद लाल आदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया।



मंच पर उपस्थित पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, विधायक सलोन अशोक कोरी, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव,पूर्व विधायक गजाधर सिंह , राजा राम त्यागी,सुरेंद्र सिंह दाढ़ी,अजय अग्रवाल, मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद,, आर बी सिंह ,पुष्पेन्द्र सिंह, मुकेश श्रीवास्तव,दल बहादुर सिंह,प्रभात साहू, विजय सिंह, भगवत सिंह, शिवेंद्र सिंह,जनमेजय सिंह,पंकज मुरारका,व सभा संयोजक विवेक शुक्ला सहसंयोजक विनोद वलेचा,मंजेश सिंह, ज़िला मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मंत्री सुरेंद्र कुमार ने विभागीय अधिकारियों संग की बैठक

**रायबरेली।** वित्त मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेंद्र कुमार खन्ना ने लोक निर्माण विभाग स्थित निरीक्षण गृह में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी निरीक्षण गृह में मौजूद रहे। श्री खन्ना ने विभागीय अधिकारियों के संग बैठक की। वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी भावना श्रीवास्तव से उन्होंने वित्त संबंधी कार्यों की जानकारी ली और उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि लेखा संबंधी कार्य समय से पूरे किए जाएं। साथ ही पेंशनरों को उचित समय पर पेंशन दी जाए और उनकी समस्याओं का गुणवत्ता परक निस्तारण कराया जाए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी के अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सामाजिक न्याय के पितामह व संरक्षक थे वीपी सिंह

» सिविल कोर्ट में तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह की 93वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

» आजादी के बाद वीपी सिंह एक ऐसे नेता थे जिन्होंने देश में उपेक्षित वर्गों को हिस्सेदारी दिलाने का काम किया

विश्ववार्ता संवाददाता

**रायबरेली।** गौतम बुद्ध विचारमंच की ओर से सिविल कोर्ट में मंगलवार को आयोजित तत्कालीन प्रधानमंत्री, एवं पूर्व वित्तमंत्री पूर्व रक्षामंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह (वीपी सिंह) की 93 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अधिवक्ताओं ने पुष्प अर्पित कर अपने सोने विचार व्यक्त किए। मंच के संस्थापक गोविंद चौहान एडवोकेट ने



कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आजाद भारत में वह कर दिखाया जिसे कभी कोई राजनेता करने का विचार मात्र तक नहीं किया था। उन्होंने वीपी सिंह को सामाजिक न्याय का पुरोधा, पितामह व संरक्षक बताया। उन्हें लोग राजा मंडा भी कहते थे। इस अवसर पर गौतम बुद्ध विचार मंच के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील सिंह ने कहा कि विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आजाद भारत में सामाजिक न्याय को जन्म देने का काम किया। मंच के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र सिंह ने कहा वीपी सिंह ने राजनैतिकता को दिशा देने का कार्य किया,और उन्होंने डा. बाबा साहब अम्बेडकर को भारत रत्न देने का काम किया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा तत्कालीन प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह देश में एकलौते प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने देश की आजादी के बाद जो उपेक्षित वर्ग था उसको हिस्सेदारी दिलाने का काम किया है। वह हमेशा याद किए जाएंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण सिंह ने कहा की विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा को देश की संसद हाल में स्थापित कराने का काम किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल खन्ना,सेंट्रल बार के पूर्व कोषाध्यक्ष प्रमोद चौधरी,राज बहादुर सिंह,कमलेंद्र भदौरिया,राहुल सिंह,धनंजय सिंह,अशोक यादव,मोहित यादव,शिवा सिंह,आदित्य सिंह, मो.मंजूर,रितेश विश्वकर्मा, गोवर्धन बहादुर सिंह आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## महराजगंज ब्लाक में तैनात कर्मचारी के स्थानांतरण की मांग ने जोर पकड़ा

विश्ववार्ता संवाददाता

**रायबरेली।** चौंकिए मत ! आश्चर्य तो यह है कि साल दो साल नहीं बल्कि पिछले 25 वर्षों से अंगद की तरह एक ब्लॉक में पैर जमाए बैठे हुए हैं महराजगंज ब्लॉक मे तैनात बड़े बाबू जी। बताया जाता कि महराजगंज विकास खंड में जब से इनकी तैनाती हुई तब से यहीं जमे हैं तिकड़म के बल पर अपनी ऊंची पहुंच के कारण ट्रांसफर रुकवा लेते हैं।

महराजगंज के लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र भेज कर बड़े बाबू के स्थानांतरण की मांग की है। शिकायती पत्र में लिखा है कि क्या सरकार की तबादला नीति इन पर लागू नहीं होती ? प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को अधिक समय बीत जाने पर उनका स्थानांतरण कर दिया जाता है, लेकिन पिछले 25 वर्षों से लगातार महराजगंज विकास खंड में डटे कर्मचारी (बड़े बाबू) पर क्या तबादला नीति नहीं लागू होती। अधिक समय बीत जाने पर सरकारी अधिकारियों

» डीएम को भेजा शिकायती मांग पत्र, कराया ध्यानकर्षण

» 25 वर्षों से एक ही जगह कार्यरत बड़े बाबू पर क्या नहीं लागू होती तबादला नीति ?

और कर्मचारीयों का ट्रांसफर भी होता रहता है। आखिर जिले के जिम्मेदारों की नजर इस बाबू पर क्यों नहीं पड़ रही है। महाराजगंज क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी हर्षित माथुर को मांग पत्र भेज कर ध्यानाकर्षण करते हुए बाबूजी के अन्यत्र ट्रांसफर की मांग की है।

### दो राहगीरों को पीट कर बदमाशों ने छीने रुपये

**लालगंज, रायबरेली।** सोमवार की देर शाम को बाइक सवार बदमाशों ने दो राहगीरों को मारपीट कर उनकी जेब से जबरन रूपये छीन लिए। घटना कोतवाली क्षेत्र के सरेनी रोड पर मनखेड़ा गांव के निकट की बताई गई है।

पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। बेहटा कला गांव निवासी रवी चौरसिया पंडित का पुरवा गांव स्थित बियर शॉप का सेल्समेन है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह देर शाम करीब 10:30 बजे दुकान से घर वापस लौट रहा था। तभी बाइक सवार बदमाश मनाखेड़ा गांव निवासी मातादीन से लूटपाट कर रहे थे। शोर गुल सुनकर उसने अपनी बाइक रोक दी। इसी बीच बदमाशों ने मातादीन के साथ मारपीट कर उसकी जेब में रखें रुपए निकाल लिए। हस्तक्षेप करने पर बदमाशों ने बियर शॉप के सेल्समैन रवी चौरसिया से भी मारपीट की और उसकी जेब में रखे नौ हजार रुपए छीन लिए और धमकाते हुए सरेनी की ओर फरार हो गए।

## दो वर्ष बीते नहीं बन सका बाईपास, सफ़र हो रहा मुशिकल

» अधिग्रहण की गई जमीन पर लगे हैं ग्रहण

» बिजली के तारों की शिफ्टिंग का इंतजार

विश्ववार्ता संवाददाता

**रायबरेली।** जिले के बछरावां कस्बे को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए शुरू हुआ बाईपास का काम तीन वर्षो से अधर में लटका है। भूमि अधिग्रहण के बाद विकास कार्य में लगे ग्रहण हटने का नाम नहीं ले रहा है। विभाग के जिम्मेदार की उदासीनता के चलते राहगीरों को बाईपास को लेकर जगी आस की किरण धीरे-धीरे टूटने लगी है।

बछरावां कस्बे में आने वाले वाहनों का लोड कम हो सके, इसके लिए बांदा बहराइच स्टेट हाईवे से लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाइवे तक बाईपास



निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक रामनरेश रावत ने 2021 में कराया था। इसके बाद साढ़े तीन किलोमीटर की सड़क बनाने के लिए 10.5 करोड की लागत को शासन से स्वीकृति भी मिल गई। लंबे इंतजार के बाद लगभग एक वर्ष पूर्व काम शुरू हुआ, लेकिन सभी किसानों को मुआवजा दिए बिना ही इसका निर्माण 2023 फरवरी माह में शुरू कर दिया गया। जिस काम को किसानों ने धरना प्रदर्शन कर बंद कर दिया। एक वर्ष से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी काम बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीण शशिकांत, मनोज, अभय, मयंक, देवी चरण ,अमरेंद्र का कहना है कि बाईपास बनने से क्षेत्र का विकास होगा रसूलपुर, जलालपुर , गुर्जरपुर समेत कई गांव की हाईवे से बेहतर कनेक्टिंग होगी। कस्बे को जाम से छुटकारा मिलने के बाद साथ ही साथ क्षेत्र में व्यापारिक दृष्टिकोण से भी बछरावां मजबूत होगा। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह चौहान ने बताया कि बछरांवा बाईपास का बजट पिछले वर्ष आया था, परंतु कुछ किसानों के बैंक में केसीसी न होने के कारण उनको मुआवजा देने में कठिनाई आई है तथा कुछ किसान बाहर रहते हैं जो मौके पर नहीं आ सके जिस कारण उनको मुआवजा नहीं मिल पाया और काम इसी कारण रुका हुआ है। बिजली के खंभे भूमि अधिग्रहण की गई जमीन पर शिफ्ट किया जा रहे हैं, जल्द ही बाईपास निर्माण का काम शुरू कराया जाएगा।

### जुआ खेल रहे तीन जुआरी को पुलिस ने धर दबोचा

**सलोन,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के रतनपुर गांव के जंगल में जुआं खेल रहे तीन जुंआरी को पुलिस ने रंगे हांथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से तलासी के दौरान एक हजार रुपए नकद व तास के पत्तों की गड्डी बरामद की गई है। अपराध निरीक्षक आदर्श सिंह ने बताया की उपनिरीक्षक देवेश चौधरी अपने हमराहियों पुष्पेंद्र यादव, अमित सिंह व कांस्टेबल अतुल शर्मा के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों की तलास कर रहे थे। तभी मुखबिर खास ने रतनपुर जंगल में जुआं खेल रहे लोगों की सूचना आकर पुलिस को दी। पूछताछ में पकड़ें गए जुआरियों की पहचान मुरारी लाल साहू पुत्र श्याम सुंदर साहू , संजय अग्रहरी पुत्र रामसजीवन निवासी नई बाजार सलोन, तथा सलमान पुत्र नासिद मोहल्ला मिल्कियाना पश्चिमी सलोन के रूप में हुई है। पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ जुआं एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

## जहर उगल रहे मिक्सर प्लांट, धुआं से पर्यावरण प्रदूषित

» धुएं से आंखों में जलन शुरू होती है, मानव जीवन का बढ़ा खतरा

विश्ववार्ता संवाददाता

**रायबरेली।** महराजगंज तहसील क्षेत्र के दुसौती से रायबरेली मार्ग पर पहरेमऊ से पचास मीटर दूर सड़क निर्माण की एक कार्यदायी संस्था का मिक्सर प्लांट संचालित हो रहा है , जिसमें तारकोल गलाने का कार्य किया जाता है। मिक्सर प्लांट से निकलने वाले विषैले धुएं से आसपास के गांव में जहरीला धुंआ फैल रहा है। गांव के अगल-बगल तमाम तरह के फलदार पेड़ और आम की बागवानी हैं। बागवानी और पौधों के ऊपर भी बढ़ते प्रदूषण से खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि प्लांट के निकलने वाले धुएं से आंखों में जलन शुरू हो जाती है। लोगों को सांस लेने में घुटन होती है ग्रामीण सांस के मरीज हो रहे हैं। साथ-



साथ पर्यावरण के लिए भी बहुत नुकसान पहुंच रहा है। विषैला धुंआ पेड़ पौधों को भी हानि पहुंच रहा है। प्लांट जब शुरू हो जाता है तो धुआं लोगों के घरों में घुसता है, जिससे कि लोग बीमार भी पड रहे हैं अगर यह मिक्सर प्लांट इसी तरह चलता रहा तो एक दिन पेड़ सहित पता नहीं कितने लोग बीमार पड़ जाएंगे। उधर, सड़क निर्माण भी जरूरी है और जिस सड़क पर निर्माण चल रहा था वह बनकर तैयार भी हो गई लेकिन अभी तक मिक्सर प्लांट यही लगा हुआ है। सामान इधर से उधर किया जाता है। लोगों ने कई बार मिक्सर प्लांट के जिम्मेदार से शिकायत की लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

## भट्ठा मजदूर की फांसी के फंदे से लटकती मिली लाश

विश्ववार्ता संवाददाता

लालगंज, रायबरेली। सरेनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीमाधवगंज स्थित नारायण पटेल पुत्र तिलोई, ग्राम सिंधारी, थाना लवन, जिला बलौंदा बाजार, छत्तीसगढ़ प्रदेश का निवासी बताया जा रहा है।



भट्ठा पर वहीं के एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से रस्सी के सहारे लटकती लाश मिलने से सनसनी फैल गई।

मृतक भट्ठे पर ईंट निकासी का काम करके किसी तरह अपने परिवार का भरन पोषण करता था। मृतक का नाम रघुनाथ

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मंगलवार को घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। मौत के कारण का पता पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा , फिर भी जांच पड़ताल की जा रही है।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

» 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनेगी समाजवादी पार्टी की सरकार

» कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं : श्याम लाल पाल



विश्ववार्ता संवाददाता

**सलोन,रायबरेली।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का नूरुद्दीन पर टोल प्लाजा पर ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। लोकसभा चुनाव परिणाम से गदगद प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुटने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ठीक नहीं है। प्रत्येक जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में पेपर लीक नहीं होते थे और उस समय युवाओं को नौकरी मिलती थी लेकिन भाजपा सरकार में युवाओं का सपना पेपर लीक ही समाप्त हो जाता है।उत्तर प्रदेश की जनता योगी सरकार स्व ऊब चुकी है।2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में पुनःसमाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है।इस मौके पर भूपेंद्र सिंह,पुत्तन यादव,राम किशोर यादव,मलखान सिंह ,दिव्यांशु सोनकर,असरफ मेवाती आदि लोग मौजूद रहे।

**सम्मान** विश्व योग दिवस पर योग शिक्षक, समाजसेवियों को सम्मान समारोह में मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# योगासन शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मददगार : डॉ. रवि

विश्ववार्ता संवाददाता

**रायबरेली।** गुरु गोविंद सिंह स्मारक उद्यान पार्क में आयोजित योग शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 10 वें विश्व योग दिवस पर योगदान करने वाले शिक्षक समान प्रकार गर्वित हुए।

समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख सरेनी शैलेंद्र अग्निहोत्री द्वारा योग शिक्षक सम्मान समारोह की कड़ी में पीएन पाठक जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति,राम भोले शुक्ला जिला प्रमुख आर्ट ऑफ लिविंग,डॉ राधे सिंह समन्वयक हार्टफुल नेस इंस्टिट्यूट,परशु राम मिश्र योग शिक्षक गायत्री परिवार,लल्लन झा,शिवानी झा ओशो फाउंडेशन ,सोमचन्द्र जायसवाल,राम शरण सिंह,आचार्य त्रिलोकी राम,किस्मत राय शर्मा,वंदिता श्रीवास्तव,डॉ दिव्यदीप्ति शर्मा,डॉ दिव्यांशु मोहन,अजय श्रीवास्तव,राहुल गुप्ता,मनीष पटेल,जगतपुर से राकेश पांडेय,डलमऊ से सुभाष साहू,शिवगढ से मणिदीप,बछरावां से महेंद्र कुमार,सरेनी से संजय द्विवेदी,महराजगंज से अंशु श्रीवास्तव,योगाचार्य डॉ. रवि प्रताप सिंह आदि को कार्यक्रम आयोजक शैलेंद्र अग्निहोत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज सेवा के



क्षेत्र में सदैव अग्रणी व महती भूमिका निभाने वाले महेंद्र अग्रवाल,रेनू सिंह,राजेश सिंह व बब्बी शुक्ला समेत सिटी मजिस्ट्रेट रामबाबू को भी सम्मानित किया गया। योग शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते श्री अग्निहोत्री ने कहा कि योग शरीर को निरोगी रखता है। योग से अध्यात्म का विकास होता है। योग से तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित योगाभ्यास आवश्यक है। योगाचार्य डॉ रवि प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योगासन, शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देने के साथ मन को शांत करता है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए योगासनों का नियमित अभ्यास आपके लिए काफी मददगार हो सकता है। योग का अभ्यास शरीर,श्वास और मन को जोड़ता है।समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगासनों में शारीरिक मुद्राओं,सांस लेने के व्यायाम और ध्यान का संयोजन किया जाता है।योगासन शरीर,मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।योगासन शरीर,मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करते ।योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायक है।योग आसन शक्ति,शरीर में लचीलेपन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जाना जाता है।इस मौके पर डॉ ए.के. द्विवेदी,डॉ जितेंद्र मणि द्विवेदी,डॉ बिपिन सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अफगानिस्तान की जीत से दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई धराशायी

## बांग्लादेश को हरा अफगानिस्तान T20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में : अब अफगानिस्तान की साउथ अफ्रीका से होगी भिड़ंत






एजेंसी

**सेंट विंसेंट।** वेस्टइंडीज के सेंट विसेंट स्टेडियम में राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम ने इतिहास रच दिया। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

अफगानिस्तान की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड कप से बाहर हो गई। सुपर-8 के 3 मैचों में ऑस्ट्रेलिया सिर्फ एक जीती और उसके 2 पॉइंट हैं। अफगानिस्तान ने 2 मैच जीते और 4 पॉइंट के साथ सेमीफाइनल में एंट्री की। अब 27 जून को त्रिनिदाद में भारतीय समय अनुसार सुबह 6 बजे सेमीफाइनल में अफगानिस्तान का मुकाबला साउथ अफ्रीका से होगा। टीम इंडिया इसी दिन रात 8 बजे गयाना में इंग्लैंड से सेमीफाइनल खेलेगी। आज बांग्लादेश से मुकाबले में राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अफगानिस्तान ने 115 रन का टारगेट दिया। रहमानुल्लाह गुरबाज ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। रनचेज कर रही बांग्लादेश की टीम के विकेट लगातार गिरते रहे। अकेले लिटन दास ही डटे रहे। लिटन ने नाबाद रहते हुए 49 गेंदों में 54 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर पर कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। बांग्लादेश की टीम 105 रन पर ऑलआउट हो गई। अफगानिस्तान के पेसर नवीन उल हक ने 18वें ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर मैच अफगानिस्तान के नाम कर दिया। कप्तान राशिद ने भी इस मुकाबले में 4 विकेट लिए। टी-20 मैच में 115 रन का टोटल बचा पाना मुश्किल काम है, लेकिन अफगानी पेसर नवीन उल हक ने अपनी शानदार गेंदबाजी से ऐसा कर दिखाया। राशिद खान ने उन्हें पहला ही ओवर दिया। पहले ओवर में नवीन को विकेट नहीं मिला, लेकिन अपने दूसरे ओवर में नवीन ने लगातार 2 विकेट लिए। पहला विकेट था कप्तान नजमुल हसन शांतो का। दूसरा विकेट था दुनिया के टॉप ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का। शाकिब का कैच उन्होंने फॉलोथ्रू में पकड़ा। पावरप्ले में नवीन ने 3 ओवर में 2 विकेट लिए। नवीन की कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। नवीन की वापसी 18वें ओवर में हुई, जब बांग्लादेश के 8 विकेट गिर चुके थे और उसे जीत के लिए 12 गेंदों में 12 रन चाहिए थे। पहली 3 गेंदों पर सिंगल आए। चौथी बॉल पर सामने थे तस्कीन अहमद, नवीन ने गेंद फेंकी, जो बल्ले से लगकर स्टंप्स से जा टकराई। अब अफगानिस्तान और जीत के बीच सिर्फ एक विकेट का फासला था, लेकिन बारिश आ गई। 2 मिनट में बारिश रुकी और सभी प्लेयर्स मैदान पर आए। नवीन के पास 2 गेंदें बची थीं और बांग्लादेश के पास एक विकेट। सामने थे मुस्तफिजुर रहमान। नवीन ने तेज रफ्तार गेंद फेंकी जो अंदर की ओर आई और मुस्तफिजुर के पैरों से टकरा गई। अंपायर ने LBW आउट करार दिया। DRS में भी फैसला यही रहा। अफगानिस्तान जीत गई। नवीन ने 4 विकेट लिए।

**टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में अफगानिस्तान**

| मैच | रिजल्ट |
|---|---|
| पहला | युगांडा को हराया |
| दूसरा | न्यूजीलैंड को हराया |
| तीसरा | पापुआ न्यू गिनी को हराया |
| चौथा | वेस्टइंडीज से हारा |
| पांचवां | भारत से हारा |
| छठा | ऑस्ट्रेलिया को हराया |
| सातवां | बांग्लादेश को हराया |

**अमेज़न एक्सपोर्ट हाट 2024**

## उत्तर प्रदेश के छोटे विक्रेताओं ने विकास के लिए अमेज़न ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम की ओर रुख किया

अमेज़न के एक्सपोर्ट हाट 2024 में 300 से अधिक महत्वाकांक्षी छोटे और मध्यम आकार के विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। वो यहाँ यह जानने आए थे कि उनके उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों तक कैसे पहुँचाया जा सकता है। भारत से 8 बिलियन डॉलर से ज्यादा संचयी ईकॉमर्स निर्यात संभव बनाने वाले कंपनी के ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित यह एक दिवसीय एक्सक्लूसिव कार्यक्रम व्यवसायों और विक्रेताओं को विश्व में अपना विस्तार करने की शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस शहर में ईकॉमर्स द्वारा निर्यात के लिए इस तरह का केंद्रित कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया है।2015 में शुरुआत के बाद अमेज़न ग्लोबल सेलिंग पर 125,000 से ज़्यादा निर्यातक अपना पंजीकरण करा चुके हैं। यह कार्यक्रम भारतीय व्यवसायों को 200 से ज़्यादा देशों और क्षेत्रों से जोड़ता है, और हर आकार के व्यवसाय को विश्व में अपनी एक मजबूत पहचान स्थापित करने का अवसर प्रदान करके वैश्विक वाणिज्य को सभी तक पहुँचाता है। भारत की मज़बूत अर्थव्यवस्था, जो 2023-24[1] में 6%-6.8% की दर से बढ़ने का अनुमान है, के साथ यह पहल भारत सरकार के निर्यात लक्ष्यों के अनुरूप है, जिसमें 2030 तक $200-300 बिलियन[3] का ई-कॉमर्स निर्यात और $2 ट्रिलियन[2] का कुल निर्यात शामिल है।इन अवसरों के बावजूद, एसएमई को क्रॉस-बॉर्डर ई-कॉमर्स की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें नियमों का अनुपालन और वैश्विक बाजारों तक पहुँचना शामिल है। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए अमेज़न इंडिया ने 'एक्सपोर्ट हाट 2024 : द लखनऊ एडिशन' का आयोजन किया ताकि उत्तर प्रदेश में ई-कॉमर्स उद्यमियों और महत्वाकांक्षी निर्यातकों को आवश्यक ज्ञान और कौशल मिल सके। इसमें औद्योगिक विशेषज्ञों और अमेज़न के विशेषज्ञों द्वारा 300 से अधिक महत्वाकांक्षी विक्रेताओं को शिक्षित किया गया और ई-कॉमर्स निर्यात अवसर के बारे में बहुमूल्य जानकारी एवं ऑन-स्पॉट पंजीकरण एवं अनुपालन की सहायता प्रदान की गई। डिजी सॉल्यूशन की संस्थापक माधवी जैन ने कहा, "अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों तक पहुंचने के इच्छुक व्यवसायों को अमेज़न के माध्यम से निर्यात करने के महत्वपूर्ण लाभ हैं। ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम से अंतरराष्ट्रीय व्यापार की जटिलताताएँ आसान होती हैं, तथा अनुपालन और भुगतान संबंधी आवश्यकताओं का प्रभावी समाधान मिलता है। बी2सी निर्यात पर केंद्रित होकर अमेज़न विक्रेताओं को पूरे विश्व के ग्राहकों से जोड़ता है, ताकि उन्हें विकास के अद्वितीय अवसर मिलें। यह मॉडल अपनाकर हम पारंपरिक बाधाओं को दूर कर सकते हैं, और तेजी से अपनी पहुँच बढ़ा सकते हैं। इसलिए निर्यात के लिए हमें एक आदर्श शुरुआत मिलती है।"अमेज़न ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम से क्रॉस-बॉर्डर व्यापार के लिए उपकरण और समाधान प्राप्त होते हैं, निर्यात के लिए पंजीकरण, उत्पाद, टैक्स और शिपिंग के डॉक्युमेंटेशन तथा निर्यात अनुपालन डैशबोर्ड द्वारा भुगतान समाधान पर एंड-टू-एंड मार्गदर्शन मिलता है। विक्रेता मर्चेंट फुलफ़िल्ड नेटवर्क (एमएफएन) या फुलफ़िलमेंट बाय अमेज़न (एफबीए) से लॉजिस्टिक्स की मदद ले सकते हैं, और अमेज़न के वैश्विक फुलफ़िलमेंट केंद्रों एवं ग्राहक सेवा प्रबंधन का लाभ ले सकते हैं। इसके अलावा, अमेज़न पर विक्रेताओं को तीसरे पक्ष के सेवा प्रदाताओं की मदद भी मिलती है, जो पंजीकरण, प्रबंधन और वैश्विक विस्तार में सहायता करते हैं, ताकि वो बाजार में आसानी से प्रवेश कर पाएं। अमेज़न के मार्केटिंग टूल्स से ब्रांड की विजिबिलिटी बढ़ती है, एमएसएमई अपने बाज़ारों में विविधता लाने और स्थानीय बिक्री चैनलों पर निर्भरता कम करने में समर्थ बनते हैं। इस पहल से काफी व्यावसायिक वृद्धि हुई है, और 2022 में 1200 से अधिक भारतीय निर्यातकों ने 120,000 डॉलर (1 करोड़ रुपये) से अधिक बिक्री दर्ज की है।योट्राइब की सीईओ एवं डायरेक्टर, अंकिता किशोर ने कहा, "अमेज़न एक्सपोर्ट हाट 2024 में काफी जानकारी मिली। हम अपने ऑपरेशंस का विस्तार करने और नए बाजारों तक पहुँच बढ़ाने की चुनौतियों को जीतना चाहते हैं। अमेज़न के संसाधन, खासकर उनका लॉजिस्टिक्स और वैश्विक पहुँच, हमें सस्टेनेबल विकास में मदद करने के लिए बिलकुल सही समाधान हैं। इस कार्यक्रम में हमें यह समझने का अवसर मिला कि हम पूरे विश्व के ग्राहकों के बीच पहुँचकर अपने व्यवसाय का विस्तार कैसे कर सकते हैं।" एवी ग्रुप्स के विभु दीक्षित ने कहा, "कोविड के बाद व्यावसाय के बदले तरीकों से हमें अपनी प्रोडक्ट लाइन में विविधता लाने और बी2सी बाज़ारों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। अमेज़न की विस्तृत पहुँच और सुव्यवस्थित प्लेटफ़ॉर्म के साथ यह इस परिवर्तन के लिए एक शानदार विकल्प है। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर हमें काफी चीज़ें स्पष्ट हो गयीं और मौके पर ही पंजीकरण कराने का अवसर मिला। अपने व्यावसायिक मॉडल को पारंपरिक से आधुनिक बनाने की दिशा में अमेज़न का सहयोग और मार्गदर्शन बहुमूल्य है।"जहाँ सरकार निर्यात प्रक्रिया को स्ट्रीमलाइन करने के लिए काम कर रही है, वहीं अमेज़न जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म भारतीय एमएसएमई और स्टार्टअप को पूरे विश्व में अपनी पहुँच बढ़ाने में समर्थ बना रहे हैं।

**ओला एस1 एक्स+ का मूल्य स्टॉक रहने तक 89,999 रुपये से शुरू होगा**

## इलेक्ट्रिक स्कूटरों के प्रेमियों के लिए ओला का बेहतरीन ऑफर

एजेंसी

**बेंगलुरू।** ओला इलेक्ट्रिक अपने 'ओला इलेक्ट्रिक रश' अभियान के अंतर्गत अपने एस1 पोर्टफोलियो पर 15,000 रुपये तक के आकर्षक ऑफर प्रदान कर रहा है। 28 जून तक लागू इन ऑफरों में एस1 एक्स+ पर 5,000 रुपये और एस1 प्रो एवं एस1 एयर पर 2,500 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अलावा ग्राहकों को 10,000 रुपये तक के अतिरिक्त फायदे प्रदान किए जा रहे हैं, जिनके अंतर्गत एस1 एक्स+ पर 5,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस और एस1 के संपूर्ण पोर्टफोलियो पर चुनिंदा क्रेडिट कार्ड ईएमआई के साथ 5,000 रुपये तक का कैशबैक शामिल है।ओला इलेक्ट्रिक एक विशाल एस1 पोर्टफोलियो पेश करता है, जिसमें आकर्षक मूल्य में छः उत्पाद हैं, जो विभिन्न रेंज की जरूरत वाले ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करते हैं। हाल ही में कंपनी ने मास-मार्केट सेगमेंट में अपना एस1 एक्स पोर्टफोलियो उतारा है। तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशन (2 किलोवॉटघंटा, 3 किलोवॉटघंटा, और 4 किलोवॉटघंटा) के साथ इन स्कूटरों का मूल्य क्रमशः 74,999 रुपये; 84,999 रुपये और 99,999 रुपये है। साथ ही इसके प्रीमियम स्कूटरों में एस1 प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स+ का मूल्य क्रमशः 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये और 89,999 रुपये है।ओला इलेक्ट्रिक अपने उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 8 साल/80,000 किलोमीटर की एक्सटेंडेड बैटरी वॉरंटी प्रदान करता है। ओला इलेक्ट्रिक का मानना है कि इस कदम से इलेक्ट्रिक वाहनों की उम्र बढ़ेगी, और इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने में आने वाली एक बड़ी बाधा का समाधान हो सकेगा। ग्राहक एड-ऑन वॉरंटी लेकर 1,00,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 4,999 रुपये देकर और 1,25,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 12,999 रुपये देकर वॉरंटी के अंतर्गत ला सकते हैं। ओला इलेक्ट्रिक ने 3 किलोवॉट की एक पोर्टेबल फास्ट चार्जर एक्सेसरी भी पेश की है, जो 29,999 रुपये में खरीदी जा सकती है।



**कौन है वो पहला शख्स जो घर से बेघर होगा?**

## बिग बॉस के घर से बाहर जाने का मुकाबला शिवानी कुमारी VS नीरज गोयत के बीच




**मशहूर** रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 का माहौल गरमाता जा रहा है। ऐसे में सवाल ये है कि घर से किसका पत्ता साफ होगा। जी हां, शो में पहला एलिमिनेशन किसका होगा, इसका खुलासा हो गया है। दर्शकों में शो के पहले एलिमिनेशन को लेकर बज बना हुआ है। हर कोई जानना चाहता है कि कौन है वो पहला शख्स जो घर से बेघर हो जाएगा।

दरअसल, हाल ही में द खबरी ने एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें दावा किया गया कि बिग बॉस के घर में पहला एलिमिनेशन होने जा रहा है। इस पोस्ट में कहा गया कि सबसे पहले और पक्का, #NeerajGoyat को घर से बाहर किया जाएगा। जैसे ही सोशल मीडिया पर ये पोस्ट सामने आया, तो ये आग की तरह फैल गया। हालांकि नीरज के फैंस ये देखकर हैरान है कि इतनी जल्दी घर से नीरज का पत्ता साफ हो जाएगा।

इसको लेकर अब सोशल मीडिया पर भी यूजर्स के रिएक्शन आने लगे हैं। जी हां, इंटरनेट यूजर्स इस पर अपना-अपना रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने इस पर लिखा कि अरे ये तो अलग ही है। दूसरे यूजर ने लिखा कि इसलिए पढ़ाई जरूरी है। तीसरे यूजर ने लिखा कि ये क्या चल रहा है। एक और यूजर ने लिखा कि अरे नहीं, शिवानी को जाना चाहिए। एक अन्य ने लिखा कि क्या कर रहे हो भाई। इस तरह के कमेंट्स अब सोशल मीडिया पर यूजर्स इस पोस्ट को देखकर कर रहे हैं। बता दें कि बिग बॉस ओटीटी 3 में इस टाइम माहौल गरमाया हुआ है। घरवाले आपस में ही लड़ते नजर आ रहे हैं। हालांकि इस बीच आ रहे शो के ट्विस्ट लोगों को दिल बहला रहे हैं। भले ही शो के पहले एलिमिनेशन को लेकर नीरज का नाम सामने आ रहा है, लेकिन यहां आपको बता देते हैं कि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब ये तो वक्त ही बताएगा कि आखिर शो में कौन है वो पहला शख्स जो घर से बेघर होगा?

## एक्ट्रेस करिश्मा कपूर ने सेलिब्रेट किया अपना 50वां बर्थडे



**एक्ट्रेस करिश्मा कपूर** आज अपना 50वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं. करिश्मा ने आधी रात को अपनी फैमिली के साथ अपने स्पेशल दिन को सेलिब्रेट किया. उनके चचेरे भाई आदर जैन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर बर्थडे पार्टी की एक झलक साझा की. तस्वीर में करिश्मा काले रंग की ड्रेस, गोल्डन बर्थडे कैप और सैश में बहुत खूबसूरत लग रही हैं. हम उसके स्पेशल दिन के लिए सुंदर गुब्बारे की सजावट भी देख सकते हैं. जिस चीज़ ने हमारा ध्यान खींचा और हमें डूल कर दिया, वह थे पार्टी के दो स्वादिष्ट बर्थडे केक. पहला एक भारी चॉकलेट केक है, जो टार्च्ड मेरिंग्यू आइसिंग जैसा दिखता है. केक पर एक चॉकलेट डिस्क पर लिखा है, हैप्पी 50वां लोलो, साथ ही टॉप पर बड़ी 50 कैंडल रखी हुई हैं. इस स्वादिष्ट केक के साथ एक और चॉकलेट केक भी रखा गया है, जो छोटा है लेकिन उतना ही आकर्षक लग रहा है. करीना कपूर ने भी अपनी बहन को बर्थडे की शुभकामनाएं देने के लिए इंस्टाग्राम पर एक अडोरबल रील पोस्ट की. क्लिप में करिश्मा के कई फूडी मोमेंट शामिल थे. कॉफी पीने से लेकर स्नैक्स से भरी प्लेट के साथ पोज़ देने तक. अपनी बहन के लिए करीना की बर्थडे की शुभकामनाएं भी करिश्मा के फूडी होने का सबूत है. इसमें अन्य मज़ेदार और कीमती चीज़ों के अलावा स्नैक्स, ढेर सारी कॉफ़ी और एपेरोल और शुगर फूड शामिल हैं। करिश्मा कपूर खाने की बहुत शौकीन हैं. उनके इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नजर डालने पर आपको पता चल जाएगा कि उन्हें ट्रेवल करना और लोकल फूड और ट्रेडिशनल प्लेट पसंद है. इस महीने की शुरुआत में अहमदाबाद की अपनी हालिया जर्नी के दौरान, उन्होंने अपने स्वादिष्ट स्नैक बॉक्स की एक तस्वीर साझा की, जिसमें कई गुजराती स्नैक्स जैसे चकली, फाफड़ा, मठरी और बहुत कुछ था।

## एक नजर

### पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट आरोप

**भादर।** हारीपुर गांव की एक महिला प्रधान ने गांव के ही कुछ लोगों पर दबंगई के आरोप लगाए हैं। पीपरपुर थाना क्षेत्र के हारीपुर गांव की महिला ग्राम प्रधान श्यामकली ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि गांव के ही रहने वाले अखिलेश बरनवाल, संतोष बरनवाल और ऋषि यादव पर घर मे घुसकर मारपीट का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि अखिलेश बरनवाल ने फोन किया और कहा कि ग्राम सभा की बैठक के विषय में जरूरी बात करनी है, जिस पर महिला ग्राम प्रधान द्वारा कहा गया कि सुबह मिलूँगी। इस पर तीनों घर पहुँचे और महिला ग्राम प्रधान समेत उसके बेटे की लात घूंसों और लाठी डंडो से जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से आहत महिला ग्राम प्रधान ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए सभी आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। पीपरपुर एसएचओ रामराज कुशवाहा ने कहा कि थाना दिवस में पीड़िता द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है। जांच में सामने आया है कि मारपीट नही हुई थी सिर्फ गाली गलौज हुई थी।

### आब्जर्वर ने चल रही इग्नू परीक्षाओं की व्यवस्थाओं को देखा

**अमेठी।** मंगलवार को आरआरपीजी कॉलेज में इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की परीक्षाएं हुई। इग्नू की ओर से आब्जर्वर के रूप में लखनऊ से डॉ सपन अस्थाना ने परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा की व्यवस्थाओं को देखा। इग्नू सेंटर आरआरपीजी के डिप्टी कोऑर्डिनेटर डॉ मानवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस समय इग्नू की परीक्षाएं आरआरपीजी केंद्र पर संचालित हो रही हैं। जिसमें विभिन्न विषयों के परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। इस अवसर पर परीक्षा केंद्र पर डॉ मानवेंद्र प्रताप सिंह के साथ इग्नू के ऑब्जर्वर डॉ सपन अस्थाना, प्राचार्य प्रोफेसर पीके श्रीवास्तव और सिद्धार्थ उपस्थित रहे।

### संयुक्त टीम ने किया जलजमाव की समस्या का निस्तारण

**मुंशीगंज।** सरायखेमा में मुंशीगंज -अमेठी मार्ग पर नाली पर पक्का निर्माण होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनशिकायत होने पर मंगलवार को संयुक्त टीम ने स्थलीय निरीक्षण कर जल जमाव की समस्या का निस्तारण किया। लोक निर्माण विभाग से अनुमति प्राप्त करने के बाद क्षेत्र पंचायत की ओर से पक्की नाली का निर्माण कराया जाएगा। मुंशीगंज रोड पर नालियों पर अवैध अतिक्रमण के कारण गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिला पंचायत की ओर से लगभग 500मी लम्बाई में नाली का निर्माण कराया गया है। लगभग दो सौ मीटर लम्बाई में नाली नहीं है। पिछले सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत होने पर एस डी एम आशीष कुमार सिंह ने मामले के समुचित समाधान के लिए नायब तहसीलदार और खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की थी। मंगलवार को संयुक्त टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने बताया कि सड़क लोक निर्माण विभाग की है। सड़क के किनारे नाली के निर्माण के लिए अनुमति मिलने के बाद क्षेत्र पंचायत निधि से नाली का निर्माण कराया जाएगा। ग्राम पंचायत अधिकारी हेमंत पांडेय, अखिलेश त्रिपाठी के साथ क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में कार्रवाई न करने पर दरोगा तलब

**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के निजामपट्टी में दो साल पूर्व धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में दर्ज मुकदमें में आरोपी गोविंद प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई न करने पर सीजेएम कोर्ट ने विवेचक दरोगा हरेन्द्र सिंह को मय केस डायरी 27 जून को तलब किया है। वादी पक्ष के वकील रचित पांडेय ने बताया कि बढैयाबीर निवासी शिक्षक वादी चन्द्रसेन यादव ने जमीन बैनामे के लिए दो साल पूर्व 23 मार्च को आरोपी गोविंद प्रसाद को लगभग तीन लाख रुपए दिए थे, परन्तु आरोपी ने जमीन का बैनामा नहीं किया तथा रुपये मांगने पर अपमानित कर वादी को हत्या की धमकी भी दी। थाने व एसपी के यहां से कार्रवाई न होने पर कोर्ट के आदेश पर कोतवाली नगर में आरोपी गोविंद प्रसाद के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में बीते माह 25 अप्रैल को केस दर्ज किया गया। दर्ज केस में कोई कार्रवाई न होने पर मॉनिटरिंग अर्जी दाखिल करने पर सीजेएम नवनीत सिंह ने मामले में विवेचक हरेन्द्र सिंह को मय केस डायरी 27 जून को तलब किया है।

### अब शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार स्कूलों में होगी पढ़ाई, सभी पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन होगा



**भादर।** परिषदीय विद्यालय मंगलवार से खुल गये हैं। स्कूल खुलने के पहले दिन ही खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार यादव ने ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हेडमास्टरों की बैठक कर शैक्षिक एजेंडे की जानकारी दी और शिक्षकों को शैक्षिक पंचांग के अनुसार एक जुलाई से कक्षा शिक्षण करने और विद्यालयों को निर्धारित समय सीमा के बीच निपुण बनाने के निर्देश दिए। बी ई ओ ने कहा है कि सभी स्कूल एक जुलाई से बच्चों की उपस्थिति कम से कम 75प्रतिशत सुनिश्चित करें। एक जुलाई से ही सभी चौदह पंजिकाओ का डिजिटाइजेशन किया जाएगा। नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि जिन स्कूलों के सेवित क्षेत्र में ईंट भट्ठे आते हैं, भट्ठों पर काम कर रहे मजदूर परिवारों के बच्चों का सर्वे और चिन्हांकन करके उनका नामांकन करें।आउट आफ स्कूल बच्चों को फिर से स्कूलों में लाने के लिए अभिभावकों से घर घर सम्पर्क करें। हाउस होल्ड सर्वेक्षण का काम भी समय से पूर्ण करें। बी ई ओ ने स्कूलों में चल रहे या पूर्ण हुए निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। रसोई घर बारिश से सुरक्षित रहें, कोई भी सामग्री खराब न हो,इस पर विशेष ध्यान रखें। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन की ओर से वर्ष भर का शैक्षिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है,अब स्कूलों में सभी कक्षाओं में इसी कैलेंडर के अनुसार कक्षाएं संचालित की जाएगी। सभी ए आर पी और हेडमास्टरों को शैक्षिक कैलेंडर लागू करने के निर्देश दिए। बी ई ओ ने वृक्षारोपण के लिए गड्ढों की खुदाई का काम 29जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने डी बी टी पोर्टल से छात्र अभिभावक आधार सत्यापन करने और आधार विहीन बच्चों की सूची प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। ए आर पी त्रिवेणी यादव, राजकुमार वर्मा, मंजीत यादव, संजीव कुमार, दिनेश यादव, जामवंत मौर्य, सलिल मिश्र, अनिल यादव, ओम प्रकाश राव, ज्ञान चंद पांडेय, शिव सिंह, विनोद कुमार गौतम, रेनू सिंह, रीता यादव,अनुपम सिंह आदि मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

» परिवार में मचा कोहराम, गांव में शोक माहौल



अस्पताल में बिलाप करती महिलाएं।

विश्ववार्ता संवाददाता

**जामों/अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत लोरिकपुर गांव में आम के बगीचे में गये दो युवकों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना मंगलवार को दोपहर बाद गरज चमक के साथ हुई बारिश के बीच हुई। दोनों युवक मौसेरे भाई हैं। मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

मंगलवार को मुकेश कुमार सरोज पुत्र नागेश्वर सरोज उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सुब्बा पांडेय का पुरवा सुबह अपने खेत में काम कर रहा था। तभी मुकेश कुमार सरोज में रंजीत सरोज पुत्र राम समुझ निवासी ग्राम लोरिकपुर को फोन करके बुलाया। दोनो खेत में काम करने लगे। दोपहर अचानक एक बजे मौसम ने अपना मिजाज बदला और गरज चमक के साथ बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए दोनों युवक बारिश से बचने के लिए पास के बगीचे में पेड़ के नीचे बैठ थे कि अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। आस पास में काम कर रहे लोगो ने जिसकी सूचना परिजनों को दिया। आनन फानन में परिजनों ने 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जामो ले गए जहां डाक्टरों ने दोनो युवक को मृत घोषित कर दिया। दोनो युवक की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। दोनो युवक सगे मौसी के लड़के थे। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दोनो युवक की मौत की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई।डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनो युवक के शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की सही पुष्टि हो पाएगी।

## गर्मी से मरने वालों के लिए सदन में सवाल कर दिलाऊंगा सहायता राशि : ताहिर खान

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** पूर्व सांसद व इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में एक वृहद जन चौपाल लगाया। यहां जनता से लेकर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की जन समस्याओं को सुनकर उन्होंने त्वरित कार्रवाई की कोशिश किया।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए गर्मी से मौत पर कहा कि मौतें हुई हैं, लेकिन कई लोगों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया। मैं कार्यकर्ताओं से डिटेल मंगा रहा हूं और सदन में सवाल उठाकर उन्हें सहायता राशि दिलवाउंगा। इसौली विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मंदिर रवनिया पश्चिम (अलीगंज) के पास पंडित की बाग में क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विधायक ने एक जन चौपाल लगाया। इसके माध्यम से सीधे जनता की समस्याओं को सुनने उन्होंने शिकायतों का त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया। मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक ताहिर खां ने बताया जन चौपाल के माध्यम से सीधे जनता व पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सभी समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा, तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास भी करेंगे।विधायक ने कहा हमारा इलाका बहुत ही पिछड़ा हुआ है। यह शहर से ज्यादा दूर तो नहीं है, 10 किमी से शुरू हो जाता है। मगर इसका दायरा बहुत लंबा है। सारे इलाके से लोगों को बुलाकर के अधिकारियों को बुलाकर सुनवाई की। प्रधानमंत्री सड़क योजना और नाबार्ड से भी हमने क्षेत्र के लिए सड़कें लिखी हैं। यहां हर पार्टी के लोग आए। हम किसी एक जाति धर्म के विधायक नहीं हैं।

हम यहां सबका काम कर रहे। जिसने वोट दिया उसका भी भला जिसने नहीं दिया उसका भी भला। विधायक ने अपराध पर कहा कि प्रशासन एक्टिव है हां कही कमी है उसे दूर किया जाएगा। अभी हमने एसओ बंधुआकला और कुड़वार एसओ से बात किया।

## घर लौट रहे दो दोस्तों को अज्ञात लोगों ने मारी गोली, लखनऊ रेफर

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** निमंत्रण से घर लौटे दोस्त ने दूसरे दोस्त को जब घर छोड़ने जा रहा था तभी तीन अज्ञात लोगों ने रोककर गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां मौजूद चिकित्सको ने मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया।

स्थानीय थाना क्षेत्र के बेथरा गांव निवासी 22 वर्षीय दीपक कुमार गौतम, छावनी निवासी 17 वर्षीय बृजेश उर्फ माइकल सोमवार को गोपालपुर खुर्द गांव में निमंत्रण में गए थे। भोज के बाद दोनों दोस्त बाइक से बेथरा गांव आए। जहां से दीपक, बृजेश को छोड़ने दोस्तपुर नगर पंचायत छावनी बाइक से जा रहा था। रात करीब साढ़े नौ बजे जैसे ही उनकी बाइक मकरहा खुर्द गांव के समीप नरसिंहपुर मोड़ पर पहुंची तभी तीन अज्ञात लोगों ने रोककर फायर झोंक दिया। गोली बृजेश के बाएं हथेली को चीरते हुए दीपक के कंधे के नीचे सीने में घुस गई। गोली लगते ही दीपक जमीन पर गिर गया। वहीं, हमलावर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी दोस्तपुर भेजा। जहां मौजूद चिकित्सकों ने राजकीय मेडिकल कालेज, सुलतानपुर रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में मौजूद चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर लखनऊ रेफर कर दिया। दोस्तपुर थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है।

## लोक सभा चुनाव के बाद भी सुर्खियों में बना हुआ है संविधान बचाने का मुद्दा

### दलितों को छलने के लिए संविधान की प्रति लेकर राजनीति कर रहा सत्ता पक्ष और विपक्ष

विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी/मुसाफिरखाना।** लोकसभा चुनाव के बाद भी भारतीय संविधान बचाने का मुद्दा सुर्खियों में बना हुआ है। संसद सत्र के दौरान जहां इंडिया एलाइंस के सांसदों ने भारतीय संविधान की प्रतियों के साथ प्रदर्शन किया वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस, भाजपा और सभी विपक्षी दलों पर भारतीय संविधान में तमाम संशोधन करके संविधान को कमजोर करने के आरोप लगाए हैं। बसपा सुप्रीमो की ओर से जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप संगठन के काम को आगे बढ़ाने और भारतीय संविधान के मुद्दे पर सर्वसमाज के बीच जागरूकता अभियान की कार्ययोजना तैयार करने के लिए 27 जून को अयोध्या मंडल की बैठक बुलाई गई है। संसद सत्र के दौरान भारतीय संविधान को बचाने के मुद्दे को लेकर इंडिया एलाइंस के सांसदों के प्रदर्शन को लेकर बसपा गंभीर है।सदन में बसपा का कोई सदस्य न होने के कारण बसपा सुप्रीमो ने इस मुद्दे पर अपने स्टैंड पर देश की जनता का ध्यान आकृष्ट करने के लिए बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती जी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया।प्रेस के माध्यम से बसपा ने भारतीय संविधान में बड़ी संख्या में संशोधन करने के लिए कांग्रेस, जनता दल ,यू पी ए और एन डी ए की सरकारों को निशाने पर लिया।

बसपा सुप्रीमो का ताजा बयान सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। बहुजन समाज पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने इस मुद्दे पर पार्टी समर्थकों के बीच संवाद अभियान शुरू कर दिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 जून को अयोध्या मंडल के सभी पांच जिलों की संयुक्त कार्यकर्ता बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में बी एस पी, बामसेफ और बी वी एफ के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को बुलाया गया है।

बसपा के सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं। इनमें संविधान की प्रति दिखाकर दलित मतदाताओं को गुमराह करने की होड़ मची हुई है। इनकी मानसिकता एक जैसी है। कांग्रेस एवं भाजपा एंड कम्पनी ने आजादी के 75 सालों में तमाम संशोधन करके संविधान को कमजोर किया है और इसे जातिवादी, साम्प्रदायिक और पूंजीवादी संविधान बना दिया है। बसपा के वरिष्ठ नेता इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी ने कहा कि जिस कांग्रेस ने डॉ अम्बेडकर को संविधान सभा में नहीं जाने दिया। उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। मान्यवर कांशीराम साहब के निधन पर राष्ट्रीय अवकाश नहीं घोषित किया,वह कांग्रेस कभी भी दलितों की हितैषी नहीं हो सकती। संविधान बचाने के नाम पर इसकी आड़ में जातिवादी, पूंजीवादी और साम्प्रदायिक राजनीति की जा रही है।

बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा शासित राज्यों की सरकारें गरीबी, मंहगाई और बेरोजगारी दूर करने में पूरी तरह विफल रही हैं। जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि दलितों का सबसे अधिक नुकसान इंडिया एलाइंस में शामिल समाजवादी पार्टी ने किया है। सपा सांसद ने ही सदन में आरक्षण का बिल फाड़ा। उस समय कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियां मौन रही।

## पुलिस अधीक्षक ने कराई फायर बुलेट की मार्कड्रिल

विश्ववार्ता संवाददाता

**मुंशीगंज/अमेठी।** आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के निर्देश पर फायर सर्विस जनपद को 02 फायर बुलेट मोटर साईकिल रिजर्व स्टोर लखनऊ से प्राप्त हुई।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने फायर बुलेट की मॉक ड्रिल कराकर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इन वाहनों में आग बुझाने की समुचित व्यवस्था है मोटरसाइकिल के पिछले हिस्से में हाई प्रेशर फायर पम्प लगा है और 40 लीटर क्षमता का वाटर टैंक स्थापित है जो होजरील से कनेक्ट किया गया है जिसमें गनब्रॉन्च लगा हुआ है इसकी सहायता से फव्वारा जैसा पानी का जेट मारकर सीट ऑफ़ फायर पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकता है । इसके साथ ही इसमें पोर्टेबल फायर एक्सटिंग्यूशर भी लगा है। जो छोटी आग को बुझाने में सहायक होता है। ये वाहन पतली एवं तंग गली-मोहल्लों में सरलता से पहुंच का आग पर प्रभावी नियंत्रण लगाकर बुझाने में सक्षम है। इन वाहनों के द्वारा आग की घटनाओं पर कम समय में प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।



फायर बुलेट मोटर साइकिलों को झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी अनूप सिंह।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

**सुलतानपुर।** आकाशीय बिजली गिरने से दो ग्रामीणों की मौत हो गई। मौत के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया, हालांकि पुलिस को सूचना मिलते ही मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सैफुल्लागंज नन्हूई गांव में मंगलवार करीब चार बजे खेत में धान के बेरन की सिंचाई कर रहा करीब 17 वर्षीय युवक शिवम कुमार पुत्र गोविंद कुमार आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई वहीं खेत में पशुओं के लिए चारा काटने गई महिला सोना देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार भी आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से अपनी जान गंवा दी। दो - दो मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर दोनों शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आपातकाल के 50वें वर्ष पर भाजपा ने निकाला मौन जुलूस

विश्ववार्ता संवाददाता



**सुलतानपुर।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा के नेतृत्व में मौन जुलूस श्याम प्रसाद मुखर्जी पार्क से दीनदयाल उपाध्याय पार्क तक निकाला गया। उसके पश्चात जिला कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह राणा ने बताया कि 25 जून 1975 को तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी। मामला यह था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी की संसद सदस्यता के चुनाव को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया था। इस पर इंदिरा गांधी को बौखला गई और उन्होंने आनन-फानन में 25 जून की रात को देश में आपातकाल लगा दिया था। यह आपातकाल 21 मार्च 1977 तक लगभग 19 महीने तक लागू रहा। आपातकाल के 49 साल बीत चुके हैं।

कहा जाता है कि चुनाव रद्द होने के बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और जबरन आपातकाल लगाकर करीब पौने दो साल तक सत्ता में बनी रही। आपातकाल लगते ही विपक्ष के एक-एक नेता को चुन चुन कर पकड़ कर जेल में बंद किया गया था। ऐसे में जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से जुड़े युवाओं को भी पकड़ा गया।

## डेट नहीं आई, पुलिस भर्ती की तैयारी शुरू, संयुक्त टीम ने की प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की जांच



विश्ववार्ता संवाददाता

**अमेठी।** शासन के निर्देश पर जिले में पुलिस भर्ती की तैयारी शुरू हो गई है। सभी तहसीलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। प्रशासन और शिक्षा विभाग के अफसरों की संयुक्त टीम ने मंगलवार को प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की जांच की और प्रधानाचार्यो को परीक्षा के लिए आवश्यक जरूरी सुविधाएं ठीक करने के निर्देश दिए। अमेठी तहसील में दस केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें से चार नगर क्षेत्र में और छः ग्रामीण अंचल में रहेंगे। सी ओ लल्लन सिंह, तहसीलदार सूरज प्रताप और खंड शिक्षा अधिकारी पूजा के साथ प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत पूरे प्रेम गांव के पास रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। मंगलवार को दोपहर के समय लखनऊ- रायबरेली रेलवे खंड पर स्थित पूरे प्रेम गांव के पास से एक युवक की भारत गौरव एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।शव की पहचान नहीं हो पाई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पहचान के लिए आसपास के लोगों को बुलाया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि युवक सुबह से ही रेलवे लाइन के किनारे टहल रहा था, ट्रेन के आने पर युवक दुर्घटना का शिकार हो गया।

## रास्ते को लेकर महिलाओं ने किया तहसील में विरोध प्रदर्शन

विश्ववार्ता संवाददाता



» एसडीएम ने संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण करने के लिए निर्देश

**संग्रामपुर।** रास्ते को अवरूद्ध करने और दबंगई के मामले को लेकर करनाईपुर की दलित महिलाओं ने मंगलवार को तहसील में एस डी एम के चैम्बर के सामने आमरण अनशन किया। महिलाओं के विरोध प्रदर्शन के बाद एस डी एम आशीष सिंह ने मामले के निस्तारण के लिए टीम का गठन किया है।

महिला का आरोप है कि उसके घर तक जाने के लिए पक्का रास्ता बना है, लेकिन गांव के ही एक दबंग ने उस पर कब्जा कर लिया है। उसे आने-जाने नहीं दिया जा रहा है।फिलहाल दलित महिला के आमरण अनशन पर बैठने के बाद एसडीएम ने टीम का गठन कर मामले की जांच के लिए गांव भेज दिया है।

मंगलवार को संग्रामपुर विकास खंड की करनाईपुर तिवारीपुर गांव की सुधा कोरी गांव की कई महिलाओं के साथ तहसील पहुंची और एसडीएम ऑफिस के बाहर हाथ में पोस्टर बैनर लेकर आमरण अनशन पर बैठ गई।महिला सुधा का आरोप है कि ग्राम पंचायत ने ठेंगहा-करनाईपुर मार्ग से साधु बाबा स्थान तक पक्की सड़क बनवाई है।इसी रास्ते पर गांव के एक दबंग ने कब्जा कर लिया है। मुझे उस सड़क से ना तो आने दिया जा रहा हूं न ही जाने दिया जा रहा है। कई बार इसकी शिकायत मैंने अधिकारियों से की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारी शिकायत सुनने को तैयार नहीं हैं, इसलिए आज मैं आमरण अनशन पर बैठी हूं।

एसडीएम आशीष सिंह ने कहा कि महिला की शिकायत पर एक टीम का गठन किया गया है। टीम को मौके पर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

## बारिश ने गर्मी से राहत पहुंचाई

**अमेठी।** मंगलवार को दोपहर बाद हुई बारिश ने गर्मी से राहत पहुंचाई है। गांवों में खेती का काम तेज हो गया है। बारिश के बाद उमस बढ़ने से खेत मेड़ों पर जहरीले जंतुओं के निकलने के खतरे बढ़े हुए हैं।

मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादल दिखाई देने लगे। दोपहर बाद बूंदाबांदी का क्रम शुरू हुआ, कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। शाम के समय भी आसमान में बादल छाए रहे।

बारिश होने और मानसून आने के संकेत मिलने के साथ ही धान की अगेती खेती करने वाले किसानों ने धान की रोपाई का काम शुरू कर दिया है।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 78% रही। हवाएं 08 किलोमीटर प्रति घंटे की दर से चली।

**सेमिनार** भाजपा ने आपातकाल दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की, लोकतंत्र सेनानियों का हुआ सम्मान

# भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है आपातकाल : शंकर गिरि

विश्ववार्ता संवाददाता



आयोजित कार्यक्रम में शामिल भाजपाई।

**गौरीगंज।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लागू की गई 25 जून 1975 इमरजेंसी, आपातकाल पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के दौरान पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह, राम मूर्ति त्रिपाठी, रामदुलार तिवारी, श्याम लाल चौहानआदि लोकतंत्र सेनानी को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि शंकर गिरी ने कहा कि आजादी के बाद सबसे बड़ा काला दिवस भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा इमरजेंसी लागू करने वाला दिन था, जिसमें भारत की आजादी के लिए लड़ रहे लोकतंत्र सेनानियों का जिस प्रकार यतनायें दी गई और जेल में भरने का कृत्य किया गया उसको देश कभी भी माफ नहीं करेगा, आजादी के ₹75 साल₹ पूर्ण के बाद भी देश का वह काला दिन जिसको उस कालखंड में भारत माता के लिए कार्य में लगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल सहित अन्य सामाजिक संगठन, भारतीय जनसंघ सहित अनेकों ऐसे दल जो राष्ट्र सेवा में कार्य कर रहे थे उन पर इतनी यातनाएं दी गई जेल में भरने का कार्य किया गया, मगर उस कालखंड के जितने भी लोकतंत्र सेनानी थे उन्होंने हार नहीं मानी राष्ट्र को आगे बढ़ाते हुए ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य किया सभी देशवासियों ने मिलकर आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जिस प्रकार भारत को पूरे विश्व में एक नई पहचान दिलाने का कार्य कर रहे हैं उसका हम सभी देशवासियों को गर्व है।

पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन द्वारा आयोजित इमरजेंसी का यह काला दिन हर वर्ष अपने लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करती आई है और आगे भी अपने सभी लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करेगी।जब तक प्राण रहेंगे तब तक आपातकाल को याद करते रहेंगे।

प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की संगोष्ठी को पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव,गोविंद सिंह चौहान एवं केशव सिंह ने भी सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि शंकर गिरी प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी भाजपा अमेठी रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा ने की। संचालन सुधांशु शुक्ला ने किया।

संगोष्ठी प्रमुख रूप से चंद्रप्रकाश मिश्रा मटियारी पूर्व विधायक, दुर्गेश त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यक्ष, दलजीत सिंह प्रदीप सिंह थोरी, कालीबक्स सिंह आदि मौजूद रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से वृद्ध महिला की मौत

**गौरीगंज।** कोतवाली अंतर्गत उत्तर गांव में धान की नर्सरी निकाल रही वृद्ध महिला के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। महिला की मौत से परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

मंगलवार को उत्तरगांव में धान की नर्सरी निकाल रही महिला प्रेमा देवी पत्नी छेतई (70) के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्रीय लेखपाल भी मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार की और अपनी रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपी है। तहसीलदार ने बताया कि जांच के उपरांत मृतक महिला के परिजन को दैवी आपदा के अंतर्गत आर्थिक मदद मिलेगी।

## एक नजर

### जम्मू से वैष्णो देवी तक हेलिकॉप्टर सेवा शुरू



**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन की यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए और सुगम बनाने के वास्ते जम्मू से पंछी हेलीपैड के रास्ते वैष्णो देवी तक बहुप्रतीक्षित हेलिकॉप्टर सेवा मंगलवार से शुरू हो गयी। इस सेवा का श्रद्धालुओं को बेसब्री से इंतजार था जो पवित्र तीर्थस्थल तक परिवहन का एक सुविधाजनक और आरामदायक तरीका प्रदान करेगी। जम्मू से वैष्णो देवी के लिए सीधी हेलिकॉप्टर सेवा को श्राइन बोर्ड ने तीन अप्रैल, 2024 को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित अपनी 72वीं बैठक में मंजूरी दी थी जिसमें बोर्ड ने पाया कि जम्मू हवाई अड्डे और पंछी हेलिपैड के बीच तीर्थस्थल मार्ग पर सीधी हेलिकॉप्टर सेवा न केवल आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाएगी बल्कि श्रद्धालुओं के तीर्थयात्रा अनुभव को भी बेहतर बनाएगी।

### भगवा झंडे जलाने के आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना क्षेत्र में नव वर्ष के मौके पर दुकान के बाहर लगे भगवा झंडा जलाने के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद से ये आरोपी फरार हो गये थे जो ईद पर मांडल आये थे। थाना प्रभारी संजय गुर्जर ने मंगलवार को बताया कि 11 अप्रैल को देशराज जाट ने शिकायत दर्ज कराई कि लखारा चौक में नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि को लेकर हिंदू समाज के लोगों की दुकानों के बाहर रास्ते पर करीब 10-11 फीट ऊंचाई पर भगवा रंग का श्री राम भगवान का चित्र सहित झंडा लगा रखा था। 10 अप्रैल की शाम कुछ लोगों ने बाजार में दशहत फैलाने एवं धार्मिक भावना आहत करने के लिए उक्त झंडे को जला दिया।

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शाह से की मुलाकात



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से संसद भवन में सौजन्य भेंट की। डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प 'एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत साढ़े पांच करोड़ पेड़ लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान की शुरुआत इंदौर जिले में 51 लाख पेड़ लगाने से की जाएगी। डॉ. यादव ने इस अभियान के शुभारंभ के लिए केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह को मध्यप्रदेश आने का अनुरोध किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

### एमपी युवा कांग्रेस का 27 को संसद भवन का घेराव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदेश भर के हजारों युवा 27 जून को दिल्ली पहुंचकर केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों और शिक्षा माफियाओं के विरोध में प्रदर्शन कर संसद भवन का घेराव करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने बताया आगामी 27 जून को मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदेश भर के हजारों युवा दिल्ली पहुंच कर केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों और शिक्षा माफियाओं के विरोध में जंगी प्रदर्शन कर संसद भवन का घेराव करेंगे और घोटाला कर्मठ अवार्ड भाजपा मुख्यालय को सौंपेगे।

### ब्रिटिश जेल से रिहा हुए विकीलीक्स के संस्थापक असांजे

**वाशिंगटन।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार विकीलीक्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें श्री असांजे वह सोमवार शाम को लंदन के स्टैनस्टेड हवाई पर विमान में सवार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह घोषणा उस खबर के तुरंत बाद की गई, जिसमें बताया गया था कि श्री असांजे इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के जासूसी कानून का उल्लंघन करने के लिए दोषी होने की दलील देने वाले हैं। इस समझौते के तहत वह अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया वापस लौट सकेंगे।

### हज के लिए वीजा के दुरुपयोग के खिलाफ दी चेतावनी

**रियाद।** सऊदी अरब ने अन्य देशों की पर्यटन कंपनियों पर विजिट वीजा धारकों को हज यात्रा में भाग लेने के लिए गुमराह करने का आरोप लगाया है। सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार सऊदी गृह मंत्रालय के सुरक्षा प्रवक्ता तलाल शल्हौब ने कहा कि उन कंपनियों ने हज के लिए वीजा जारी नहीं किया बल्कि उन्हें हज शुरू होने से दो महीने पहले मक्का में रहकर नियमों का उल्लंघन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### यूक्रेन को दी पैट्रियट मिसाइलों की दूसरी खेप

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच स्पेन ने यूक्रेन को पैट्रियट एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों के दूसरी खेप की आपूर्ति कर दी है। समाचार एजेंसी ने सरकारी सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार मिसाइलों के दूसरे बैच की आपूर्ति 21 जून को की गयी। मिसाइलों के अलावा, शिपमेंट में लियोपार्ड टैंक, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद, एंटी-ड्रोन सिस्टम, ऑप्टिकल-इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली और रिमोट-नियंत्रित बुर्ज शामिल हैं।

### वकील की हत्या में पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां कयूम को वकील बाबर कादरी की 2020 में हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि कादरी की 24 सितंबर 2020 को दो बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोनों बंदूकधारी उनके हवल श्रीनगर स्थित घर पर मुवक्किल बनकर आए थे और उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले की जांच जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच एजेंसी द्वारा की जा रही है।

### इटावा सफारी में शेरनी नीरजा के शावक की मौत

इटावा। एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में लोकप्रिय इटावा लायन सफारी में शेरनी नीरजा के एक शावक की मंगलवार को मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। यह कोई पहला मामला नहीं है जब सफारी में शावकों की मौत हुई है। इससे पहले भी सफारी में कई शावकों की मौत हो चुकी है। सफारी पार्क के निदेशक डॉ.अनिल कुमार पटेल ने बताया कि आज तड़के करीब छह बजे सफारी कीपर जब शावक को दूध पिलाने के लिए पहुंचा तो शावक मृत पाया गया।

# कांग्रेस में चेहरे बदले, लेकिन चरित्र नहीं: मुख्यमंत्री

## आपातकाल में सामने आया था कांग्रेस का बर्बर चेहरा, संशोधन के जरिए संविधान की मूल आत्मा को नष्ट करने का किया प्रयास : योगी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान लगाई गई इमरजेंसी के 50वें वर्ष में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर जमकर प्रहार किया। अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज जब 50 वर्ष के उपरांत हम इमरजेंसी की उन यादों को स्मरण करते हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस में चेहरे बदले होंगे, लेकिन उसका चरित्र और उसके हाव भाव आज भी वही है जो 1975 में था। उस समय कांग्रेस का एक बर्बर चेहरा हम सभी को देखने को मिला था। कैसे उन्होंने संविधान की मूल आत्मा कही जाने वाली प्रियंबल (प्रस्तावना) में संशोधन करके उसकी आत्मा को नष्ट करने का प्रयास किया था। कैसे कांग्रेस ने उस समय देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था। कैसे न्यायालय के अधिकारों को कांग्रेस ने उस समय बंधक बनाकर रख दिया था। और आज



भी कांग्रेस पार्टी में भले ही नेतृत्व बदला हो, चेहरा बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है।

सीएम योगी ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व आज के ही दिन देर रात्रि एक काला अध्याय लिखा गया था, जब कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने भारत के संविधान का गला घोंटते हुए लोकतंत्र को पूरी तरह समाप्त करने की साजिश रची थी। 25 जून 1975 को रात के अंधेरे में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने कैसे भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास किया था। उस समय अटल बिहारी वाजपेई, मोरारजी देसाई, जय प्रकाश नारायण, लाल कृष्ण आडवाणी समेत विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में बंद करके लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह तानाशाही पूर्ण रवैया आज या 1975 में ही नहीं, बल्कि आजादी के तत्काल बाद भी देखने को मिला था, जब संविधान को अंगीकार करने के मात्र दो वर्ष के अंदर ही उसने संविधान संशोधन करके धारा 370 को उसमें जबरन डालकर देश की अखंडता को चुनौती देने का प्रयास किया था। इसके उपरांत भी उसने समय-समय पर, कभी मीडिया को प्रतिबंधित करके, कभी अन्य तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लोकतंत्र के सभी स्तंभों को कमजोर करने का प्रयास किया था। 25 जून 1975 उसकी पराकाष्ठा के रूप में देश और दुनिया ने देखा है। सीएम योगी ने कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग आज लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, लेकिन भारत के बाहर जाकर भारत के लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं और भारत की चुनाव प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं। ये लोग भारत के बाहर जाकर भारत को और उसके लोकतंत्र को कोसते हैं। यही नहीं, भारत के अंदर भी हर चुनाव की प्रक्रिया में बाधा पैदा करके ईवीएम पर अपनी अकर्मण्यता का दोष थोपने का प्रयास करते हैं। 1975 में संविधान को नष्ट करने का प्रयास करने वाली कांग्रेस आज भी उसी रास्ते पर चल रही है। जहां भी कांग्रेस नेतृत्व की सरकारें हैं, उनका रवैया, उनकी कार्यप्रणाली और उनके कृत्य इस बात के उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। सीएम ने कांग्रेस के सहयोगी दलों को भी कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि 1975 में देश के लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए जिन लोगों ने जेल की यातनाओं को सहा था, जिन लोगों ने उस कालखंड में लोकतंत्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था, आश्चर्य होता है कि उनकी वर्तमान पीढ़ी उसी कांग्रेस की गोद में बैठकर देश को फिर से कांग्रेस की तानाशाही, लोकतंत्र विरोधी और संविधान विरोधी नीतियों की ओर धकेलने का कुत्सित प्रयास कर रही है। कांग्रेस के सहयोगी, चाहे वो बंगाल की टीएमसी हो, केरल, तमिलनाडु के सहयोगी हों या कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकारें जहां कार्य कर रही हैं, उनकी कार्यपद्धति को आप देखें तो पाएंगे कि ये लोग जनता को गुमराह करके संविधान के नाम पर संसद की कार्यवाही को बाधित करने का कार्य कर रहे हैं।

### लोकतंत्र को कमजोर करने वालों को देश कभी माफ नहीं करेगा

सीएम योगी ने कहा कि वो लोग कभी अपने गिरेबां में भी झांक कर देखें, क्या उन्होंने सही मायने में संविधान का पालन किया था। क्या ये सच नहीं कि देश की संसद में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बिल को संसद के फ्लोर पर ही फाड़ने का काम किया था। उन्होंने ऐसे अनेक कृत्य किए हैं जिसने लोकतंत्र को कमजोर किया है और आज भी लगातार कमजोर कर रहे हैं। इसके लिए देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। साथ ही, कांग्रेस और उनकी तानाशाही में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहभागी बने उन सभी राजनीतिक दलों को भी देश कभी स्वीकार नहीं करेगा। कांग्रेस और उनके सभी सहयोगियों को जिन्होंने समय-समय पर संविधान के प्राविधानों को मानने से इंकार किया है, इसके लिए आज इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने पर इन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।

## गाजा पर इजरायली हमले में 26 फिलिस्तीनियों की मौत

» दो स्कूलों और एक सभा को निशाना बनाकर किये गये हवाई हमले, कई लोग घायल

एजेंसी

**गाजा।** इजरायल ने मंगलवार को गाजा सिटी के दो घरों, शहर के पूर्व और पश्चिम में विस्थापित लोगों के रहने वाले दो स्कूलों और एक सभा को निशाना बनाकर किये गये हवाई हमले में कम से कम 26 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गयी।

इजरायल के नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने एक बयान में कहा कि इजरायली सुरक्षा बलों ने गाजा शहर के पूर्व में अल-दारराज क्षेत्र में एक स्कूल और शहर के पश्चिम में अल शाती शिविर में एक अन्य स्कूल और अल-शुजाइया के पड़ोस में अल-ज़मीली



परिवार के घर को निशाना बनाकर तीन हवाई हमले किये। बयान में कहा गया है कि कर्मचारियों ने इन स्थानों से 13 लोगों के शव बरामद किए और कई घायल लोगों को वहां से निकाला। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया है। इस बीच, सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायली विमानों ने शहर के पश्चिम में अल-शाती शरणार्थी शिविर में हानियेह परिवार के एक घर को निशाना बनाकर कई मिसाइलें दागीं, जिसमें शरणार्थी शिविर जमींदोज हो गया। चिकित्सा सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि हमले में हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानियेह की बहन सहित 10 लोग मारे गए और उनके परिवार के कई सदस्य मलबे में दबे हुए हैं। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाद में इजरायली विमानों ने गाजा शहर के पश्चिम में फिलिस्तीनियों की एक सभा पर हमला किया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

## संविधान पर नूरा कुश्ती कर रहा है सत्ता पक्ष और विपक्ष

### बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा- ये लोग सभी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** संसद में संविधान को लेकर छिड़ी बहस को दिखावटी करार देते हुये बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने अन्दर-अन्दर मिलकर संविधान को अनेक संशोधनों के जरिये काफी हद तक जातिवादी, साम्प्रदायिक एवं पूँजीवादी बना दिया है।

सुश्री मायावती ने यहां जारी बयान में कहा कि इसमें कोई सन्देह नहीं है कि केन्द्र में सत्ता व विपक्ष द्वारा अब संसद के अन्दर व बाहर भी संविधान की कापी दिखाने की होड़ में ये लोग सभी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे लग रहे है तथा इनकी सोच भी लगभग एक जैसी ही लग रही है। इन दोनों ने अन्दर-अन्दर मिलकर अब इस संविधान को अनेकों संशोधनों के जरिये इसे काफी हद तक जातिवादी, साम्प्रदायिक एवं पूँजीवादी संविधान बना दिया है।



उन्होंने कहा, इन दोनों की अन्दरूनी मिली-भगत होने की बात मैं इसलिए कह रही हूँ क्योंकि इन दोनों की भी खासकर कांग्रेस, बीजेपी व अन्य पार्टियों की भी जिन-जिन राज्यों में सरकारें चल रही है। तो वे सभी राज्य सरकारे वहाँ के लोगों की खासकर गरीबी, बेरोजगारी व मंहगाई आदि को दूर करने में बुरी तरह से विफल हो गई है और अब उन पर से जनता का ध्यान बांटने के लिए,इन दोनों की मिली-भगत से ही संविधान बचाने का नाटक किया जा रहा है, जिससे देश की जनता को जरूर सावधान रहना है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सत्ता व विपक्ष अपने-अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए, यहाँ भारतीय संविधान के साथ जो खिलवाड़ कर रहे है तो यह कतई भी उचित नहीं है जबकि इन दोनों ने अर्थात सत्ता व विपक्ष ने अब तक अन्दर-अन्दर मिलकर संविधान में इतने ज्यादा संशोधन कर दिये है, कि अब यह बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मन्सा वाला समतामूलक, धर्म-निरपेक्ष एवं बहुजन हिताय वाला संविधान नहीं रहा है बल्कि अधिकांश अब यह जातिवादी, साम्प्रदायिक एवं पूँजीवादी संविधान ही बनकर रह गया है।

## सक्षम लोगों को आवास आवंटित कर बुरी फंसी सरकार

### उत्तराखंड हाईकोर्ट में सुनवाई : प्रदेश सरकार को कोई जवाब देते नहीं बन रहा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नैनीताल।** तीर्थ नगरी हरिद्वार में उत्तराखंड के सिंचाई विभाग के आवासीय भवनों को मामूली दर पर सफेदपोश और सक्षम लोगों को दिये जाने के मामले में प्रदेश सरकार बुरी तरह से फंस गयी है और अब उससे कोई जवाब देते नहीं बन रहा है। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में मंगलवार को देहरादून के विधि के छात्र रितिक निषाद की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

आज सरकार की ओर से इस प्रकरण में जवाबी हलफनामा दायर किया गया। सरकार की ओर से कहा गया कि आवास नियमावली के नियम 35 के तहत सरकार को आवास आवंटित किये हैं। सरकार को गैर सरकारी लोगों को आवास आवंटित करने का अधिकार है। सरकार की ओर से मुख्य स्थायी अधिवक्ता (सीएससी) चंद्रशेखर रावत ने कहा कि इसके लिये सरकार की ओर से एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की साल में चार बार बैठक आयोजित की जाती है। सरकार अपने जवाब से खुद फंस गयी। अदालत ने कहा कि कमेटी ने किस प्रक्रिया के तहत गैर सरकारी लोगों को आवास आवंटित किये हैं। आवास आवंटित करने से पहले



क्या कोई विज्ञापन जारी किया गया है? अदालत ने यह भी कहा कि सफेदपोश और सक्षम लोगों को ही क्यों आवास आवंटित किये गये? भूमि हीन और गरीबों को आवास क्यों नहीं आवंटित किये गये? अदालत के इस सवाल का सरकार के पास कोई जवाब नहीं था। अदालत ने इस मामले में सरकार को अगले सप्ताह तक जवाब देने को कहा है। अदालत ने सरकार को आईना दिखाते हुए कहा कि कमेटी के बजाय संसदीय सचिव और मंत्री की सिफारिश पर आवास क्यों आवंटित किये गये हैं?

गौरतलब है कि याचिकाकर्ता ने इसी साल एक जनहित याचिका दायर कर कहा है कि शासन ने सिंचाई विभाग के रुड़की स्थित शोध संस्थान के आवासीय भवनों को मामूली किराये पर गैर सरकारी लोगों को बहुत आवंटित कर दिये हैं। इनमें राजनेता, पार्टी पदाधिकारी, अधिवक्ता, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी के अलावा राजनीतिक रूप से सक्षम लोग शामिल हैं। यह भी कहा गया कि ये लोग लंबे समय से इन आवासों में रह रहे हैं। विभाग की ओर से न तो इनसे किराया वसूला जा रहा है और न ही बेदखली की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## निकम की एसपीपी के रूप में वापसी को दी कोर्ट में चुनौती

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई में हत्या मामले के एक आरोपी ने अधिवक्ता उज्ज्वल निकम को विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) के रूप में फिर से नियुक्त करने के खिलाफ मुंबई सत्र न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायालय के एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री निकम ने हाल ही में मुंबई उत्तर मध्य से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा था और हार गये थे।

आरोपी विजय भिवाजीराव पलांडे ने न्यायालय से अनुरोध किया कि निकम को न्याय और मौलिक अधिकारों के हित में उसके मामले से दूर रखा जाए। उसकी याचिका पर 28 जून को सुनवाई होने की संभावना है। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपना नाम घोषित किये जाने से एक दिन पहले श्री निकम ने 29 लंबित मामलों से इस्तीफा



दे दिया था जिसमें 26/11 मुंबई हमले का मुकदमा भी शामिल है जिसमें उन्हें एसपीपी नियुक्त किया गया था। चुनाव हारने के बाद, महाराष्ट्र सरकार ने इस महीने की शुरुआत में श्री निकम को मामलों में एसपीपी के रूप में फिर से नियुक्त किया है। पलांडे ने सत्र न्यायालय में एक आवेदन दायर कर श्री निकम को मामले से दूर रखने का आदेश मांगा। पलांडे पर 2012 में ओशिवारा में हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

### भारतीय मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने केंद्र सरकार से श्रीलंकाई नौसेना की गिरफ्त में मौजूद 47 मछुआरों की उनकी 166 नौकाओं समेत रिहाई सुनिश्चित करने की मांग की। श्री स्टालिन ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर आगे की गिरफ्तारियों को रोकने के लिए संयुक्त कार्य समूह बुलाने का भी आग्रह किया।

डॉ. जयशंकर को मंगलवार को लिखे एक अर्ध-आधिकारिक पत्र में श्री स्टालिन ने कहा, "गहरी पीड़ा की भावना के साथ, मैं आपका ध्यान 25 जून को (आज) श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों को उनकी मछली पकड़ने वाली नाव के साथ पकड़े जाने की एक अन्य घटना की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।" उन्होंने बताया कि श्रीलंकाई नौसेना ने आज नागापट्टिनम फिशिंग हार्बर से एक मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नाव और 10 मछुआरों को पकड़ लिया।

## पीएम को चुनाव के समय आते हैं जंगलराज के सपने

### बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मोदी पर बोला हमला

विश्ववार्ता ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बिहार में बढ़ रहे अपराध के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आज जमकर हमला बोला और कहा कि श्री मोदी को केवल चुनाव के समय ही जंगलराज के जंगली सपने आते हैं।

श्री यादव ने मंगलवार को 'एक्स पर लिखे अपने पोस्ट में कहा, "आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, आपके पावन मुखारविंद से बिहार में दिन दुगुनी रात चौगुनी वृद्धि कर रहे रिकॉर्डतोड़ अपराध पर दो शब्द निंदा की अपेक्षा है। वैसे भी सभी न्यायप्रिय एवं विवेकशील बिहारी कहते है कि आपको चुनाव के वक्त ही जंगलराज के जंगली सपने आते हैं।"

नेता प्रतिपक्ष ने बिहार में पिछले दो-तीन दिनों में हुई आपराधिक घटनाओं की सूची जारी की और बताया कि शेखपुरा में



» उपमुख्यमंत्री ने कहा विपक्ष के नेता की भी जिम्मेदारी है कि वे लोगों के आंसू पोछें न कि बेबुनियाद आरोप लगाएं

डबल इंजन सरकार में डबल पावर से लैस अपराधियों ने आठ साल की बच्ची की गोली मारकर हत्या, कैमूर में युवक की हत्या, अपराधियों ने तांडव मचा सिविल कोर्ट के स्टाफ की गोली मारकर हत्या की, मधेपुरा में बेलगाम अपराधियों ने ईंट और पत्थरों से सिर और चेहरे को कूच-कूच कर एक युवक की निर्मम हत्या की, अररिया में 55 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर अपराधियों ने शव फेंका, बेतिया में अपराधियों ने पत्रकार पर चाकू से जानलेवा हमला किया, सीतामढ़ी में सत्ता संरक्षित लुटेरों ने सीएसपी संचालक से सरेआम आठ लाख रुपए लूटे, एनडीए के स्थानीय सांसद जातीय बदला लेने में वयस्त और मस्त।

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने श्री यादव के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बैंक डकैती में शामिल दो अपराधियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता की भी जिम्मेदारी है कि वे लोगों के आंसू पोछें न कि सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाएं।

### आपातकाल लोकतंत्र पर काले धब्बे के समान

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि भारत के संविधान और लोकतंत्र में निष्ठा रखने वाले लोग 25 जून 1975 का दिन कभी नहीं भूल सकते। आज जो लोग लोकतंत्र एवं संविधान बचाने का ढोंग कर रहे हैं, उनके द्वारा इस दिन देश में लागू किया गया आपातकाल लोकतंत्र पर काले धब्बे के समान है।

श्री शर्मा मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में संविधान संरक्षण मंच द्वारा आयोजित 'संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय में प्रतिबद्धता विषयक संगोष्ठी में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार संविधान को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने देश के संविधान की रक्षा का अपना वचन बार-बार दोहराया है और प्रदेश में भी संविधान की रक्षा का दायित्व हम पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं।

## ओवैसी ने शपथ ग्रहण के बाद लगाया नारा- जय भीम, जय फिलिस्तीन

### हैदराबाद से सांसद और AIMIM प्रमुख के शपथ ग्रहण को लेकर छिड़ा नया विवाद, बीजेपी सांसदों ने लोकसभा में जमकर किया हंगामा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण जारी है। इस बीच हैदराबाद से सांसद और AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के शपथ ग्रहण को लेकर नया विवाद छिड़ गया। दरअसल ओवैसी ने सांसद पद की शपथ लेने के दौरान जय भीम, जय तेलंगाना और बाद में जय फलिस्तीन कहा। ओवैसी के 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाने के बाद सदन में बीजेपी सांसदों ने हंगाना शुरू कर दिया।

लोकसभा के सदस्य रूप के लिए शपथ लेने के लिए प्रोटम स्पीकर ने अससुद्दीन ओवैसी को बुलाया। ओवैसी ने शपथ से पहले बिस्मिल्लाह पढ़ा। इसके बाद उन्हें उर्दू में शपथ ली। शपथ लेने के बाद जाते- जाते उन्होंने 'जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन' का नारा लगाया। इसके अलावा उन्होंने 'अल्लाह हू अकबर' का नारा भी लगाया। ओवैसी के 'जय फिलिस्तीन' नारे का बीजेपी ने विरोध किया है। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, 'आज AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में जय फिलिस्तीन का जो नारा दिया है वह बिल्कुल गलत है। यह सदन के नियम के खिलाफ है। ये भारत में रहकर भारत माता को जय नहीं बोलते... लोगों को समझना चाहिए कि ये देश में रहकर असंवैधानिक कार्य करते हैं।'

**हैदराबाद से पांचवी बार असदुद्दीन बने हैं सांसद**

AIMIM चीफ अससुद्दीन ओवैसी हैदराबाद से पांचवी बार सांसद बनकर लोकसभा पहुंचे हैं। उन्होंने बीजेपी की



माधवी लता को 3,38087 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। इससे पहले 2019 के चुनाव में ओवैसी ने कुल 58.95% वोट शेयर के साथ जीत दर्ज की थी। वो हैदराबाद से लगातार 5वीं बार सांसद बने हैं। ओवैसी हैदराबाद लोकसभा सीट से पहली बार 2004 में चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

### शपथ के बाद वापस लौटे बीजेपी सांसद अतुल गर्ग और बोले- हेडगेवार जिंदाबाद

**नई दिल्ली।** लोकसभा में आज भी सांसदों को शपथ दिलाई जा रही है। शपथ के दौरान इस बार बहुत कुछ अलग देखने को मिला। कोई संविधान की लाल किताब लेकर शपथ लेने पहुंचा तो कोई शपथ लेने के बाद नारे लगाने लगा। इसी बीच गाजियाबाद से बीजेपी सांसद अतुल गर्ग ने शपथ लेने के बाद AIMIM प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी को उन्हीं के अंदाज में जवाब दे दिया। दरअसल, कुछ देर पहले ही AIMIM प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ ली और जय फिलिस्तीन का नारा लगाया जिसके बाद शपथ लेने पहुंचे अतुल गर्ग ने उन्हें जवाब देते हुए शपथ लेने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगा दिए। उसके बाद जब वो जा रहे थे तो विपक्षी सांसद उन्हें टोकते हुए नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सांसदों की नारेबाजी देखते हुए अतुल गर्ग वापस आए और माइक में एक और नारा लगाया और वो डॉक्टर हेडगेवार के नाम का था। अतुल गर्ग ने कहा- डॉक्टर हेडगेवार जिंदाबाद। भाजपा सांसद अतुल गर्ग गाजियाबाद सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा था और इंडी गठबंधन की उम्मीदवार डॉली शर्मा को हराकर जीत का परचम लहरा दिया है। इस लोकसभा चुनाव में अतुल गर्ग ने 8,54,170 वोट हासिल कर आईएनडीआईए (विपक्षी गठबंधन) की डॉली शर्मा को 3,36,965 मतों से हराया। वहीं डॉली शर्मा को 5,17,205 वोट मिले थे। बता दें कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार शाम लोकसभा में बतौर संसद सदस्य शपथ ली। शपथ लेते समय राहुल गांधी के हाथ में संविधान की प्रति थी। इस दौरान कांग्रेस सांसदों ने उनके समर्थन में जमकर नारेबाजी की और 'भारत जोड़ो' के नारे लगाए। उन्होंने अंग्रेजी में शपथ ली और इस दौरान संविधान की प्रति भी दिखाई। शपथ लेने के उपरांत राहुल गांधी ने 'जय हिंद, जय संविधान' कहा। राहुल गांधी के शपथ लेने के दौरान कांग्रेस सांसदों ने टेबल थपथपाकर उनका स्वागत किया।

### बिरला के स्पीकर उम्मीदवार घोषित होने से हर्ष व्याप्त

**कोटा।** राजस्थान में कोटा में ओम बिरला को एक बार फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से लोकसभा अध्यक्ष उम्मीदवार घोषित किये जाने पर लोगों में खासतौर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

श्री बिरला के लोकसभा अध्यक्ष का उम्मीदवार घोषित होने के बाद कोटा में भाजपा के उत्साही कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा किया। उल्लेखनीय है कि श्री बिरला लगातार तीसरी बार कोटा-बूंदी संसदीय सीट से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए हैं। दूसरी बार कोटा से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद वह पहली बार निर्विरोध लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। कांग्रेस के बलराम जाखड़ के बाद वह राजस्थान से दूसरे लोकसभा अध्यक्ष बने थे।